kanwhizztimes

@kanwhizztimes

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-186 ❐ गुरुवार, 07 अगस्त 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12




कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन जन-जन की सेवा के प्रति हमारे अटूट संकल्प और निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। यह ना केवल हमारी नीतियों और योजनाओं को लोगों तक तेजी से पहुंचाने में मददगार बनने वाला है, बल्कि इससे देश के विकास को भी एक नई गति मिलेगी। नरेन्द्र मोदी


एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन जाएंगे मोदी 11

स्वर्णिम मध्य प्रदेश विजन 2047 के तहत हुआ आयोजन 12


## संक्षेप

### दिव्यांगजनों के भरण-पोषण भत्ते में 100 प्रतिशत की वृद्धि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों/संस्थाओं में निवासरत दिव्यांग संवासियों के भरण-पोषण भत्ते की राशि को 2000 रूपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 4000 रूपए प्रतिमाह कर दिया गया है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि भरण-पोषण भत्ते में की गई यह बढ़ोतरी दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए बड़ी राहत है। प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, पूर्व में 25 अप्रैल 2016 को जारी शासनादेश को संशोधित करते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस निर्णय की सूचना प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, मंडलीय उपनिदेशकों, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारियों, विभागीय प्रशिक्षण केंद्रों व आश्रयगृहों के अधीक्षकों तथा राजकीय विशेष विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दे दी गई है ताकि लाभार्थियों को समय पर इसका लाभ मिल सके।

### सपा जिला पंचायत सदस्य नकली नोटों की तस्करी में गिरफ्तार


**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में पुलिस ने समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य राजा मान सिंह को नकली नोटों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बुधवार को बताया कि राजा मानसिंह नकली नोटों का कारोबार करता है, कई प्रभावशाली लोगों को जमीन के कारोबार में सब्जबाग दिखाकर निवेश करवाता है, जमीन के कारोबार मे लोगों से नकद पैसा लेता और बोगस करंसी को इसी माध्यम से बाजार में चलाता है। जमीन में निवेश हुए धनराशि को मांगने पर धमकी देना जैसे कई गंभीर आरोप पुलिस ने लगाया है। उन्होने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों की जनसुनवाई के दौरान एक भुक्तभोगी ने राजा मान सिंह एवं उनके परिवार की लिखित शिकायत की थी हुई थी। थाना पुराकलंदर पुलिस इसी आधार जांच की तो इन सभी मामलों का खुलासा हुआ। पूराकलंदर पुलिस व क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम ने हिस्ट्रीसीटर बदमाश सपा नेता मानसिंह समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया।

### स्वामी प्रसाद के साथ अभद्रता, दो हिरासत में

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली शहर के मिल एरिया इलाके में आये पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या के साथ अराजक तत्वों ने अभद्रता और दुर्व्यवहार किया जिसके बाद कार्यकर्ताओ ने अराजक तत्वों को जमकर पीटा। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, अमित सिंह ने बताया कि आज दोपहर करीब पौने एक बजे स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ कुछ अराजक तत्वों ने मिल एरिया इलाके में शहर के एक होटल के पास उनके स्वागत के दौरान दुर्व्यवहार और अभद्रता की थी जिसके कारण मौर्य की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दो युवकों की जमकर धुनायी कर दी। हालांकि पुलिस ने हस्तक्षेप कर घायल युवकों को हिरासत में ले लिया।

# ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर लगाया 25% अतिरिक्त शुल्क, कुल शुल्क 50% हुआ

एजेंसी



❐ रूस से तेल खरीदने वाले अन्य देशों पर भी होगी कार्रवाई

कोई भी पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने पर भी कार्रवाई की चेतावनी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत पर टैरिफ बम फोड़ने की घोषणा की है। बुधवार शाम को ट्रंप की तरफ से भारत पर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाने का कार्यकारी आदेश साइन किया गया है। अमेरिका की तरफ से कहा गया कि यह फैसला भारत द्वारा रूसी तेल की लगातार खरीद के जवाब में लिया गया है। इसके साथ ही भारत पर अमेरिका ने कुल 50% टैरिफ की घोषणा कर दी है।

दरअसल, इससे पहले अमेरिकी की तरफ से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और पेनल्टी की घोषणा की गई थी। इसके पीछे की वजह ट्रंप ने रूस से तेल खरीदना बताया था। ट्रंप द्वारा साइन के गए आदेश के अनुसार, यह टैरिफ 21 दिनों के भीतर प्रभाव में आएगा, यानी 27 अगस्त 2025 से भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर लागू होगा। हालांकि, वे वस्तुएं जो इस तारीख से पहले रवाना हो चुकी होंगी और 17 सितंबर 2025 से पहले अमेरिका पहुंच जाएंगी, उन्हें इस शुल्क से छूट मिलेगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह टैरिफ अन्य सभी शुल्कों और टैक्स के अतिरिक होगा और कुछ खास मामलों में छूट भी दी जा सकती है। ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिया है कि यदि कोई और देश भी रूस से परोक्ष या सीधे तौर पर तेल आयात करता है, तो उस पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही, यदि रूस या कोई अन्य प्रभावित देश अमेरिका की नीतियों के अनुरूप कदम उठाता है, तो इस आदेश में बदलाव भी संभव है।

इस आदेश का आधार वर्ष 2022 में घोषित वह राष्ट्रीय आपातकाल है, जिसमें अमेरिका ने रूस की यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई को देखते हुए रूसी तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाया था। अब राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि भारत इस प्रतिबंध को दरकिनार करते हुए रूस से तेल खरीद जारी रखे हुए है, जिससे रूस को आर्थिक लाभ मिल रहा है। इसी वजह से भारत पर यह टैरिफ लगाया गया है।

नए आदेश के अनुसार, यह अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद, यानी 27 अगस्त 2025 से लागू होगा। इसका मतलब है कि भारत से अमेरिका भेजे गए वे माल जिनका आयात 27 अगस्त से किया जाएगा, उन पर 25% अतिरिक्त टैक्स लगेगा। हालांकि, वे सामान जो इस तिथि से पहले जहाज में लादे जा चुके हैं और जो 17 सितंबर 2025 से पहले अमेरिका पहुंच जाएंगे, उन्हें इस शुल्क से छूट दी जाएगी।

यह शुल्क अन्य सभी टैक्स, शुल्क और सेस के अलावा लागू होगा। हालांकि, कुछ खास वस्तुएं और परिस्थितियां ऐसी हो सकती हैं, जिन्हें पहले से ही छूट प्राप्त है या जिन्हें आने वाले आदेशों के तहत छूट मिल सकती है। इसके अलावा, कुछ कानूनी मामलों में, जैसे विदेशी व्यापार क्षेत्र से जुड़ी वस्तुएं, उन्हें विशेष दर्जा देना होगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस आदेश में यह भी कहा है कि यदि कोई और देश रूस से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से तेल खरीदता पाया गया, तो उस पर भी इसी तरह के टैरिफ या प्रतिबंधात्मक कदम उठाए जाएंगे। वाणिज्य मंत्री इस संबंध में जांच करेंगे और विदेश मंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति को आगे की कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी। यदि रूस या कोई अन्य प्रभावित देश अमेरिका के इस आदेश के विरोध में प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में बदलाव कर सकते हैं। इसी तरह, यदि रूस अपने रवैये में बदलाव लाकर अमेरिका की विदेश नीति और सुरक्षा के अनुरूप कदम उठाता है, तो इस टैरिफ को हटाने या कम करने पर भी विचार किया जा सकता है। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि रूसी तेल का मतलब सिर्फ रूस से निर्यात किया गया तेल नहीं है, बल्कि ऐसा कोई भी तेल या पेट्रोलियम उत्पाद है जो रूस में तैयार हुआ हो, या किसी तीसरे देश के माध्यम से भारत द्वारा खरीदा गया हो और उसका स्रोत रूस हो। यह निर्णय तेल की परोक्ष खरीद को भी प्रतिबंधित करने की मंशा से लिया गया है। आदेश में यह भी जोड़ा गया है कि यदि इस आदेश का कोई भी हिस्सा कानूनी रूप से अमान्य घोषित किया जाता है, तो इसका बाकी हिस्सा प्रभावित नहीं होगा। यह आदेश किसी व्यक्ति को अमेरिका की अदालत में जाकर इसके क्रियान्वयन के लिए कोई विशेष अधिकार नहीं देता।

# वैश्विक वृद्धि में भारत का योगदान अमेरिका से कहीं अधिक: आरबीआई

एजेंसी



❐ रिजर्व बैंक ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बीच रेपो दर, विकास अनुमान स्थिर रखा

❐ गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 'डेड इकनॉमी' पर दिया जवाब

मुंबई। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'बहुत अच्छा' प्रदर्शन कर रही है और वैश्विक वृद्धि में अमेरिका से कहीं अधिक योगदान दे रही है।

मल्होत्रा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि वैश्विक वृद्धि दर तीन प्रतिशत रहने का अनुमान है। मल्होत्रा ने यहां द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हम वैश्विक वृद्धि में करीब 18 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं, जो करीब 11 प्रतिशत योगदान देने वाले अमेरिका से कहीं अधिक है।' ट्रंप ने भारत के रूस से सस्ते तेल की खरीद जारी रखने पर पिछले हफ्ते नाखुशी जाहिर करते हुए भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताया था। ट्रंप ने कहा था, ''मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को साथ लेकर डूब सकते हैं। इस बयान से भारत-अमेरिका संबंधों पर असर पड़ने की आशंकाओं के बारे में पूछे जाने पर मल्होत्रा ने कहा कि ऐसी किसी भी स्थिति में भारत में महंगाई पर असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर भारत को अपनी तेल खरीद रूस के बजाय कहीं और से करने के लिए मजबूर किया गया तो भी उसका घरेलू मुद्रास्फीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने संकेत दिए कि यदि जरूरत पड़ी तो सरकार शुल्क में कटौती कर आम लोगों को राहत दे सकती है। वहीं, आरबीआई की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा कि भू-राजनीतिक परिस्थितियों का प्रत्यक्ष प्रभाव घरेलू मुद्रास्फीति पर नहीं होगा। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह सदस्यीय समिति की तीन दिन चली बैठक के बाद बुधवार को बताया कि घरेलू स्तर पर अच्छे मानसून और आगामी त्योहारी मौसम को देखते हुये अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी रहेगी। हालांकि वैश्विक मोर्चे पर परिस्थितियाँ 'चुनौतिपूर्ण' हैं और नीति निर्माताओं के समक्ष कठिन कार्य है।

रेपो दरों के साथ अन्य नीतिगत दरों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। स्टैंडिग डिपॉजिट फैसिलिटी दर 5.25 प्रतिशत पर और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी दर ● शेष पेज 11 पर

# दुनिया को विविधता अपनाने वाले धर्म की जरूरत: भागवत

एजेंसी

❐ जैसे कि हिंदू धर्म कहा- आम लोगों ने भी धर्म के लिए बलिदान दिया



नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि दुनिया को उस धर्म की जरूरत है जो विविधताओं को अपनाए, जैसे कि हिंदू धर्म। उन्होंने कहा कि धर्म हमें अपनापन और विविधताओं को स्वीकार करना सिखाता है।

भागवत ने कहा, 'हम विविध हैं, लेकिन अलग नहीं हैं। अंतिम सत्य यह है कि हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन वास्तव में हम एक ही हैं।' वे नागपुर में धर्म जागरण न्यास के नए कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हर किसी ने फिल्म 'छावा' देखी है जो छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। केवल महान लोग ही नहीं, आम लोगों ने भी धर्म के लिए बलिदान दिया है। भागवत ने कहा कि धर्म सत्य है और पुण्य कार्य है, जो समाज में शांति बनाए रखने में सहायक होता है। धर्म के मार्ग पर जिम्मेदारी के साथ चलने से व्यक्ति को संकट के समय साहस और रास्ता खोजने का संकल्प मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि समारोह में संघ प्रमुख ने धर्म के महत्व और समाज में इसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की और लोगों से आह्वान किया कि वे धर्म के मूल सिद्धांतों को जीवन में उतारें। सितंबर 2021 में मुस्लिम विद्वानों के एक कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था- भारत ● शेष पेज 11 पर

# रक्षाबंधन से पहले 36 लाख निराश्रित महिलाओं को दी 1115 करोड़ पेंशन


कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ सरकार ने प्रदेश की निराश्रित महिलाओं को दिया रक्षाबंधन और जन्माष्टमी का तोहफा

❐ वतीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में योजना के तहत 35 लाख से अधिक लाभार्थी महिलाओं को मिल चुकी है पेंशन की राशि

❐ पात्र महिलाएं ऑनलाइन आवेदन कर समय पर प्राप्त कर सकती हैं पेंशन की राशि

महिलाओं की सामाजिक समानता और सम्मान को बढ़ावा दे रही योगी सरकार




लखनऊ। प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर से पहले निराश्रित महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, महिला कल्याण विभाग ने पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) की ?1115.64 करोड़ रुपये की धनराशि 36,75,623 लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी है। जिससे उन्हें त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाने में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। निराश्रित महिला पेंशन योजना महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अहम निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की ऐसी महिलाएं, जिनके पति की मृत्यु हो चुकी है, उत्तर प्रदेश की स्थायी निवासी हैं और जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है, उनको प्रतिमाह ?1000 की पेंशन प्रदान की जाती है। योजना की पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सके इसके लिए पेंशन की राशि सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से हस्तांतरित की जाती है। त्योहारों के मद्देनजर योगी सरकार ने समय के पहले भेजी पेंशन की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में इस योजना के तहत 35,78,111 लाभार्थी महिलाओं को ?1062.15 करोड़ की धनराशि प्रदान की गई थी। दूसरी तिमाही में सरकार ने सक्रियता दिखाते हुए 36,75,623 महिलाओं को ?1115.64 करोड़ की राशि अगस्त के पहले सप्ताह में ही हस्तांतरित कर दी। यह कदम रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे पर्वों से पहले महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, ताकि वे अपने परिवार के साथ उत्सव को पूरे ● शेष पेज 11 पर

# यूपी को जुलाई में मिला 18394.27 करोड़ राजस्व: सुरेश खन्ना

लखनऊ। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि इस साल जुलाई में यूपी को 18394.27 करोड़ रुपये राजस्व मिला है। पिछले वर्ष जुलाई में 17304.60 करोड़ मिला था। मुख्य कर राजस्व में 72346.08 करोड़ मिला है। निर्धारित लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत है। उन्होंने बुधवार को बताया कि इस साल जुलाई में जीएसटी में 6949.01 करोड़ रुपये मिला है। पिछले साल 6804.46 करोड़ मिला था। वैट में इस साल 2818.36 करोड़ और पिछले साल 2644.37 करोड़ मिला था। आबकारी में इस साल जुलाई में 4354.28 करोड़ और पिछले साल 3952.53 करोड़ मिला था। स्टांप तथा निबंधन में इस साल 3112.26 करोड़ और पिछले साल 2762.50 करोड़ मिला था। उन्होंने बताया कि परिवहन से इस साल जुलाई में 860.93 करोड़ और पिछले साल 902.55 करोड़ मिला था। भू-तत्व तथा खनिकर्म में 299.43 करोड़ और पिछले साल 238.19 करोड़ रुपये मिला था। उन्होंने बताया कि इस साल जुलाई में ● शेष पेज 11 पर

## बिहार में हटाए गए 65 लाख मतदाताओं के नाम

# शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से शनिवार तक मांगी जानकारी

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश दिया है कि वह बिहार के ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटाए गए करीब 65 लाख मतदाताओं की पूरी जानकारी 9 अगस्त तक पेश करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह जानकारी उन राजनीतिक दलों के साथ-साथ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) नाम की एनजीओ को भी दी जाए, जिसने इस मुद्दे पर याचिका दाखिल की है।

चुनाव आयोग ने बिहार में 24 जून को 'विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर)' शुरू किया था। इसके तहत 1 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई, जिसमें 7.24 करोड़ मतदाता दिखाए गए। लेकिन इसमें से 65 लाख से अधिक वोटरों के नाम हटा दिए गए। चुनाव आयोग का कहना है कि ये लोग या तो मर चुके हैं, दूसरी जगह स्थायी रूप से चले गए हैं, या दो जगहों पर नाम था। जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुयान और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा, 'हमें हर उस वोटर की जानकारी चाहिए जिसका नाम हटाया गया है। ये देखें कि किस आधार पर नाम हटे हैं।' वहीं एनजीओ की तरफ से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि, 'राजनीतिक पार्टियों को हटाए गए वोटरों की ● शेष पेज 11 पर

# सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थीं पिछली सरकारें: योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बरेली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पिछली सरकारें सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थीं।

बरेली में 2264 करोड़ रुपये की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के अवसर पर उन्होने कहा कि कुछ असमाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं। यह यात्रा अब सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ गलियारे में जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किये।

योगी ने कहा कि लोगों की भावनाओं के वितरीत कांवड़ यात्रा को बदमान करने का कुत्सित प्रयास किया गया, लेकिन आज कांवड़ यात्रा की सफलता जागरुक समाज और बेहतरीन कानून-व्यवस्था से उन लोगों के मंसूबों पर पानी फ़ेर दिया। डबल इंजन की भाजपा सरकार विरासत को विकास के साथ जोड़ कर काम कर रही है। 2017 से पहले बरेली हर तीसरे महीने दंगों की आग में जलता था, अब वह नाथ कॉरिडोर और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अब किसी योजना में जाति, मजहब या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। यह नया भारत है, जो सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। आज बरेली में तेजी के साथ विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती पूरी हुई है, जिसमें 12,000 से अधिक बेटियों ● शेष पेज 11 पर

### योगी ने सपा को बताया 'कौरव दल'

**मुरादाबाद।** पीतलनगरी मुरादाबाद में विकास योजनाओं की सौगात लेकर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) को 'कौरव दल' की संज्ञा दी। पहले 'कौरव दल' चाचा, भतीजा, भाई, काका, नाना के साथ वसूली में जुट जाता था, लेकिन 2017 के बाद जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भर्ती और ट्रांसफर में कोई धन उगाही नहीं हो सकती। पिछले आठ वर्षों में 2 लाख 16 हजार पुलिस भर्तियां पारदर्शी तरीके से हुईं, जिनमें 60,244 नई भर्तियों में 12,245 बेटियों को शामिल किया गया। योगी ने कहा, ''जो पैसा लेगा, वह जेल में सड़ेगा। योगी ने कहा कि सपा सरकार ने शिक्षा में नकल को जन्मसिद्ध अधिकार बना दिया था, जिसके कारण युवाओं के सामने पहचान का संकट पैदा हो गया था। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, 'श्रद्धेय कल्याण सिंह ने बच्चों को 'ग से गणपति' पढ़ाने का कार्य किया, लेकिन सपा सरकार ने 'ग से गधा' पढ़ाने का काम किया।' उन्होंने सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पाठशाला को शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने का प्रयास करार दिया। उन्होने कहा कि सपा ने शिक्षा के मंदिरों को ध्वस्त कर दिया था, लेकिन वर्तमान सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अत्याधुनिक शिक्षा के केंद्र स्थापित कर रही है, जैसे अटल आवासीय विद्यालय और मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत डिजिटल क्लास, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लैब, पेयजल, बालक और बालिकाओं के लिए अलग अलग टॉयलेट बनाये गये हैं। जो भवन जर्जर थे उन्हें शिफ्ट करने के आदेश दिये गये, मगर कांग्रेस और सपा अपने संस्कारों के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने के लिए पीडीए पाठशाला के नाम पर दुष्प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' का एजेंडा था और हर जिले में दंगे भड़काए जाते थे। इसके विपरीत, आज उत्तर प्रदेश दंगा-मुक्त है और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट', 'वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज' और 'वन कमिश्नरी वन यूनिवर्सिटी' जैसे विकासोन्मुखी योजनाओं पर काम हो रहा है। योगी ने सपा पर आतंकियों का समर्थन करने का भी आरोप लगाया।

### मेडिकल कॉलेज और एमबीबीएस संग पीजी सीटों में हुए इजाफा, आयुष शिक्षा को भी मिला बढ़ावा

# आठ साल में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बदली उत्तर प्रदेश की छवि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। वर्ष 2017 से पहले 'बीमारू प्रदेश' कहे जाने वाला उत्तर प्रदेश पिछले आठ वर्षों में स्वस्थ और उत्तम प्रदेश बनकर उभरा है। योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि, एमबीबीएस-पीजी सीटों में विस्तार, सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों और रिसर्च संस्थानों की स्थापना तथा आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देकर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है।

योगी सरकार की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश, आज स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वर्ष 2017 में सत्ता संभालने के बाद से, योगी सरकार ने प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुसार पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 80 मेडिकल कॉलेज संचालित किए गए हैं, जिनमें 44 राजकीय एवं 36 निजी मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, औरैया, चंदौली, गोंडा, सोनभद्र, लखीमपुर खीरी और कौशांबी जैसे जिलों में स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में पठन-पाठन प्रारंभ हो चुका है। वहीं, महाराजगंज, शामली और संभल में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर चिकित्सा शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाया गया है। वहीं प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को मजबूती देने के लिए एमबीबीएस और पीजी सीटों में भी ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। वर्तमान में सरकारी क्षेत्र में 5,250 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं, जबकि निजी क्षेत्र में 6,550 सीटें हैं। योगी सरकार के प्रयासों से आयुष चिकित्सा शिक्षा को भी बढ़ावा मिला है।

अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय और वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। प्रदेश में कुल 2,110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी और 1,585 होम्योपैथिक चिकित्सालय कार्यरत हैं। इसके अलावा, आठ आयुर्वेदिक कॉलेज, दो यूनानी कॉलेज और नौ होम्योपैथिक कॉलेजों के साथ उनके संबद्ध चिकित्सालय भी संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना करते हुए महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना की है।

चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए राजधानी लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट में 'सेंटर फॉर एडवांस मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च फॉर कैंसर' की स्थापना की गई है। इसके अलावा संजय गांधी पीजीआई (एसजीपीजीआई) में डायबिटीज सेंटर की स्थापना के साथ-साथ 500 बेड के एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आईआईटी कानपुर के तहत 500 शैय्या युक्त सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के साथ 'स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी' की स्थापना भी की जा रही है, जो चिकित्सा अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देगा। योगी सरकार ने नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश में स्वीकृत 27 नर्सिंग कॉलेजों में से 25 में निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। साथ ही, नर्सिंग में 7,000 सीटों और पैरामेडिकल में 2,000 सीटों की वृद्धि की गई है।

# मां चांदनी किन्नर की अगुआई में निकली शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। मनकामेश्वर मन्दिर बाबा धनधाम महादेव कोसफरा कोरांव प्रयागराज सेवा समिति आश्रम में चल रही अनवरत कीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में आज नगर पंचायत कोरांव से पूरे क्षेत्र में मां चांदनी किन्नर की अगुआई में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में आगंतुक के रूप में स्वामी अवधेश दास जी महाराज निर्मोही अखाड़ा चित्रकूट धाम उपस्थित रहे। सैकड़ों गाड़ियों के साथ गाजे बाजे के साथ सनातन का प्रचार करते हुए मां चांदनी किन्नर की अगुआई में शोभा यात्रा निकाली गई। चांदनी ने बताया कि 11 जुलाई से चल रही कीर्तन में समस्त क्षेत्र वासियों का सहयोग अपेक्षित है। लोगों से अपील है कि आश्रम में भारी संख्या में लोग उपस्थित हों खासकर 9 अगस्त को विशाल भंडारे में उपस्थित हों। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से मंडलेश्वर शत्रुध्न द्विवेदी बांदा, शिष्य हरिओम दास भोले पटेल, कोठारी चुन्नू द्विवेदी बांदा, सेवक- भोला पटेल, गुलाब सिंह पटेल, कमला सिंह टेंट हाउस, पप्पू बी के पटेल, मुंशी पटेल, छवि नाथ देवी प्रसाद पूर्व प्रधान सलैया, अवधेश, बब्बू पाण्डेय, संदीप कुमार उर्फ कल्लू, एडवोकेट गोविन्द मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## दो इनामी बदमाश गिरफ्तार, भारी मात्रा में बम और असलहा बरामद

**प्रयागराज।** अटाला स्थित बक्शी बाजार में 9 जुलाई की रात हुई बमबाजी की सनसनीखेज वारदात में शामिल दो और वांछित इनामी बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया है। खुल्दाबाद थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए इन आरोपियों की पहचान शेरा उर्फ शाहरूख और साएबा उर्फ टक्कु इजराइल के रूप में हुई है। दोनों अपराधियों पर ?25-25 हजार का इनाम घोषित था।
पुलिस ने इनके पास से दो तमंचे, पांच जिंदा कारतूस, 11 देसी बम, और एक बाइक बरामद की है। ये दोनों आरोपी बक्शी बाजार में बमबाजी की घटना के बाद से फरार चल रहे थे और लगातार अपना ठिकाना बदल रहे थे। पुलिस की विशेष टीमों ने तकनीकी निगरानी और खुफिया सूचनाओं के आधार पर इन्हें धर दबोचा।

## सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। श्री यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा प्रदेश के कई जिले बाढ़ से जूझ रहे है। लाखों की आबादी के सामने खाने-रहने, दवा, इलाज का संकट है। सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। बाढ़ से खेती-बाड़ी, जानवर और फसलों का बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। सरकार नुकसान भरपाई के लिए तैयार नहीं है। बाढ़ पीड़ितों की न प्रयागराज, फतेहपुर, बलिया में मदद हो पा रही है और न तो वाराणसी, हमीरपुर से लेकर अन्य जिलों में कोई मदद हो रही है। 20-20 हजार करोड़ रूपये बजट खर्च हुए उसके बाद भी जलभराव है, सड़कों में गड्ढे है। बाढ़ पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में अराजकता, लूट और भ्रष्टाचार है। सरकार की अकर्मण्यता से आम जनता के साथ सत्तारूढ़ दल के विधायक, मंत्री भी धरना और प्रदर्शन करने पर मजबूर है। किसी की कोई सुनवाई नहीं है। भ्रष्टाचारियों और अराजक तत्वों से प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, महिलाओं, आम जनता सभी को धोखा दिया है। सरकारी बजट को लुटाने के सिवा कोई काम नहीं किया। विकास कार्य नहीं हुए। भाजपा सरकार ने सब कुछ बर्बाद कर दिया।
श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के सभी दावे और वादे झूठे साबित हो चुके है। यह सरकार प्रदेश के लिए अभिशाप बन चुकी है। इसने प्रदेश की जनता को संकट में डाला है। हर विभाग में हर स्तर पर लूट-खसोट और भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश की जनता को विधान सभा चुनाव का इंतजार है।

# आयुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। आयुक्त लखनऊ मंडल रोशन जैकब आईएएस के द्वारा जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में सी एम डैशबोर्ड विकास एवं राजस्व व विभागीय कल्याण कारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राज ने आयुक्त को विन्दुवार जानकारी विकास कार्यों व राजस्व कार्यो की उपलब्ध कराई । आयुक्त ने वर्षा के दृष्टिगत शहरी क्षेत्र में जल जमाव साफ सफाई कचरा प्रबंधन पर निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान चलाकर साफ सफाई कराई जाए ड्रेनेज प्लेन पर आवश्यक कार्यवाही हो सभी अधिशासी अधिकारी भ्रमणशील रहकर कार्य कराएं। कहा उचित स्थान पर कचरा प्रबंधन कराया जाए वर्षा का समय है ड्रेनेज चालू स्थिति में रंहे कहीं पर शिल्ट जमने संबंधी दिक्कत ना हो ड्रेन की सफाई कराते रंहे। निर्वाध विद्युत आपूर्ति के संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में मानक के अनुसार बिजली की सप्लाई हो बिजली संबंधी जो शिकायत आ रही हैं उनका समय पर निस्तारण हो ।

साथ ही बिजली केंद्रों पर एक हेल्प डेस्क लगाएं ताकि उपभोक्ता को परेशान ना होना पड़े। कहा नागरिकों से फीडबैक लें कोई भी दिक्कत नहीं आनी चाहिए व्यवस्था सुधार करें बिल का सही मिलान करें किसी भी गरीब को परेशान ना होना पड़े। वर्षा का समय है बिजली संबंधी कोई भी दिक्कत ना हो दिक्कत आने पर त्वरित समाधान निकालें। जिस एरिया में ज्यादा बिजली संबंधी शिकायतें हैं वहां पर कैंप लगाकर निस्तारण करें । एकीकृत बागवानी विकास मिशन के संबंध में जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बागवानी का जो लक्ष्य तय किया गया है उसको प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें आम निर्यात में के लिए भी कार्य करें। किसानों का क्लस्टर बनाएं अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण करा कर एफपीओ के रूप में संगठित करें। सभी उत्पादकों को बेहतर मार्केटिंग प्रशिक्षण पैकेजिंग सप्लाई के संबंध में जानकारी दें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसान सम्मन निधि योजना पीएम कुसुम योजना के संबंध में उपनिदेशक कृषि से जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई कर किसानों को लाभ दिए जाने की प्रति निर्देशित किया। नकली उत्पादों दवाओं और रसायनों पर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। स्वयं सहायता समूह के बैंक लिंकेज के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा की लक्ष्य के समूह सापेक्ष लिंकेज करने का कार्य कर लिया जाए। लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर और बैंक प्रबंधकों के साथ समन्वय कर कार्य करें।

## प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के पार, 123 वार्ड बाढ़ से प्रभावित

**प्रयागराज ।** जिले में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। 6 अगस्त 2025 की शाम 4 बजे तक गंगा नदी फाफामऊ में 85.15 मीटर और छतनाग में 84.44 मीटर तक पहुँच चुकी है, जो कि खतरे के निशान 84.738 मीटर से ऊपर है। यमुना नदी भी नैनी में 84.90 मीटर पर बह रही है, जो खतरे के निशान से अधिक है। जलस्तर में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है, लेकिन स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। प्रभावित क्षेत्रों की बात करें तो कुल 123 मोहल्ले और गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इनमें सदर क्षेत्र के 50, फुलपुर के 26, करछना के 9, सोरांव के 10, मेजा के 12, बारा के 10 और हंडिया के 6 गांव शामिल हैं। इन क्षेत्रों में कई परिवारों का घर से संपर्क कट गया है और यातायात बाधित हो गया है।
हालांकि, प्रशासन की ओर से फिलहाल केवल आवागमन प्रभावित 68 मोहल्लों की पुष्टि की गई है, जबकि फसलों को नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन ने जिले भर में कुल 97 बाढ़ राहत शिविर चिन्हित किए हैं, जिनमें से फिलहाल 24 शिविर सक्रिय हैं। इन शिविरों में कुल 2172 परिवारों के 9368 लोग शरण लिए हुए हैं। अकेले सदर क्षेत्र में 21 राहत शिविर क्रियाशील हैं, जिनमें ऐनीबेसेन्ट स्कूल, ढ्ढख्रएइ स्कूल, सेंट जोसेफ गर्ल्स स्कूल मम्फोर्डगंज, और ऋषिकुल इंटर कॉलेज प्रमुख हैं। राहत और बचाव कार्यों में 296 नावें और 2 मोटर बोट तैनात हैं। तीनों समय का भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। आज 9368 लंच पैकेट वितरित किए गए, साथ ही 1796 राशन किट बांटे गए। 784 लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया, 577 ओआरएस पैकेट और 994 क्लोरीन टैबलेट बांटी गईं। पशु चिकित्सा की बात करें तो 15 शिविरों में 2450 पशुओं का टीकाकरण और 16 का उपचार किया गया, वहीं 320 कुंतल भूसा भी वितरित हुआ है। जिला प्रशासन ने आपात स्थिति के लिए कंट्रोल रूम नंबर 0532-2641577, 2641578, 2641597, 2641598 और 1077 जारी किए हैं। जनता से अपील है कि वे अफवाहों से बचें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

## अनुसूचित जाति के युवाओं को मिलेगा ?50,000 अनुदान, कलस्टर या समूह में शुरू करें स्वरोजगार परियोजना

**प्रयागराज ।** जिले में अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर आया है। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने बताया कि पीएम-अजय योजना के अंतर्गत ग्रान्ट-इन-एड (आय सृजक योजनाएं) संचालित की जा रही हैं, जिनके तहत प्रति लाभार्थी ?50,000 तक का अनुदान दिया जाएगा। यह योजना उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से लागू की जा रही है। योजना का लाभ वही व्यक्ति उठा सकते हैं जो अनुसूचित जाति के हों, जनपद प्रयागराज के निवासी हों, आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो और पूर्व में निगम या अन्य संस्था से ऋण लेकर चुकता न किया हो। लाभार्थी को साक्षर होना आवश्यक है और उसे समूह/कलस्टर में कार्य करने की इच्छा होनी चाहिए। परियोजना लागत का शेष हिस्सा बैंक ऋण से पूरा होगा और लाभार्थी को स्वयं 5% अंशदान जमा करना होगा। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक अपने ब्लॉक के ग्राम विकास अधिकारी या सहायक विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी अंजिका मोना शर्मा ने दी। समाज कल्याण विभाग द्वारा निर्धन एवं मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए छात्रावास सुविधा हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री रामशंकर पटेल ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रयागराज के विश्वविद्यालयों में नियमित अध्ययनरत छात्र/छात्राएं डॉ. भीमराव अंबेडकर छात्रावास (चांदपुर सलोरी), राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (आईईआरटी परिसर) व चैथम लाइन छात्रावास में आवेदन कर सकते हैं।

## प्रयागराज बिजली विभाग पर लगे दोहरे मापदंड के आरोप, गरीबों पर कार्रवाई, अमीरों को छूट

**प्रयागराज ।** पावर हाउस कल्याणी देवी क्षेत्र में बिजली विभाग की कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि विभाग के अधिकारी, विशेष रूप से एसडीओ और जेई, दिनभर कथित वसूली में लगे रहते हैं और बिजली चोरी के मामलों में चयनात्मक रवैया अपनाते हैं। इलाके के नागरिकों का कहना है कि प्रभावशाली और अमीर लोगों को संरक्षण दिया जाता है, जबकि गरीबों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है। कई मामलों में बिना किसी नोटिस के सीधे कनेक्शन काट दिए गए हैं, जिससे पीड़ित परिवारों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर, रसूखदारों के यहां चल रही अवैध विद्युत आपूर्ति पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। खुल्दाबाद थाना क्षेत्र से जुड़ा एक और मामला सामने आया है, जिसमें विभाग के कुछ अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ अधिकारियों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए सरकारी बिजली का उपयोग कर निजी कारखाने तक चलवा दिए हैं। यह न सिर्फ सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग है, बल्कि आम जनता के अधिकारों का भी हनन है। इन मामलों में विभाग की चुप्पी भी कई सवालों को जन्म दे रही है। अब तक किसी भी अधिकारी ने इस पर स्पष्टीकरण नहीं दिया है। इससे जनता में भारी नाराजगी है।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अनिका गौतम के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम अशिश गौतम दर्ज हो गया जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम अनिका गौतम है। मेरी पुत्री को अनिका गौतम के नाम से जाना व पहचाना जाए। **आकाश कुमार गौतम, निवासी ग्राम मामपुर बाना, तहसील बख्शी का तालाब, जिला लखनऊ।**


# रोजगार मेले में 148 अभ्यर्थी चयनित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वावधान में डा अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, ऊँचाहार, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें पेरेग्रिन गार्डिंग प्रा.लि., टाटा मोटर्स लि. ब्राइट फ्यूचर आर्ग्रेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक, पुखराज हेल्थ केयर, इन्स्टा ह्यूमन्स मैनेजमेण्ट प्रा.लि., एसपीएनएन बिजनेस सर्विस प्रा.लि., हनुमन्त विजय , शिवशक्ति बायोटेक्नॉजी प्रा0लि0, द्वारा विभिन्न पदों हेतु उपस्थित प्रतिभागियों का साक्षात्कार किया गया जिसमें से 148 प्रतिभागियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया।

रोजगार मेले का शुभारम्भ जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के उद्देश्य एवं प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से बताया गया। सुश्री तनुजा यादव, रोजगार मेला प्रभारी द्वारा प्रतिभाग करने वाली कम्पनी के पदों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुषमा द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के प्रयास की सराहना की गयी और यह आशा व्यक्त की गयी कि कार्यालय द्वारा भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाते रहेंगे जिससे विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके। महाविद्यालय के डॉ. अर्चना, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. बालेन्द्र सिंह, डॉ. गौतम गुप्ता, डॉ. नीता एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के धीरेन्द्र कुमार, विजय कुमार, मो जमीर, रामेन्द्र कुमार पाण्डेय (वाई.पी) द्वारा मेले के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

# बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री, प्रशासन ने की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज में लगातार हो रही बाढ़ की स्थिति के बीच, आज प्रयाग व्यापार मंडल, जिला महिला व्यापार मंडल और व्यापार मंडल की विभिन्न इकाइयों ने मानवीय सेवा का परिचय देते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री का वितरण किया। यह पहल चीफ रेवेन्यू ऑफिसर कुंवर पंकज निगम, एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा और जॉइंट जीएसटी कमिश्नर अच्छे लाल विश्वकर्मा व संयुक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार के आह्वान पर की गई।

इस राहत वितरण कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष राणा चावला, महिला इकाई की अध्यक्ष अवंतिका टंडन, सरदार प्रीतम सिंह, सरदार जितेंद्र सिंह, अमरीश खुराना, साहिल अरोरा, शुभम केशरवानी, निखिल मलंग, महामंत्री पल्लवी अरोड़ा, उत्तम केसरवानी, सरदार दिलजीत सिंह बंटी, अरुण त्रिपाठी, रत्नेश, मोहम्मद अकरम, पूजा भुटानी, शिवा, प्रियंका पराशर, मधु सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। राहत सामग्री में 1 लीटर पानी की बोतलों की पेटियां, साबुन, मच्छर अगरबत्ती, चना, बिस्किट, नमकीन, लाई आदि शामिल थे। यह सामग्री स्वयंसेवकों द्वारा सीधे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंदों के बीच वितरित की गई। इस मौके पर चीफ रेवेन्यू ऑफिसर कुंवर पंकज निगम ने कहा, ञ्जप्रयाग व्यापार मंडल द्वारा किया गया यह कार्य समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और कर्तव्य भावना को दर्शाता है। ऐसे सामाजिक प्रयासों से ही सच्ची सेवा संभव है। व्यापारी वर्ग का यह योगदान अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। प्रयाग व्यापार मंडल ने यह भी आश्वासन दिया कि आगे भी इसी तरह से राहत एवं सहायता के कार्य किए जाते रहेंगे।

# दो चरणों में चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

एजेंसी



वाराणसी। भारतीय रेलवे अपने सभी ज़ोन, डिवीजनों और सार्वजनिक उपक्रमों सहित अन्य इकाइयों में दो चरणों में ''स्वच्छता अभियान'' चला रहा है । इसीक्रम में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने आज अपराह्न लहरतारा स्थित न्यू लोको रेलवे कॉलोनी और सामुदायिक हॉल इन्द्रप्रस्थ का स्वच्छता निरीक्षण किया ।

मंडल रेल प्रबंधक श्री जैन ने रेलवे कालोनियों में रहने वाले कर्मचारियों के परिजनों से सीधा संवाद कर उनकी साफ-सफाई की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने रेलवे कालोनी के ड्रेनेज,आवासों के रख-रखाव एवं दैनिक सफाई की जानकारी ली और संबंधित को नाले-नालियों, कालोनी की सड़क ,गार्डे न एवं ओपन एरिया की व्यापक सफाई कराने एवं उसे कायम रखने हेतु दैनिक मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने रेलवे कालोनी में अलग कूड़ेदान लगाकर कचरे के पृथक्करण को प्रोत्साहित करने हेतु, कालोनी परिसर में जल निकायों की सफाई के लिए और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता एवं श्रमदान का आयोजन करने का निर्देश दिया गया ।

# एके शर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



वाराणसी। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने मऊ जनपद के बाढ़ संभावित और संवेदनशील क्षेत्रों – परसिया, हा हा नाला व धरमपुर बिन्दटोलिया का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ की वर्तमान स्थिति और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के इस संकट काल में सरकार जनता के साथ खड़ी है साथ ही हर संभव मदद के लिए तत्पर और सजग भी है।निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलस्तर में किसी भी वृद्धि की स्थिति में तत्काल प्रभाव से सुरक्षात्मक कदम उठाए जाएं, राहत और बचाव दल पूरी तरह मुस्तैद रहें तथा संवेदनशील क्षेत्रों में 24x7 निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

विशेष रूप से बिन्दटोलिया क्षेत्र में हो रही कटान को लेकर मंत्री ने गहरी चिंता जताई और मौके पर ही सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता को तटबंध को पत्थरों से सुदृढ़ करने हेतु कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इस दौरान तटवर्ती लोगों ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि 2021 में बाढ़ के दौरान उन्होंने इस क्षेत्र का निरीक्षण किया था और ग्रामीणों के अनुरोध पर उन्होंने पत्थरों से तटबंध बनाने का आदेश दिया था जिसके फलस्वरुप तटीय किनारों पर पत्थर/ठोकर लगने से इस बार बारिश में काफी राहत है।ग्रामीण जनों ने इस ठोकर को और आगे बढ़ाने का अनुरोध किया जिसके लिए ऊर्जा मंत्री ने उन सबको आश्वस्त किया।उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी स्तर समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री शर्मा सीधे बस्तियों में पहुंचे, आम नागरिकों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि वहां तुरंत कैंप लगाकर सभी शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जाए।उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन की पूरी टीम हर क्षण उनके साथ है – राहत सामग्री, दवाएं, बिजली, पानी, शौचालय जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन , नगर निकाय एवं सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना सं. :** 1189-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 05.08.2025 |
| 2. | **कार्य का नाम :** डीजल शेड, आलमबाग, लखनऊ में SIO कार्यालय के सामने पाँच कमरे के साथ नए शेड का निर्माण और सब-असेंबली एवं बोगी सेक्शन की एपॉक्सी फ्लोरिंग के साथ शेड के विस्तार के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 44,98,555.63/- (चौवालीस लाख अठ्ठानवे हज़ार पांच सौ पचपन रुपये एवं तिरेसठ पैसा मात्र) |
| 4. | **ई-निविदा की कीमत :** शून्य |
| 5. | **बयाना राशि :** रु. 90,000/- (नब्बे हज़ार रुपये मात्र) |
| 6. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह |
| 7. | **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 29.08.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | **प्रस्ताव की वैधता :** ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सं.: 1189-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक: 05.08.2025 2384/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सपा की बैठक में मलिहाबाद में पीडीए सम्मेलनों को सफल बनाने की बनी रणनीति



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ । समाजवादी पार्टी के काकोरी स्थित विधानसभा कार्यालय पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौके व संचालन ब्लाक अध्यक्ष संदीप सिंह यादव ने किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य जिलाध्यक्ष जय सिंह 'जयन्त' ने कहा कि 5 सितम्बर को मलिहाबाद में सोनू कनौजिया,12

सितम्बर को काकोरी में सीएल वर्मा व 15 सितम्बर को माल ब्लाक में राजबाला रावत द्वारा आयोजित बूथ स्तर पर आयोजित पीडीए सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनायें और साथ ही विधानसभा क्षेत्र मलिहाबाद,मोहनलालगंज एवं सरोजनीनगर व बीकेटी में आयोजित होने वाले पीडीए सम्मेलन की तैयारियों हेतु पदाधिकारियों को निर्देश दिये।विधानसभा क्षेत्र की बैठकों में वरिष्ठ नेताओं एवं जिला पदाधिकारियों को सम्मिलित रहने एवं सभी विधानसभाओं की नगर पंचातय कमेटियों,ब्लाक कमेटियों एवं वार्ड कमेटियों का सक्रिय कर प्रत्येक पोलिंग बूथ को और अधिक मजबूत किया जाये।साथ ही पार्टी द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में जिले के सभी फ्रन्टल संगठनों की सक्रिय सहभागिता हो। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव रामगोपाल यादव,सरोज यादव,विजय सिंह यादव,रामलखन चैरसिया,राशिद अली,विजयश्री गौतम,पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, लटीबी सिंह,वसी अहमद खान,इस्तियाक अहमद,रमेश सिंह 'रवि',सोनीश कुमार मौर्या,ओपी यादव,राजकुमार यादव,आकाश रावत,मोईन खां, वीरेंद्र प्रताप सिंह,हरिशंकर यादव,रवींद्र यादव,पिन्नू यादव,संतोष यादव,श्यान अख्तर अल्वी,मोहम्मद इब्राहिम मंसूरी,राम सिंह यादव प्रताप,मनोज यादव,इंजीनियर मनीष यादव सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवध बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने परिवार संग किए मां चंद्रिका देवी के दर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उच्च न्यायालय इलाहाबाद,खंडपीठ लखनऊ अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर ऐतिहासिक जीत के उपरान्त पं.एस.चन्द्रा ने सपरिवार बख्शी का तालाब कठवारा स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर पहुंचकर मातारानी का दर्शन,पूजन कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं इस अवसर पर अधिवक्ता नागेन्द्र सिंह चौहान ने अंगवस्त्र व पुष्प भेंट कर अध्यक्ष पं.एस.चन्द्रा का स्वागत किया।

# घर लौटते समय सड़क हादसे में मजदूर की मौत दूसरे दिन घर पहुंचा शव , छा गया मातम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**समेसी से मजदूरी करने बहराइच गया था युवक घर लौटते समय डीसीएम ने मारी टक्कर**

नगराम, लखनऊ। बीते मंगलवार की शाम नगराम थाना क्षेत्र के समेसी गांव निवासी आशीष कुमार प्रजापति (22) का सड़क हादसे में मौत हो गई , दूसरे दिन बुधवार को जिला अस्पताल बाराबंकी जनपद से पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतक के पिता राजा राम के मुताबिक उनका बेटा आशीष बहराइच में मजदूरी करता था , उनका बेटा आशीष बीते मंगलवार को दोपहर बाद बहराइच से बाइक से घर के लिए निकला था और सड़क हादसे का शिकार हो गया मसौली थाना पुलिस के मुताबिक लगभग 8:30 वह जैसे ही बाराबंकी जनपद के मसौली थाना अंतर्गत पशुड़िया मोड के पास पहुंचा था की तभी डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमे आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि मसौली थाना पुलिस ने आनन फानन में एंबुलेंस की मदद से घायल अवस्था में आशीष को जिला अस्पताल बाराबंकी पहुंचाया , जहां डॉक्टरों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। इधर मसौली पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है जबकि डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया।

**परिवार में मचा कोहराम**

आशीष का दूसरे दिन बुधवार को जब पोस्टमार्टम के बाद शव भवानी खेड़ा मजरा समेसी गांव पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया मृतक मजदूरी कर परिवार का सहारा बना हुआ था। उसकी असमय मृत्यु से पत्नी शालिनी समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के दो बच्चे हैं बेटा आदर्श 2 वर्ष और बेटी आराध्या 9 माह की है। बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया जिससे परिवार व पूरे गांव में मातम छा गया।

# यूपी: प्रदेश के 17 जिलों में कल भारी बारिश का अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पश्चिमी तराई इलाकों में पिछले दो दिनों में भारी बरसात के बाद मानसून बृहस्पतिवार को प्रदेश के दक्षिणी हिस्से, विंध्य क्षेत्र और पूर्वांचल का रुख करेगा। इसके बाद तराई इलाकों में दोबारा बरसात होगी। मौसम विभाग के मुताबिक बांग्लादेश के ऊपर बने सिस्टम की सक्रियता बढ़ने से प्रदेश में बारिश का सिलसिला अभी कुछ और दिन और जारी रहने वाला है।

मंगलवार और बुधवार को पश्चिमी-तराई में भारी बारिश देखने को मिली। बिजनौर में सर्वाधिक 190 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं बरेली में 160 मिमी, मुरादाबाद में 150 मिमी बरसात हुई। पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर आदि में भी अच्छी बारिश हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बांग्लादेश के ऊपर और बंगाल की खाड़ी में निचले और मध्य क्षोभमंडल में अभी एक द्रोणी मौजूद है। पूर्वा हवाओं के साथ प्रतिक्रिया करने की वजह से बृहस्पतिवार को मानसूनी बारिश प्रदेश के दक्षिणी हिस्से, विंध्य क्षेत्र और पूर्वांचल की ओर शिफ्ट होगी। इसके बाद तराई इलाकों में दोबारा बारिश होगी। प्रदेश के विभिन्न इलाकों में फिलहाल रुक रुक कर बरसात होती रहेगी।

इन जिलों में है भारी बारिश की चेतावनी

प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या व आसपास के इलाकों में।

# वायरल हुई वीडियो में ट्रैफिक सिपाही ही दे रहा युवक को गाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अधिकारियों में कार्रवाई को लेकर असमंजस**

गोसाईगंज लखनऊ । सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र खुर्दही के पास स्थित जलसा रिसॉर्ट के सामने तैनात ट्रैफिक सिपाही ने एक युवक द्वारा उसके मारपीट व अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है।हालांकि वायरल वीडियो में सिपाही द्वारा ही युवक के साथ अभद्रता की जा रही है।जिसके चलते कार्रवाई किसपर की जाए इस बात को लेकर अधिकारी असमंजस में है। ट्रैफिक में तैनात सिपाही गेंदालाल के अनुसार वह मंगलवार को जलसा रिसोर्ट के सामने ड्यूटी कर रहे तभी एक मनोज नामक व्यक्ति द्वारा उनके साथ मारपीट की गई थी तथा उनकी वर्दी फाड़ दी गई थी।जिसकी शिकायत उन्होंने थाने पर की थी।लेकिन उनका आरोप है 24 घण्टे बीत जाने के बाद भी थाने पर एफआईआर नही दर्ज की गई।हालांकि इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें साफ़ साफ देखा व सुना जा सकता है कि सिपाही द्वारा खुद उस व्यक्ति में साथ अभद्रता की जा रही है और उसकी बाइक की चाभी जबरदस्ती निकाली जा रही है।वहीं सूत्रों की माने तो पीड़ित व्यक्ति को पुलिस द्वारा काफी देर तक सुशांत गोल्फ सिटी थाने में बैठाकर रखा गया था लेकिन जब वायलर वीडियो अधिकारियों के संज्ञान में आया तक उसे थाने से छोंड़ दिया गया था।इस मामले कार्रवाई किस पर की जाए इस बात को लेकर अधिकारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।हालांकि सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज के अनुसार मामले की जांच की जा रही है जो भी गलत होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश उन्नत की ओर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदिनाथ के नेतृत्व में देश उन्नत की ओर बढ़ रहा है आज कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जिसका विकास ना हो रहा हो किसानों व्यापारियों महिलाओं नौजवानों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का काम किया जा रहा है जनता के विश्वास पर भाजपा खरी उतर रही है यह बात आज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह बब्बू ने कहीं उन्होंने कहा की डबल इंजन सरकार जिन-जिन राज्यों में है वहां चौमुखी विकास किया जा रहा है तकनीकी के क्षेत्र में देश आगे बढ़ रहा है आज देश में निर्मित हथियारों की मांग कई देशों में बढ़ती जा रही है उन्होंने कहा देश की जनता का मत है कि देश को बुलंदियों तक यदि कोई ले जा सकता है तो भाजपा सरकार ही है उन्होंने कहा की आज विपक्षी दलों की कलाई जनता के सामने खुल चुकी है सत्ता के लालच में यह दल देश के खिलाफ ही अनाप-शनाप बयान बाजी कर रहे हैं उन्होंने कहा की पहलगाम की घटना को लेकर भारत देश ने पाकिस्तान को सिंदूर ऑपरेशन के तहत तहस-नहस कर दिया देश के सैनिकों की तारीफ पूरा देश कर रहा है लेकिन विपक्षी दल सैनिक पर ही उंगली उठाने का काम कर रहे हैं कंग्रेस के पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम और अन्य नेता पाकिस्तान को क्लीन चिट देने में लगे हुए हैं कि यह घटना पाकिस्तान के आतंकवादियों ने नहीं किया उन्होंने कहा कि कंाग्रेस का दोहरा चरित्र आज पूरा देश देख रहा है की किस तरीके से तुष्टिकरण मानसिकता को अपनाते हुए देश को बदनाम करने का काम कर रहे हैं उन्होंने कहा देश की जनता ने कभी माफ नहीं करेगी इन्होंने हमेशा जनता को गुमराह कर उनके वोटो के सहारे सत्ता सुख भोग है लेकिन जनता के हित के लिए कुछ भी नहीं किया श्री बब्बू ने कहा आज देश उन्नत के शिखर पर पहुंच रहा है किसानों मजदूरों नौजवानों महिलाओं बुजुर्गों और युवाओं के हितों के लिए अनेक जन कल्याणकारी कार्य किया जा रहे हैं उन्होंने कहां की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिन-रात जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं भाजपा का एक ही मकसद है की कोई भी वर्ग विकास से वंचित ना हो बिना किसी भेद बात के सभी को मुफ्त में अनाज आवास चिकित्सा शिक्षा रोजगार के अवसर प्रदान किया जा रहे हैं आज 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त में अनाज दिया जा रहा है 10 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिए गए हैं देश में करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुद्रा लोन दिया गया है यही नहीं सरकारी और गैर सरकारी विभागों में युवाओं को नौकरी दी जा रही है उन्होंने कहा किसानों को उनकी उपज का दुगना रेट दिया जा रहा है तकनीकी विधि को अपनाकर किसानों को गेहूं धान के साथ-साथ सब्जियां मछली पालन मुर्गी पालन डेरी पालन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है श्री प्रदीप ने कहा कि जनता के बल पर आने वाले बिहार के विधानसभा के चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त कर भाजपा सरकार बनाएंगे इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदीप सिंह बब्बू धनंजय सिंह राणा सोनू सिंह सार्थक प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित थे ।

## अध्यापक के लगातार अनुपस्थित रहने पर उठा रहे सवाल?

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । विकास खंड गोसाईगंज के गांव मलौली के पी एम श्री प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत अध्यापक मंसूर अहमद के लगातार अनुपस्थित रहने की बात पर सवाल उठाए जा रहे हैं।इस मामले को लेकर गांव के निवासी मोती लाल की ओर से ऑन लाइन शिकायतें की गई है।शिकायत कर्ता के अनुसार इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी राम राज की ओर से मंसूर अहमद की ड्यूटी आधार कार्ड बनाने के कार्य में चिनहट बताई जा रही है।इसी लिए मसूर अहमद को मलौली प्राथमिक विद्यालय से कार्यमुक्त किए जाने की बात कही जा रही है।खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कही गई बात ही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीम श्रीवास्तव भी कह रही है लेकिन शिकायत कर्ता इससे संतुष्ट नहीं है।शिकायत कर्ता का कहना है मंसूर अहमद के मलौली प्राथमिक विद्यालय से कार्यमुक्त होने का कोई आदेश तो हुआ होगा वह दिखाया क्यों नहीं जाता है?

## दहेज हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



गोसाईगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता । सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने दहेज हत्या में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है इस मामले में सुशांत गोल्फ सिटी थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित फतेह बहादुर सिंह पुत्र इंद्रजीत सिंह निवासी डी 1360 इंदिरा नगर थाना गाजीपुर लखनऊ के द्वारा दिनांक 5 अक्टूबर को प्रार्थना पत्र दिया गया था कि अनुराग सिंह दामाद जो कि मर्चेंट नेवी में सेकंड ऑफिसर के पद पर नियुक्त है। के द्वारा मेरी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करना वी गर्भपात करा कर मार देने के संबंध में तत्काल मुकदमा 85/89/80(2) व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था इस मामले में सुशांत गोल्फ सिटी टीम गठित करके आरोपी की तलाश कर ही रही थी कि तत्परता दिखाते हुए कारण गिरफ्तारी बताते हुए अनुराग सिंह निवासी स्प्लैश ए/1103 ओमेक्स वायर स्क्रैप सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ मूल निवासी मंगत खेड़ा थाना पूर्व जनपद उन्नाव को उनके स्थान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# जल निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों का दूसरे दिन प्रदर्शन जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पूरी तरह असफल सिद्ध हुआ जल निगम विभाजन का फैसला : एके सिंह**




लखनऊ । राणा प्रताप मार्ग स्थित जलनिगम मुख्यालय पर एकीकृत संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आये सैकड़ों जलनिगम कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।इस धरने को संबोधित करते हुए जल निगम के पूर्व प्रबंध निदेशक रह चुके एके सक्सेना ने कहा कि चार वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश जल निगम के विभाजन का फैसला अदूरदर्शी और घातक साबित हुआ है जिसके कारण हजारों जल निगम कर्मचारियों के परिवार आज भुखमरी की कगार पर हैं और शासन को समझ में नहीं आ रहा है कि तेजी से डूबते जलनिगम को बचाने का क्या उपाय निकाला जाये।

एकीकृत संघर्ष मोर्चा के महासचिव एके सिंह ने धरने पर बड़ी संख्या में मौजूद जल निगम कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज तक सातवें वेतनमान के लाभों से वंचित रखा जा रहा है और चार हजार से ज्यादा फील्ड कर्मचारी उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद वेतन पेंशन के लाभों से वंचित हैं जिसका कोई संतोषजनक जवाब प्रबंधन नहीं दे पा रहा है। इस प्रदर्शन में पेंशन का भुगतान ट्रेज़री के माध्यम से न किये जाने के औचित्य पर ही गंभीर सवाल उठाये गये। सुबह ग्यारह बजे से लेकर शाम चार बजे तक चले इस धरने में लखनऊ, सीतापुर तथा अयोध्या से आये जल निगम कर्मचारियों ने सम्मिलित होकर शक्ति प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करने वाले अन्य प्रमुख वक्ताओं में आरएस यादव,जीके यादव,शिवबचन सिंह यादव, भीमराव,सैयद अतहर कादरी के नाम उल्लेखनीय रहे।

# इंद्रा नहर में डूबे युवक का दूसरे दिन भी नही कुछ पता चल सका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोसाईगंज लखनऊ । सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में मंगलवार को इंद्रा नहर में डूबे युवक को दूसरे दिन एसडीआरएफ टीम को भी कुछ पता नही चल सका। गोसाईंगंज क्षेत्र के अमेठी कस्बे का रहने वाला मोहम्मद शादाब मंगलवार की शाम इंद्रा नहर में नहाने के दौरान उसी में डूब गया था।जिसकी तलाश मंगलवार को स्थानीय गोताखोरों द्वारा को गई थी लेकिन अंधेरा हो जाने व नहर में पानी का अधिक बहाव होने के चलते उसका कुछ पता नही चल सका था।इसके बाद बुधवार को मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम भी पूरे दिन नहर में शादाब की तलाश करती रही लेकिन देर शाम तक उसका कुछ पता नही चल सका है।इस दौरान शादाब के परिजन व रिश्तेदारों के साथ ही अन्य लोग लगातार घटनास्थल पर मौजूद रहे।

# सचिव व अतिरिक्त प्रभार एडीओ पंचायत की दबंगई से ग्राम पंचायतों में सरकारी धन की जमकर लूट

**सभी पंचायतों में मानकों के विपरीत विधि विरुद्ध चहेती फर्मों पर भुगतान लगाकर सरकारी धन का बंदर बांट किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मछरेहटा सीतापुर। विकासखंड मछरेहटा में कार्यरत पंचायत सचिव संदीप कुमार की कार्यशैली कई वर्षों से महा भ्रष्टाचार से लबा-लब दिखाई पड़ रही है। पंचायत सचिव संदीप कुमार के पास दो कलेक्टर की आठ ग्राम पंचायतें सिसेंडी, गेंधरिया ,माधवपुर भेलांवा,बिजुआ मऊ, राजेपारा, मिर्ज़ापुर उत्तरी, मछरेहटा का कार्यभार है। साथ में अतिरिक्त प्रभार के रूप में एडीओ पंचायत की भी कमान सौंपी गई है। उक्त सभी पंचायतों में मानकों के विपरीत विधि विरुद्ध चहेती फर्मों पर भुगतान लगाकर सरकारी धन का बंदर बांट किया गया। सचिव द्वारा अपनी कार्यभार पंचायत से लेकर अन्य पंचायतों में केवल नल रिबोर व नल मरम्मत पर मात्र वर्ष 2024 -25 सत्र में लगभग 50 लाख का भुगतान कराया गया। सूत्रों का दावा है। इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बावजूद भी यदि पंचायतों का जिम्मेदारी से निरीक्षण किया जाए तो दर्जनों नल खराब दिखाई पड़ेंगे। नलों से दूषित पानी निकलता दिखाई पड़ेगा। सवाल यह है जब इतनी बड़ी रकम नल मरम्मत पर वेंडरों को भुगतान की गई। तो नलों से निकला हुआ पुराना सामान कहां गया? उक्त सचिव का प्रशासनिक रुतबा मजबूत होने के कारण शायद तीन वर्षों से अधिक होने पर भी कार्य प्रभार की पंचायतों एवं अतिरिक्त प्रभार एडीओ पंचायत की कुर्सी से स्थानांतरण करने में जिम्मेदारों के हाथ पांव कांपते नजर आ रहे हैं । अनियमितता और मठाधीसी मैं मदमस्त संभ्रांत और प्रतिष्ठित लोगों से शिष्टाचार भी करना सचिव संदीप कुमार की कार्यशैली में नहीं है। देखना यह है कि निरंतर संघर्षशील कर्मठ व ईमानदार खंड विकास अधिकारी द्वारा उक्त सचिव की पंचायतों में हुए भ्रष्टाचार पर क्या कार्यवाही की जाएगी।

## कादीनगर लालपुर मार्ग जर्जर स्कूली बच्चो को विद्यालय जाने मे हो रही परेशानी

ततरोई नैमिषारण्य। ब्लाक मिश्रिख के अन्तर्गत मुख्य मार्ग से जुड़ने वाला लालपुर कादीनगर मार्ग क्षतिग्रस्त है डामर उखड गई है बजरी व पत्थर निकल आए है इससे राहगीरो को समस्या होती है नुकीले पत्थर से वाहन पचंर हो जाते है साईकिल व दोपहिया वाहन चालक फिसल जाते है और काफी चोटिल हो जाते है सड़क पर गडडो की मरम्मत नही कराई है इस मार्ग से करीब दो दर्जन से अधिक गांवो के लोग निकलते है सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चो को होती है स्कूली बच्चो कम से कम पांच सो बच्चे इसी रास्ते से गुजरते है और औरंगाबाद कादीनगर वाली मार्ग बहुत ही जर्जर पडी है कोई अधिकारी इस रास्ता पर ध्यान नही दे रहे है रामनरेश प्रधान कहना है कि सबसे ज्यादा स्कूली बच्चो को दिक्कत होती है और ग्रामीण लोग इसी मार्ग से जैसे कि नीमसार औरंगाबाद मिश्रिख कल्ली चौराहा जोड़ने वाला मार्ग जर्जर पडा है आने जाने मे ग्रामीणो को आवागमन मे बहुत दिक्कत होती है जैसे की आजाद देवेन्द्र कुमार नन्द महेंद्र राघवेन्द्र सिंह चौहान अदि ने मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।

# प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता के जन्मदिन पर सेवा व समर्पण का अनोखा उदाहरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं लखीमपुर खीरी से एमएलसी अनूप गुप्ता के जन्मदिन पर खैराबाद में सेवा और समर्पण का भाव देखने को मिला। नगर पालिका परिषद खैराबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू के नेतृत्व में कुष्ठ रोग आश्रम में फल वितरण कर मानवता का संदेश दिया गया। इस मौके पर अभिषेक गुप्ता बबलू ने नगर पालिका के वार्ड सभासदों के साथ केक काटकर अनूप गुप्ता के दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि अनूप गुप्ता जैसे कर्मठ व जमीनी नेता से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ता निरंतर जनसेवा में जुटे हैं। फल वितरण कार्यक्रम के दौरान कुष्ठ आश्रम के लोगों से बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना गया। अभिषेक गुप्ता बबलू ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी नगर पालिका परिषद हर जरूरतमंद के साथ खड़ी मिलेगी।कार्यक्रम में वार्ड मेंबर समेत कई गणमान्य नागरिक, नगर कर्मचारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे आयोजन में सेवा, सादगी और संवेदना का अद्भुत समावेश देखने को मिला।

# गांव के मुख्य मार्ग पर भरा गंदा बदबूदार पानी, लोगों को हो रही परेशानी

**महीनों से इसी में होकर निकलने पर मजबूर ग्रामीण**

**एक दर्जन घरों के सामने भरा पानी, निकलना दुश्वार ग्राम प्रधान से लेकर मुख्यमंत्री तक लगाई गुहार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। पानी की निकास न होने के कारण काफी दिनों से गांव के मुख्य मार्ग पर बरसात व नालियों का गंदा पानी भरा होने से सैकड़ों की आबादी प्रभावित है। इस बारे में ग्राम पंचायत द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने से यह समस्या और भी बढ़ गई है।दो माह से अधिक समय से घरों के सामने रास्ते पर पानी भरा होने से अब उसमें दुर्गंध भी उठने लगी है जिससे कभी भी संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बन गई है। बिसवां विकास खण्ड के जहांगीराबाद कस्बे में सीतापुर - बहराइच मुख्य मार्ग से पोस्ट आफिस व श्याम श्री हास्पिटल के बीच होता हुआ एक चौड़ा इंटरलॉकिंग खड़ञ्जा मार्ग खान क्लीनिक व गुलशन प्लाईवुड से आगे तक गया हुआ है जिस पर काफी समय से गंदा बदबूदार पानी भरा हुआ है। पानी की निकास न होने से नालियों से निकलने वाला पानी खड़ञ्जा मार्ग पर भरा रहता है। इधर बरसात होने के कारण लगभग 200 मीटर रास्ते पर भारी मात्रा में पानी भरा हुआ है जिसमें होकर निकलना यहां के बाशिंदों के लिए मजबूरी बन गया है। लगभग एक दर्जन घरों के सामने महीनों से गंदा व बदबूदार पानी भरा होने से किसी भी समय संक्रामक रोगों के फैलने के आसार बन गये हैं। घरों के आसपास गंदा पानी भरा रहने से नलों का पानी भी दूषित हो गया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से लेकर मुख्यमंत्री तक प्रार्थना पत्र दिया परन्तु आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। अगर बारिश नहीं थमी तो यहां आसपास के रहने वाले तक हार कर रास्ते पर भरे पानी में नाव चलाकर विरोध जताने की तैयारी में हैं।बताते चलें कि जिम्मेदारों से तालमेल कर जहांगीराबाद के लगभग आधा दर्जन तालाबों को लोगों ने धीरे-धीरे पाट कर कब्जा कर लिया है या कर रहे हैं जिससे बरसात व नालियों का पानी तालाबों में न जाकर गांव के रास्तों पर भर रहा है जिसकी समुचित निकास न होने से काफी समय से यह समस्या बनी हुई है। जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण गांव के तालाब धीरे-धीरे पट रहे हैं, आखिर पानी जाये तो जाये कहां...???? दिन व रात में खान क्लीनिक पर मरीज का इलाज कराने लाने पर भारी कठिनाई होती है। दर्जनों नमाजियों को भी इसी रास्ते पर होकर नमाज पढ़ने जाने में समस्या है। इसके अलावा गुलशन प्लाईवुड व घरों तक जाने में काफी परेशानी हो रही है। तमाम ग्रामीणों ने इस पानी की निकासी के लिए कोई ठोस योजना बनाकर इस नरक से जल्द से जल्द निजात दिलाये जाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी बिसवां सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है परन्तु पानी निकासी के लिए नाला बनवाया जाना है जिसके लिए राजस्व विभाग जगह चिन्हित करेगा।

## लोकतंत्र में लाठी और कालाबाजारी के साए में किसान

सकरन/सीतापुर। कृषि प्रधान भारत में जब किसान अपनी फसल को संवारने के लिए खाद की आस लगाए खड़ा हो, तब उसे जरूरत की चीज़ के बदले लाठियां और निराशा मिले, यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि प्रशासनिक नाकामी का आईना भी है।क्षेत्र की सांडा और नशीरपुर की सहकारी समितियों में यूरिया खाद का पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद किसानों को खाद देने से समितियों के सचिव बचते नजर आ रहे हैं।दिनभर लाइन में लगकर थक चुके किसान खाली हाथ लौट रहे हैं। वहीं सूत्रों की माने तो दूसरी ओर, रात के अंधेरे में यूरिया की बोरियां निजी दुकानों, गोदामों और भवनों से 500 से 600 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से खुलेआम बेची जा रही हैं।ग्रामीणों का कहना है कि समितियों में खाद उपलब्ध होने के बावजूद वितरण में जानबूझकर देरी की जा रही है, ताकि कालाबाजारी को बढ़ावा मिल सके। इस पूरे खेल में कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।बीते दिनों खाद मांगने पहुंचे किसानों पर लाठियां भांज दी गईं। सवाल यह है कि आखिर यूरिया मांगना गुनाह कब से हो गया?

# दांव पर पूर्व और वर्तमान विधायक की साख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मिश्रिख नगर पालिका चुनाव बना सियासी रणभूमि**

**सपा विधायक अनूप गुप्ता भी पीछे नहीं हैं। वे खुद अपने प्रभाव से सपा प्रत्याशी को जिताने में जुटे**

सीतापुर। मिश्रिख-नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव इस बार भाजपा और सपा के लिए प्रतिष्ठा की जंग बन गया है। दोनों ही पार्टियों के वरिष्ठ नेता इस चुनाव को अपनी साख से जोड़कर मैदान में उतर चुके हैं। एक ओर भाजपा विधायक रामकृष्ण भार्गव अपने राजनीतिक कद को बचाए रखने के लिए अपनी बहू सीमा भार्गव को प्रत्याशी बनाकर चुनावी मैदान में उतरे हैं, तो दूसरी ओर सपा विधायक अनूप गुप्ता सपा समर्थित प्रत्याशी को जिताने के लिए हर गली, हर मोहल्ले में पैदल जनसंपर्क कर रहे हैं।नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी के निधन के बाद उपचुनाव की घोषणा हुई है। भाजपा ने मुन्नी देवी की बहू सीमा को प्रत्याशी बनाया है। जबकि सपा की ओर से सुमन चौरसिया मैदान में हैं। यह लड़ाई अब व्यक्तिगत प्रतिष्ठा बन चुकी है क्योंकि मुन्नी देवी को 2023 के चुनाव में टिकट भाजपा विधायक रामकृष्ण भार्गव के समर्थन से मिला था, और उन्होंने सपा समर्थित सुमन देवी को हराया था। अब एक बार फिर वही सुमन चौरसिया चुनावी मैदान में हैं और भाजपा से बदला लेने के मूड में दिखाई दे रही हैं। वहीं रामकृष्ण भार्गव का यह चुनाव सिर्फ बहू का नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक पकड़ और दबदबे का इम्तिहान बन चुका है। सपा विधायक अनूप गुप्ता भी पीछे नहीं हैं। वे खुद अपने प्रभाव से सपा प्रत्याशी को जिताने में जुटे हैं। गुप्ता ने बयान में कहा, नीमगांव में बिना नोटिस के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से स्थानीय लोगों में नाराज़गी है। इस चुनाव में लोग सीमाओं से ऊपर उठकर मतदान करेंगे।ङ्कवहीं भाजपा विधायक रामकृष्ण भार्गव ने कहा, ञ्जमिश्रिख-नीमगांव का तेज़ी से विकास हुआ है और जनता विकास के नाम पर फिर से भाजपा को समर्थन देगी। हमने ऐतिहासिक कार्य कराए हैं।ञ्जपिछली बार मुन्नी देवी ने 4381 वोट पाकर सुमन को 4109 मतों से हराया था। इस बार दोनों खेमों में जबरदस्त तैयारी है। नगर के अस्पताल से लेकर दुकानों तक, हर गली में चुनावी चर्चाएं गर्म हैं।अब देखना दिलचस्प होगा कि इस सियासी अखाड़े में किसका पलड़ा भारी पड़ता है— वर्तमान विधायक की पकड़ या पूर्व विधायक का प्रभाव। पर इतना तय है कि मिश्रिख का यह चुनाव सिर्फ एक चेयर का नहीं, बल्कि दो दिग्गजों की प्रतिष्ठा की असली जंग है।

# अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार समाप्त 7 अगस्त से न्यायालय का करेंगे कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्पूर्ण प्रकरण की नवागत जिलाधिकारी दीपक मीणा से सर्किट हाउस मे वार्ता में सहयोग का आश्वासन दिया तथा कहा कि मुझसे सम्बन्धित समस्या का समाधान 2-3 दिन के अन्दर करा दिया जायेगा**

गोरखपुर। जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के महामंत्री चन्द्र प्रकाश मिश्र ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि साधारण सभा की आवश्यक बैठक आज एसोसिएशन सभागार मे अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।

बैठक मे सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कार्यदायी संस्था वेनसा इन्फास्ट्रैक्चर प्रा लि के कर्मचारीगण ठीकेदार आला वीरा बैकटा नारायन व सचिन यादव उपप्रबन्धक व कार्यदायी संस्था के अन्य लगभग 50 कर्मचारियो के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है सम्पूर्ण प्रकरण की नवागत जिलाधिकारी दीपक मीणा से सर्किट हाउस मे वार्ता में सहयोग का आश्वासन दिया तथा कहा कि मुझसे सम्बन्धित समस्या का समाधान 2-3 दिन के अन्दर करा दिया जायेगा तथा शासन स्तर से सम्बन्धित जो कार्य होगा उसे सम्पन्न कराने का प्रयास किया जायेगा। नवागत जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि हम सभी लोग मिलकर कलक्ट्रेट परिसर के साथ साथ जनपद के उत्थान के लिये कार्य करे। उन्होने कहा कि मैं स्वयं परिसर का निरीक्षण करूंगा तथा पारदर्शी एवं सुलभ एवं त्वरित न्याय सभी को मिले ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी तथा राजस्व अभिलेखागार की समस्याओ का तत्काल निराकरण कराया जायेगा। बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नवागत जिलाधिकारी दीपक मीणा से हुई वार्ता एवं दिनांक 1-8-2025 के घटना की प्राथमिकी दर्ज हो गयी है न्यायिक कार्य बहिष्कार स्थगित किया जाता है।

## फूलबेहड़ पुलिस ने वाछिंत अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, वारंटी अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र इतवारी पासी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र इतवारी पासी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

# साधन सहकारी समिति पर वितरित हुई यूरिया खाद,किसानों ने ली राहत की सांस

**अगस्त माह की 3,4,5,6 तारीखों में पूरा दिन हल्की से भारी बारिश होती रही बारिश होने से किसानों को यूरिया खाद की जरूरत बढ़ी वैसे तो तंबौर बेहटा क्षेत्र में खाद की मारामारी मची हुई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा,सीतापुर। धान रोपाई के बाद भीषण गर्मी व बारिश न होने से किसान परेशान था बहुत से किसान पंपिंग सेट के माध्यम से खेतों में पानी देने का काम शुरू कर चुके थे बहुतक किसान राम भरोसे बदलो पर निगाहे गड़ाए बैठे थे उधर मौसम ने करवट ली और जोरदार बारिश हुई अगस्त माह की 3,4,5,6 तारीखों में पूरा दिन हल्की से भारी बारिश होती रही बारिश होने से किसानों को यूरिया खाद की जरूरत बढ़ी वैसे तो तंबौर बेहटा क्षेत्र में खाद की मारामारी मची हुई है सूत्रों के अनुसार तंबौर क्षेत्र में यूरिया खाद किसानों के अतिरिक्त प्लाई फैक्ट्रियों में एक विशेष प्रकार का केमिकल ग्लू के उत्पाद में प्रयुक्त की जाती है जो जॉच का विषय है वारिश के मौसम में किसानों की लंबी कतारें देखते ही बनती हैं एक समिति पर वितरण की जानकारी पाते ही दूर दराज के किसानों का ताता लग जाता है जहां पर कृषि अधिकारियों के अनुसार खाद की उपलब्धता होने व क्षेत्र में समितियों पर खाद निर्गत होने के बावजूद किसानों को खाद उपलब्ध न हो पाना समिति सचिवों पर प्रश्न चिन्ह बना हुआ है वहीं ब्लॉक बेहटा की साधन सहकारी समिति बसंतापुर में यूरिया वितरण की जानकारी पाते ही किसानों की लाइने लगना शुरू हो गया समिति सचिव पवन कुमार शुक्ला की उपस्थिति में आधार लिंक करते हुए आए हुए किसानों को यूरिया खाद वितरण की गई किसानो में यूरिया खाद पाकर खुशी की लहर दौड़ गई।

## जर्जर स्कूल भवनों पर प्रशासन सख्त , बच्चों की पढ़ाई अब पंचायत भवनों में

सिधौली (सीतापुर)। बारिश के मौसम में स्कूल भवनों की जर्जर स्थिति को लेकर उप जिलाधिकारी सिधौली ने कड़ा कदम उठाया है। एक आदेश जारी कर खंड शिक्षा अधिकारियों व राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि—क्षेत्र के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति की जांच कराई जाए, और जहां भवन जर्जर मिले वहां तत्काल पढ़ाई बंद कर दी जाए। प्रशासन के निर्देश:बच्चों की जान जोखिम में डालकर किसी भी हालत में स्कूल संचालित न किए जाएं।पंचायत भवन, पंचायत सचिवालय या अन्य सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट की जाएं कक्षाएं।सभी विद्यालयों की स्थिति का विवरण फोटो सहित उपलब्ध कराएं।किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी सिधौली ने यह भी कहा कि यदि कोई विद्यालय अत्यंत जर्जर स्थिति में है, तो उसे तुरंत बंद कर उसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजें और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। उप जिलाधिकारी बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं यह आदेश सिर्फ कागज़ी नहीं, ज़मीन पर असरदार दिखना चाहिए।

## चारा लेने गए अधेड़ की नाले के पानी में डूब कर हुई मौत

ख़मरिया खीरी। बुधवार की दोपहर थाना खमरिया क्षेत्र के जंगली नाथ मंदिर के निकट स्थित नाले में चारा लेने गए अधेड़ की नाला पार करते समय नाले के पानी मे डूब कर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।जानकारी के मुताबिक थाना ख़मरिया क्षेत्र में बुधवार की दोपहर राजू (45) पुत्र रमई निवासी ग्राम महेवा मजरा मुंशीपुरवा चारा लेने खेतों की तरफ गया था। जंगलीनाथ मन्दिर के सामने नाले को पार करते हुए नाले के पानी मे डूब गया।घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची खमरिया पुलिस ने गोताखोरों की मदद से राजू के शव को बाहर निकाला और पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। राजू की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## रेहरिया कला गांव की खानीपुर बाढ़ चौकी पहुंचे एडीएम

लखीमपुर खीरी। नकहा एवं रेहरिया कला गांव की खानीपुर बाढ़ चौकी पहुचे एडीएम नरेंद्र प्रताप सिंह,एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह**बाढ़ क्षेत्र का किया नाव से दौरा,बाढ़ पीड़ितों का जाना हाल।**बाढ़ चौकी का किया निरीक्षण,वही बाढ़ ग्रस्त इलाके में बाढ़ पीड़ितों को बाटे लंचपैकेट और रोज स्तेमाल में आने वाली जरूरी वस्तुवें।**बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थान पर रहने को दिया दिशानिर्देश पानी मे रहने वाले ज़हरीले जीवजंतुओं से बचने के लिए भी किया सचेत।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों को लंच पैकेट और राशन किट बाटने हेतु किया निर्देशित

निघासन खीरी। कस्बे निगसास के रकेहटी में स्थित भाजपा नेता व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार के आवास पर रुद्राभिषेक और भंडारे का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। यह आयोजन हर साल की तरह ही था, जिसमें पूरे क्षेत्र और नगर के सैकड़ों लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ रुद्राभिषेक और भंडारे के आयोजन में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया पूरे क्षेत्र और नगर के सैकड़ों लोग इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।देवेंद्र कुमार की लोकप्रियता निघासन नगर पंचायत के भाजपा नेता और मंडल अध्यक्ष के रूप में देवेंद्र कुमार की लोकप्रियता का अंदाजा इस कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ से लगाया जा सकता है।क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ और प्रभाव है। रुद्राभिषेक और भंडारे का आयोजन बड़ी धूमधाम से हुआ।इस कार्यक्रम में लोगों ने देवेंद्र कुमार के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## पुलिस व एस.एस.बी की संयुक्त कार्रवाई में ब्राउन शुगर बरामद

लखीमपुर खीरी। थाना चन्दन चौकी पुलिस व एस.एस.बी की संयुक्त द्वारा, 3.900 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ (ब्राउन शुगर) बरामद कर अभियुक्त हरिश्चन्द्र पुत्र पुत्तुलाल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष थाना चन्दनचौकी के नेतृत्व में दिनांक-05.08.2025 की रात्रि को थाना चन्दनचौकी पुलिस व एस.एस.बी की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त हरिश्चन्द्र पुत्र स्व0 पुत्तुलाल को 3.900 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ (ब्राउन शुगर) बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना चन्दनचौकी पर एन.डी.पी.एस की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सिसैया रोड पर मौत बनकर दौड़ रही पिकअप, आरटीओ और प्रशासन बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। सिसैया रोड पर मौत बनकर दौड़ रही पिकअप और प्रशासन चुपचाप तमाशा देख रहा है। लखीमपुर खीरी के चहमलपुर के पास एक पिकअप चालक ने सड़क को अपनी जागीर समझ लिया है। वायरल वीडियो में ये चालक बेहयाई से कहता है ऽ ''मैं मंडी से 2600 रुपए की रसीद कटवाता हूं, जैसे मन होगा वैसे चलाऊंगा!'' अब सवाल ये है क्या रसीद कानून से ऊपर हो गई है, क्या अब पैसे देकर कोई भी सड़क पर लोगों की जान से खेल सकता है?ये सिर्फ लापरवाही नहीं, सीधा लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ है। तेज रफ्तार, बिना डर और दबंगई के साथ चल रही ये गाड़ी हादसों को दावत दे रही है। आम लोगों की जान दांव पर लगी है लेकिन आरटीओ और ट्रैफिक प्रशासन पूरी तरह नदारद हैं। आंखें बंद कर ली गई हैं, कानों में रूई डाल ली गई है, जैसे सब कुछ ठीक हो। लेकिन सच्चाई ये है कि सिसैया रोड आज जानलेवा हो चुकी है, और इसके पीछे जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ प्रशासन है।कब तक लापरवाह ड्राइवर सड़क पर गुंडागर्दी करते रहेंगे? क्या किसी बड़े हादसे का इंतज़ार है? जब आम आदमी नियम तोड़े तो फौरन चालान काटा जाता है, लेकिन जब कोई दबंग ड्राइवर खुलेआम वीडियो बनाकर चुनौती दे रहा है, तो कोई कार्रवाई क्यों नहीं, आरटीओ लखीमपुर की चुप्पी संदेह पैदा कर रही है। क्या ये मिलीभगत है या सिर्फ लापरवाही।

# एसडीएम सचिन यादव की फटकार के बाद नैया पुल निर्माण कार्य शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। कैर नैया नाला पुल के पास दोनों तरफ से बंध खुल जाने की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी सचिन यादव व तहसीलदार मंजुला मिश्रा दलबल के साथ कैर नैया नाला पुल पर पहुंचकर हकीकत परखी तथा विभागीय अधिकारियों को जल्द ही रास्ता सही करवाने व ढोला डालकर बाईपास शुरू करवाने की बात कही जिसको गंभीरता से लेते हुए जेयी राजेश यादव ने आनंद-फानन काम शुरू करवा दिया है।बीते सोमवार की रात से कैर नैया नाला पुल के बाईपास पर दोनों तरफ से बांध खुल जाने के कारण बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया था। ऐसे में सिर्फ दो पहिया वाहन ही वहां से आ जा सकते थे। लेकिन आज बुधवार लगभग 3:30 पर जलस्तर लगभग 1 मी बढ़ गया जिससे बाईपास और चिटक गया और दो पहिया वाहनों का भी आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। ऐसे में कैर मोन कुशमहुरा आदि गांव के लोगों को अब मोन गांव से होते हुए सगरापुर जाना पड़ेगा फिर वहां से हैदरगढ़ मार्ग पड़कर महराजगंज आना पड़ेगा। वही मऊ मऊगर्वी आदि गांव के लोगों को अब मऊ गांव से निकली डीह रजबहा के रास्ते पहले चंदापुर आना पड़ेगा फिर वहां से होते हुए महराजगंज आना पड़ेगा। ऐसे में बाईपास का रास्ता खराब होने की वजह से लोगों को दुगना सफर तय कर एवं अधिक समय नष्ट कर महराजगंज आना पड़ेगा। तो वही अधिकारी का कहना है की 12 पाइप पर लाई गई।जे ई राजेश यादव ने बताया कि इन्हौना मार्ग का आवागमन पूरी तरह से बाधित कर दिया गया है लेकिन दो पहिया वाहन चालकों द्वारा मनमानी की जा रही है।उन्होंने एसडीएम सचिन यादव से पुलिस बल की तैनाती की मांग की गई है। मामले एसडीएम ने जल्द ही पुलिस बल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# अटल आवासीय विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र हैं बल्कि संस्कार अनुशासन और आत्मनिर्भरता का भी स्त्रोत बनेंगे: योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने मुरादाबाद में 78.73 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अटल आवासीय विद्यालय का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुरादाबाद में 78.73 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण पर आधारित हैं जो बिना भेदभाव के हर व्यक्ति तक पहुंचती हैं। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के लोगों को रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और घोषणा की कि 8, 9, 10 अगस्त को प्रदेश की सभी बहनों को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा दी जाएगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा बंधन पर्व से ठीक पहले इस शिक्षा केंद्र को मुरादाबाद मंडल के बच्चों और श्रमिक परिवारों को समर्पित करते हुए इसे अटल जी की स्मृति को समर्पित आदर्श शिक्षा मंदिर बताया।उन्होंने कहा कि इस विद्यालय को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष में शुरू किया गया है, जिससे नई पीढ़ी में उनके आदर्श और मूल्य स्थापित हो सकें। सीएम योगी ने बताया कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है बल्कि संस्कार, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का भी स्त्रोत बनेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बीओसी फंड के सार्थक उपयोग की दिशा में दिए गए निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि अब यह धन श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा पर खर्च हो रहा है।

### श्रमिकों के बच्चों की उच्च शिक्षा का भी खर्च वहन करेगी सरकार

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेश में 18 अटल आवासीय विद्यालय स्थापित हो चुके हैं, जहां 18,000 से अधिक श्रमिक और अनाथ बच्चों को पूरी तरह निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। उन्होंने इसे शिक्षा के प्रति सरकार की अटल प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सरकार ने नकल को समाप्त कर ईमानदार व्यवस्था लागू की है। उन्होंने बताया कि इन अटल आवासीय विद्यालयों में आधुनिक शिक्षण तकनीक, सीनियर-जूनियर हॉस्टल, संपूर्ण आवासीय सुविधा, स्पोर्ट्स, लैब, और कौशल विकास की व्यापक व्यवस्थाएं हैं। कक्षा 12 के बाद उच्च शिक्षा चाहे वो मेडिकल हो या आईआईटी, उसका पूरा खर्च भी सरकार उठाएगी।

### आज अपनी विरासत, विकास और शिक्षा पर गौरवान्वित हो रहा उत्तर प्रदेश

सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश न सिर्फ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, बल्कि अपनी समृद्ध विरासत पर भी गर्व कर रहा है। उत्तर प्रदेश आज विरासत, विकास, शिक्षा और 'एक जनपद एक उत्पाद' जैसे अभियानों से अपनी अलग पहचान बना रहा है। 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज' के तहत स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश एक नई मिसाल बनकर उभरा है।उन्होंने कहा कि 1.54 लाख जर्जर विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत नया जीवन दिया गया और अब मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय की योजना के तहत 57 जनपदों में शिक्षा के मॉडल खड़े किए जा रहे हैं।

### सीएम योगी ने बच्चों के साथ खिंचाई सेल्फी, बांटी चॉकलेट

मुरादाबाद मंडल में अटल आवासीय विद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर सीएम योगी ने क्लासरूम में जाकर बच्चों से बातचीत भी की। खासकर उन्होंने बालिकाओं से यहां दी जा रही सुविधाओं को लेकर बातचीत की। कुछ बच्चियों को उन्होंने ऑटोग्राफ भी दिया। उन्होंने सभी बच्चों को अपने हाथों से चॉकलेट बांटी और फिर अंत में उन्होंने बच्चों के साथ सेल्फी भी ली।

### अटल आवासीय विद्यालय मुरादाबाद की विशेषताएं

अटल आवासीय विद्यालय मुरादाबाद उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदर्शी और समर्पित योजना का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह शिक्षा, अनुशासन और समग्र विकास के लिए एक आदर्श वातावरण प्रदान करता है। यह विद्यालय कुल 13.5 एकड़ भूमि पर विकसित किया गया है, जिसकी कुल निर्माण लागत 78.73 करोड़ रुपए रही है।

# कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर चाकू मारकर हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। पाँच दिन पहले रात में चाकू के हमले से घायल हुए युवक की मंगलवार दोपहर बरेली के अस्पताल में मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने छह सड़का पर जाम लगा दिया। पुलिस पर हमले के मास्टरमाइंड मीट कारोबारी से सांठगांठ व दो आरोपियों की गिरफ्तारी न करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पर सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय पीएसी बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। करीब एक घंटा हंगामा के बाद परिजनों ने जाम खोला। मोहल्ला खंडसारी निवासी सिलाई कारीगर बहार हुसैन एक अगस्त की रात घंटाघर इलाके से घर लौट रहे थे। इसी बीच खंडसारी के फराज उर्फ सलमान कुरैशी, अकरम, तारिक व शहबाजपुर के बाबा ने घंटाघर में हुसैन को घेरकर चाकू से हमला कर दिया। इससे हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उन्हें बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं, पुलिस ने बहार हुसैन के बहनोई मुज्जमिल की तहरीर पर चारों हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस फराज व अकरम को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बाहर हुसैन ने इलाज के दौरान बरेली के अस्पताल में दम तोड़ दिया। युवक के मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। वह भारी तादाद में छह सड़का रोड पर पहुंच गए। परिजनों ने रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। जाम लगने पर यातायात प्रभावित हो गया। जाम की सूचना पर सदर कोतवाल प्रवीण सिंह व क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस की पकड़ से दूर चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। गुस्साए लोगों का आक्रोश देख अधिकारियों को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर सीओ सिटी मौके पर पहुंचे। बेकाबू भीड़ को देख पीएसी बल मौके पर बुलाया गया। सीओ सिटी ने काफी मशक्कत के बाद परिजनों को समझाकर शांत कराया। जल्द ही दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए और जाम खोला। जाम से करीब एक घंटे तक छह सड़का रोड का प्रभावित रहा। मीट कारोबारी है हमले का मास्टमाइंड, नहीं किया नामजद बहार हुसैन के ममेरे भाई आकिल ने बताया कि हमलावरों ने उनके भाई पर चाकू से 56 वार किए थे। हमलावरों ने उनका पेट, सीना, हाथ, पैर, कमर समेत पूरी शरीर चाकू से गोदकर छलनी कर दिया था। हमले का मास्टरमाइंड शहर में मीट का सबसे बड़ा कारोबारी है। पुलिस और उसकी मिलीभगत है। इसके चलते पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पुलिस उसी के इशारे पर काम कर रही है। पुलिस ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनमें एक के पास चाकू दिखाया। जबकि दूसरे के पास चाकू नहीं दिखाया है। सदर कोतवाल प्रवीण सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर ही चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। दो की गिरफ्तारी हो चुकी है। दो की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# जेपी विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। जेपी संस्कृत विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार और उसके महत्व को प्रतिपादित किया जायेगा। बुधवार को जे पी संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल भारद्वाज ने बताया कि सावन माह की पूर्णिमा को विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जायेगा। विद्यालय में 6 दिवसीय संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन के साथ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीबीएस कालेज संस्कृत विभाग अध्यक्ष डा. लक्ष्मण सिंह ने विद्यार्थियों से बुद्धि का प्रयोग करने व संस्कृत भाषा द्वारा समाज में विशेष रूप से कार्य करने के बारे में बताया। राष्ट्र के उत्थान में संस्कृत का महत्व के बारे में प्रकाश डाला।प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्कृत भाषा का पुनरुत्थान, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, युवा पीढ़ी को संस्कृत से जोड़ने के अलावा श्लोक वाचन प्रतियोगिता, संस्कृत सुलेखन, व्याख्यान और संगोष्ठी आदि कार्यक्रमों का आयोजन करना संस्कृत सप्ताह का उद्देश्य है। इस मौके पर आचार्य संदीप मिश्र, तारन तरन दीक्षित, अमित शर्मा, माधव शर्मा, यश श्रोती व विद्यालय के बटुक मौजूद रहे।

# अवैध रूप से चलाई जा रही आरा मशीन संचालक के खिलाफ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। गांव पचदेवरा में अवैध रूप से चल रही आरा मशीन संचालक के विरुद्ध वन विभाग ने मुकदमा दर्ज कराया। अनूपशहर रेंज के वनरक्षक तुषार यादव ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गांव पचदेवरा में तालाब के किनारे खेत में अवैध आरा मशीन चलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर जाकर देखा आरा मशीन बंद पड़ी हुई थी। आरा मशीन परिसर के अंदर प्रतिबंध लकड़ी व मशीन के नीचे लकड़ी का बुरादा पाया गया। आसपास पूछने पर लोगों ने आरा मशीन गफ्फार पुत्र अलीशेर निवासी गांव पचदेवरा की बताई। जो विगत दो माह से चोरी से चलाई जा रही थी। वन क्षेत्राधिकार प्रवेश कुमार ने बताया संचालक के पास आरा मशीन संबंधी कोई कागजात नहीं है। आरा मशीन पूर्णतः अवैध रूप से चलाई जा रही थी। संचालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### पहाड़ी क्षेत्रों में बरसात के चलते गंगा ने लिया रौद्र रूप

अनूपशहर। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में बरसात के कारण गंगा में बाढ़ का रूप विकराल होता जा रहा है। बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद गंगा में लगातार पानी बढ़ रहा है। बुधवार को अनूपशहर में गंगा बाढ़ में बढ़ोतरी दर्ज की गई। नगर के मुहल्ला गंगा द्वार तथा जाह्नवी प्लेटफार्म पर बाढ का पानी लगातार अंदर की ओर बढ़ रहा है। मुहल्ला मदार गेट में सीवर प्लांट से सटकर गंगा का पानी टकरा रहा है। जिससे सीवर प्लांट का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। सिंचाई विभाग के एसडीओ अंकित कुमार ने बताया कि हरिद्वार बैराज से साढे तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जो संभवत शुक्रवार तक अनूपशहर पहुंचकर बाढ़ को विकराल बना सकता है।

# हर घर तिरंगा लहराएंगे भाजपा कार्यकर्ता: राजीव कुमार गुप्ता

## तिरंगा अभियान एवं मतदाता पुनरीक्षण अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। भाजपा कार्यालय पर आगामी तिरंगा अभियान एवं मतदाता पुनरीक्षण अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा कार्यकर्ता हर घर तिरंगा, इसके साथ इस अभियान में शहीदों की स्मारकों, शहीदों की प्रतिमाओं पर सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया जाएगा।हर घर तिरंगा लहरायगा भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा इस बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यापकता से हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। अभियान के तहत 10 से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल स्तर पर जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकालेंगे। 12 से 14 अगस्त स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, स्वतंत्रता आन्दोलनो से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों, शहीद स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। युद्ध वीरों, शहीदों, देश की सेवा में प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों से घर जाकर सम्मानित करेंगे।उन्होंने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ता व हर भारतीय प्रत्येक घर, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराएंगे। इसके साथ ही 15 अगस्त की शाम को भाजपा कार्यकर्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान उतारा भी जाएगा। हर घर तिरंगा लगाकर झण्डे के साथ सेल्फी लेकर ऊहरत्घरततिरंगा के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड करें। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा ने कहा हर घर तिरंगा अभियान के साथ भारतीय जनता पार्टी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भी मनाएगी। आजादी से पूर्व पाकिस्तान से भारत लौट रहे हिन्दुओं के साथ कत्लेआम, बलात्कार और हत्या जैसे वीभत्स दृश्यों को आज कोई भूल नहीं सकता। आज की युवा पीढ़ी को इन जघन्य अपराधों की जानकारी देने के लिए भाजपा विभीषिका दिवस मनाएगी। इस दिन भाजपा कार्यकर्ता मौन जुलूस निकालेंगे और जिला स्तर पर संगोष्ठी आयोजित कर युवाओं को पूर्व परिस्थितियों से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा सभी लोग भारत में निर्मित स्वदेशी वस्तुओं का सदैव उपयोग करें।

इस मौके पर पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, बुधपाल सिंह, शिवम शंखधार, सहदेव सागर, ओमकृष्ण सागर, अमित पाठक, अनेक पाल सिंह, सुभाष चंद्र गुप्ता, सुखदेवद्ध राठौर, वीरेंद्र राजपूत, मनोज मसीह, धीरज सक्सेना, केसी शाक्य, दिनेश कुमार सिंह, धीरज पटेल, रजनी मिश्रा, सीमा राठौर, आशीष शाक्य आदि उपस्थित रहे।

## बदायूं-दातागंज मार्ग का होगा चौड़ीकरण, डीएम ने की बैठक

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बदायूं-दातागंज मार्ग के चौड़ीकरण के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि 27.10 किलोमीटर बदायूं-दातागंज मार्ग को 3 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को नामित किया गया है। नॉन फॉरेस्ट लैंड (एनएफएल) को जारी कर फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में बुधवार को आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 95.33 से 122.43 तक कुल 27.10 किलोमीटर का चौडीकरण किया जाएगा। वर्तमान में यह मार्ग 7 मीटर चौड़ा व दो लेंन का है जो की 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा, यह मार्ग दो लेन का पेव्ड सोल्जर के साथ होगा। उन्होंने बताया कि चौड़ीकरण के लिए वन विभाग की 8.16 हेक्टेयर भूमि के लिए नॉन फॉरेस्ट लैंड (एनएफएल) को स्थानीय स्तर पर जारी कर फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए राज्य सरकार व केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। वहां से सैद्धांतिक सहमति प्राप्त होने पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा तथा इसको प्राथमिकता पर जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाएगा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक कुमार ,वन विभाग के अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## आज कर सकते हैं मध्यस्थ हेतु आवेदन

बदायूँ। मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण 30 जुलाई 2025 के अनुपालन में माननीय नालसा एवं एमसीपीसी के निर्देशानुसार स्पेशल मीडिएशन ड्राइव - राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत कैटेगरी ह्लसीह्ल के जिला में लगभग 20 मध्यस्थगण नियुक्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला बदायूँ में वर्तमान में 14 मध्यस्थ अधिवक्ता कार्यरत है। पक्षकारों के मध्य मध्यस्थता कार्य सुचारू रुप से कराने हेतु 6 अतिरिक्त मध्यस्थगण की नियुक्ति की जानी है। यह जानकारी अध्यक्ष, नियुक्ति समिति मध्यस्थता केन्द्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सिविल प्रक्रिया (जिला न्यायालय) मध्यस्थता नियमावली, 2021 में दी गयी व्यवस्थानुसार ए.डी.आर. केन्द्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित मध्यस्थता केन्द्र, में न्यायालयों द्वारा सन्दर्भित मामलों में पक्षकारों के मध्य मध्यस्थता कराने हेतु 6 अतिरिक्त मध्यस्थगण की नियुक्ति की जानी है। मध्यस्थ पद हेतु कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों व अधिवक्ताओं से 04 अगस्त 2025 को सायं 04.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गये थे। उन्होंने बताया कि आवेदन करने की तिथि को न्यायहित में बढ़ाकर अब आज 07 अगस्त 2025 गुरुवार को सायं 04.00 बजे तक कर दिया गया है। इच्छुक व्यक्तियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वह 07 अगस्त 2025 को सायं 04.00 बजे तक आवेदन कर सकते है।

## आज ई-लॉटरी से होगा पात्रों का चयन

बदायूँ । उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्वरल मैकेनाइजेशन, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ कॉप रेज्डयू (सी.आर.एम.) एवं अन्य योजनाओं में 27 जून से 12 जुलाई 2025 तक बुकिंग की गई थी, जिसमें एकल कृषि यंत्र पर अनुदान हेतु ऑनलाईन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से 07 अगस्त 2025 दिन वृहस्पतिवार को दोपहर 12:00 बजे विकास भवन सभागार में गठित जिला स्तरीय समिति के सम्मुख की जायेगी। इस क्रम में ऑन लाईन एकल कृषि यन्त्रों की बुकिंग करने वाले किसानों को सूचित किया है कि निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर यन्त्रों की ई-लॉटरी प्रकिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## दो बच्चों की मौत के बाद परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे सपा प्रवक्ता राकेश प्रजापति

बदायूं। सपा प्रवक्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति महासभा डॉ राकेश प्रजापति ने प्रजापति समाज के 4 अगस्त को बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के गांव बेन नगला में एक गड्ढे में दो सगे भाइयों नवनीत प्रजापति एवं भुवनेश प्रजापति जो कि मात्र 14 साल और 10 साल के थे की गड्ढे में डूबने से हुई मौत पर परिजनों से मुलाकात की और मृतक बच्चों को विनम्र श्रद्धांजलि दी एवं परिवार के सदस्यों को हर संभव प्रशासनिक मदद का आश्वासन दिया । इस अवसर पर जगवीर प्रजापति, राहुल प्रजापति, नेमचंद प्रजापति, हरिओम प्रजापति, रोशन प्रजापति, मुकेश प्रजापति, राकेश प्रजापति, सोनू प्रजापति, रामकिशन शाक्य , विधानसभा महासचिव सुनील यादव, सेक्टर प्रभारी एडवोकेट पंकज कुमार यादव , बूथ अध्यक्ष श्याम नरेश यादव, व मोहम्मद इसाक, लवलेश यादव दीपू यादव ,प्रेमपाल भुर्जी ,छोटे जाटव, उर्वेश यादव, विकास यादव,अंकित यादव , के साथ साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नगर पालिका व नगर पंचायतों में पीएम सूर्य घर योजना के लिए लगेंगे कैंप

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी वीसी रूम में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद के लिए पंजीकृत वेंडर्स को नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों का आवंटन करवाकर प्रत्येक दिन 03 महीने तक कैंप का आयोजन करने के निर्देश दिए। जिसमें नगर पालिका को 20 आवेदन व नगर पंचायत को 10 आवेदन प्रतिदिन कराने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है इसके लग जाने से प्रत्येक आवेदक को बिजली की खपत में दो तिहाई की बचत होगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना में सहयोग करें तथा बिजली की बचत हेतु अपने घरों, प्रतिष्ठानों आदि स्थानों पर सोलर रूफटॉप लगवाएं। उन्होंने बताया कि लखनऊ में कॉल सेंटर नंबर 155243 की भी स्थापना की गई है जिस पर कॉल करके आवेदक अपनी समस्या का निस्तारण करा सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 300 यूनिट मुफ्त बिजली की व्यवस्था है, साथ ही 01 किलोवाट के कनेक्शन पर 30000 रुपए केंद्र सरकार के द्वारा अनुदान तथा 15000 रुपए राज्य सरकार के द्वारा अनुदान, कुल 45000 रुपए का अनुदान अनुमान है। इसी प्रकार 02 किलोवाट पर कुल 90000 रुपए, 03 किलोवाट से 05 किलोवाट पर कुल 108000 रुपए अनुदान की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि ऋण लेकर भी रूफटॉप सोलर प्लांट लगाया जा सकता है। प्लांट की अनुमानित लागत 60000 रुपए प्रति किलोवाट की आती है। सोलर पैनलों की कार्य क्षमता अवधि लगभग 25 वर्ष की होती है। उन्होंने बताया कि सोलर समाधान पोर्टल भी संचालित है। योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, वेंडर्स आदि मौजूद रहे।

## चेयरमैन ने सफाई कर्मियों को वितरित किये रेन सूट

पाकबड़ा। चेयरमैन मोहम्मद याक़ूब नगर पंचायत पाकबड़ा की यह पहल वास्तव में सराहनीय है। रेन कोट वितरित करके, नगर पंचायत ने अपने सफाई कर्मचारियों के लिए बरसात के मौसम में भी सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से काम करने की व्यवस्था की है।चेयरमैन मोहम्मद याकूब का यह बयान कि नगर पंचायत द्वारा कर्मचारियों का बेहतर ख्याल रखा जाता है, यह दर्शाता है कि वे अपने कर्मचारियों की भलाई और सुरक्षा को महत्व देते हैं।इस पहल से न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान पर हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रारम्भ की है। जिसके अन्तर्गत युवाओं को स्वरोजगार हेतु पांच लाख रुपए ऋण बिना किसी ब्याज के बैंकों के माध्यम से उक्त योजना के अन्तर्गत जनपद को वर्ष 2025-26 हेतु 1700 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी ने युवाओं से आवह्न किया कि योजना का लाभ उठाये एवं रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार प्रदान करने वाले बने एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के प्रदेश को 01 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के सपने को साकार करने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बैंकों निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदन पत्रों को शीघ्र एव/गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराये।कार्यशाला में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबन्धकों, अग्रणी जिला प्रबन्धक, पंजाब नैशनल बैंक, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक, आर0सेटी0 व सी0एस0सी0 सेन्टर के छात्र-छात्राओं एवं बडी संख्या में अन्य युवाओं द्वारा उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया। लखनऊ से आये समाधान समिति के सदस्यों रवि गुप्ता, मोहित गुप्ता (सी0ए0) तथा अभिषेक कुमार द्वारा कार्यशाला के प्रथम सत्र में फूड प्रोसोसिंग यूनिट, ब्रेड मेकिंग यूनिट, मोबाइल रिपेयरिंग एवं मशरूम उद्योग, इत्यादि जैसे नये उद्योगों को शुरू करने से सम्बन्धित जानकारियां दी गयी एवं छोटे-छोटे वीडियो के माध्यम से उद्योग शुरू करने से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में योजना से सम्बन्धित प्रश्नोत्तर सत्र को आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बैंकों एवं लाभार्थियों के योजना से सम्बन्धित शंकाओं का समाधान, समाधान समिति के सदस्यों एवं कार्यालय जिला उद्योग, प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र बदायूँ द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय सहित बैंकों के शाखा प्रबन्धकों, अग्रणी जिला प्रबन्धक, पंजाब नैशनल बैंक, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक, आर0सेटी0 व सी0एस0सी0 सेन्टर के छात्र-छात्राओं एवं बडी संख्या में अन्य युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे भकियू इडिंया के लोगों को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



कुंदरकी। मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जाते हुए कुंदरकी चौकी प्रभारी संजय त्यागी जी द्वारा भारतीय किसान यूनियन इंडिया के जिला अध्यक्ष उवैस अली खान बा उनकी टीम को हाउस अरेस्ट कर लिया गया हैऔर ज्ञापन लेकर समस्या को हल कराने का अश्बासन दिया मौजूद रहे जिला उपाध्यक्ष अरबाज़ ज़ैदी आज़म खान कोष अध्यक्ष फैशल द्मद्धथद्बजिला मंत्री अदनान खानजिल मंत्री शारुख खानजिला महा मंत्री नाज़िमतहजीब प्रधान जी गुलवेज़ खान आसिफ खान आदि मौजूद रहे

# धड़ल्ले से जारी है अवैध निर्माण, जिम्मेदार अधिकारी मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। शहर में अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी है मेन रोड हो,मुख्य चौराहे हो या बस्तियों की गलियां । जहां देखो लोग मनमानी पर उतारू है। लोग अपनी हदो से आगे बढ़कर अवैध निर्माण कर रहे हैं। उनको कोई रोकने वाला नजर नहीं आ रहा है, जिम्मेदार अधिकारी मौन है। विकास प्राधिकरण सो रहा है, इसीलिए लोगों के मन बढ़ गए हैं। जहां चाहते हैं अपनी हदों से आगे निकल कर निर्माण कर लेते हैं। फिर चाहे पड़ोसियों को परेशानी हो या आने-जाने वाले लोगों को दिक्कत ताजा मामला अंजुल किला स्थित फाटक गुलाम हुसैन का है। जहां शबाना वाइफ ऑफ अनवर पुत्री अफजल ने अपनी हदों से आगे बढ़कर मकान बना लिया है और जमाल उर्फ पुन्नी पुत्र इकबाल आगे बढ़कर मकान बनाने की तैयारी कर रहे हैं। जिससे आसपास के रहने वालों को वहां से निकलने में काफी दुष्परियां हो रही है। लेकिन उन्हें किसी बात का खौफ नहीं बिना नक्शे के बनने वाले यह मकान विकास प्राधिकरण को ठेका दिखा रहे हैं। संबंधित अधिकारी मौन है। अगर इसी तरह शहर में अवैध निर्माण की बाढ़ जारी रही तो राहगीरों का रास्तों से निकलना मुश्किल हो जाएगा। लोगों का कहना है कि मना करने पर यह लोग गाली गलौज से लेकर मारपीट पर आमद रहते हैं। इसीलिए शरीफों का राज चलना दुश्वार हो गया है कभी यहां चार पहिया चली जाती थी अब वहां से गाड़ी निकालना मुश्किल हो रहा है। इस अवैध अतिक्रमण के जंजाल से निजात दिलाने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है।

# अमेठी जनपद में पन्द्रह अगस्त तक तीन चरणों में चलेगा हर घर तिरंगा अभियान : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में दो अगस्त से पन्द्रह अगस्त तक तीन चरणों में ‘हर घर तिरंगा अभियान’ चलाया जायेगा। उन्होने बताया है कि जनपद में प्रथम चरण दो अगस्त से आठ अगस्त तक, द्वितीय चरण नौ से बारह अगस्त तक तथा तृतीय चरण तेरह अगस्त से पन्द्रह अगस्त तक चलेगा। प्रथम चरण में स्कूलों की दीवारों और बोर्डों को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाया जायेगा, विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जायेंगी, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन, सैनिकों एवं सिपाहियों को राखी एवं पत्र का प्रेषण किया जायेगा तथा सार्वजनिक स्थानों बाज़ारों को तिरंगा के रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागों युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधि का आयोजन कराया जायेगा। उन्होने बताया है कि हर घर तिरंगा अभियान का द्वितीय चरण में तिरंगा महोत्सव के रूप में एक ही दिन 'तिरंगा मेला' और 'भव्य तिरंगा म्यूज़िकल कॉसर्ट' का वृहद आयोजन किया जायेगा, तिरंगा महोत्सव' का आयोजन मा0 जनप्रतिनिधियों और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति में कराया जायेगा। 'तिरंगा महोत्सव' आयोजित किए जाने वाले प्रमुख स्थल पर 'तिरंगा मेला' का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश सरकार के स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पाद तथा 'सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सहयोग से निर्मित उत्पादों 'स्थानीय उत्पादों' (ओडीओपी), तिरंगा रंग की थीम वाली वस्तुओं (खाद्य सामग्री/परिधान/वस्त्र/श्रृंगार सामग्री आदि) की बिक्री पर केन्द्रित तिरंगा मेला का आयोजन तथा मेले में तिरंगा प्रदर्शनी' का प्रदर्शन भी किया जायेगा। जिसकी सेल्फी वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी। वीआईपी कार्यक्रम के दिन, व्यापक जन भागीदारी के साथ, प्रसिद्ध और स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य 'तिरंगा संगीत कार्यक्रम 'का आयोजन किया जायेगा। जनपद के पुलिसकर्मियों, अर्धसैनिकबलों, एनसीसी, एनएसएस, सिवल डिफैन्स, होमगार्ड्स एवं खेल विभाग आदि के

**जनपद में तिरंगा रैली, तिरंगा प्रदर्शनी, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

सहयोग से तिरंगा बाइक रैली, तिरंगा साइकिल रैली' का आयोजन किया जायेगा। तिरंगा रैलियों, यात्राएं,बृहद तिरंगे कपड़े के साथ तिरंगा रैलियों यात्राओं का आयोजन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों ब्लॉकों और पंचायतों में आयोजित किए जाएँगे, जिनमें स्कूली बच्चों, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। तिरंगा और उससे सम्बन्धित वस्तुओं आदि की बिक्री को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय बाजारों में सौंदर्यपरक तिरंगा प्रकाश और सजावट किया जायेगा तथा जनपद में स्वयं सहायता समूहों, पी0डी0एस0 दुकानों, खादी भंडारों और स्थानीय बाजार के वस्त्रालयों आदि के माध्यम से तिरंगा की बिक्री और वितरण का प्रबंधन किया जायेगा। इसी प्रकार तृतीय चरण के मध्य सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों, पुलों आदि पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी तथा नागरिकगण को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने झण्डा फहराने के नियम के सम्बन्ध में बताया है कि प्रत्येक नागरिक को अपने आवास/स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहरान है।बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जनपद में कुल साढ़े चार लाख घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके सापेक्ष स्वयं सहायता समूह द्वारा झंडा निर्माण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है इसके अतिरिक्त खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा भी खादी के झंडे की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सात्विक श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जीजीआईसी ने डीएम कार्यालय तक निकाली भव्य तिरंगा रैली




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पीएम श्री केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा रैली एवं राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर ने एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस तिरंगा रैली में विद्यालय की लगभग 500 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में छात्राओं ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे देशभक्ति के नारों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय तक गईं, जिससे समूचा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, देशप्रेम तथा तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए राखी बनाने की कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यशाला में छात्राओं ने पारंपरिक एवं नवाचारी तरीके से सुंदर-सुंदर राखियाँ तैयार की, जो नारी सशक्तिकरण और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को दर्शाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में रचनात्मकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका डॉ रीना केसरवानी, डॉ दीपा द्विवेदी, डॉ मुक्ता सिंह, अंजना सिंह, सुनीता देवी सरोज, तृप्ति मिश्रा, सीमा यादव उपस्थिति रहीं।

## जलभराव की समस्या का समाधान करने के लिए चेयरमैन ने दिखाई तत्परता खुद पहुंची मौके पर

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने शहर में जलभराव की समस्या का समाधान करने के लिए तत्परता दिखाई है। लगातार हो रही बारिश से शहर जलमग्न हो गया था।जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। जानकारी मिलते ही डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने खुद मौके पर पहुंचकर नगर पालिका कर्मचारियों को बुलाकर पुलिया से पानी निकास की समस्या का समाधान किया हैं।इस तरह की समस्याओं का समाधान करने के लिए चेयरमैन का खुद मौके पर पहुंचना और तत्काल कार्रवाई करना सराहनीय है। इससे शहर के लोगों को राहत मिलेगी और जलभराव की समस्या से निजात पाने में मदद मिलेगी। पीलीभीत में नाला निर्माण का काम भी चल रहा है ताकि मानसून में सड़कों पर जलभराव की समस्या न हो नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल की इस पहल से शहर के लोगों को उम्मीद है।कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान होगा और शहर की सूरत बदलेगी।

## बारिश के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सड़ा नाला, बिलगवां रोड़ का किया निरीक्षण, जलभराव की स्थिति को देखा और जल निकासी के दिये निर्देश

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अत्याधिक बारिश के दृष्टिगत जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने माधौटांडा रोड़ सड़ा नाला, बिलगवां रोड, ग्राम सचिवालय बिलगवां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि माधौटांडा रोड़ सड़ा नाला पर अत्याधिक बर्षा का पानी आ जाने के कारण आवागमन ठप हो गया। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण को निर्देश दिये कि आवागमन व्यवस्था कराना सुनिश्चित किया जाये तथा निर्माणाधीन पुलिया निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। बिलगवां सड़क के निरीक्षण के दौरान जलभराव एवं सड़क की स्थिति को देखा। जिलाधिकारी ने जल निकासी हेतु तीन सदस्यीय टीम में नगर मजिस्टेझ्ट, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण एवं खण्ड विकास अधिकारी मरौरी को नामित करते हुये जल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम सचिवालय बिलगवां का निरीक्षण किया। ग्राम सचिवालय अवैध रूप से ग्रामीणों द्वारा ट्राली-टैक्टर व कृषि उपकरण खडे कर रखे है। उन्होंने ग्राम सचिवालय से खडे वाहनों को हटवाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्टेट, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण, खण्ड विकास अधिकारी, जेई सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण का होगा कर्यक्रम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में माह अगस्त, 2025 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्रः हेतु निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया-2025 के अनुसार तृतीय चरण चयन परिणाम से प्रवेश की तिथि 07-08-2025 रात्रि 12:00 बजे तक विस्तारित कर दी गयी है अतः तृतीत चरण चयन परिणाम के चयनित अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों, अंकपत्रों एवं उनकी एक-एक प्रमाणित प्रति तथा चार पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्बन्धित चयनित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, में सम्पर्क करके संस्थान में उपलब्ध चयन लिस्ट से जॉच करवाने के उपरान्त अपना प्रवेश निर्धारित तिथि तक ले लें।

## राज्य आपदा कोष किया वितरण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सदर पीलीभीत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नवदिया दैहला में दिनांक 03.085.2025 को दिन के लगभग 3:30 बजे खेत पर धान की निराई कर रही चमेली देवी पत्नी मिही लाल नि0 नवदिया दैहला परगना तहसील व जिला पीलीभीत की आकाशी बिजली गिरने से मौके पर मृत्यु हो गयी थी। घटना की तत्काल सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस/राजस्व अधिकारी/कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की गयी। मृतका का पोस्टमार्टम हुआ है। तहसीलदार व उप जिलाधिकारी ने बताया कि घटना आकाशीय विद्युत से होने की पुष्टि होने पर मृतक के परिजनों को राज्य आपदा मोचक निधि से रू. 4 लाख की धनराशि भुगतान किये जाने हेतु आवश्यक कागजात प्राप्त कर ऑनलाइन राहत पोर्टल फीडिंग का कार्य पूर्ण किया। मा0 मुख्यमंत्री जी के दिये गये निर्देशों के क्रम में पीड़ित परिवार को 24 घंटे में रू. 4 लाख की धनराशि का बैंक खाते में आनलाइन भुगतान कर दिया गया है।

## आठ अगस्त को कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का होगा आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि ''पर ब्लॉक-वन क्रॉप'' की थीम पर आधारित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ''पर ड्रॉप मोर क्राप'' माइक्रोइरीगेशन वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत 200 कृषको का कृषि विज्ञान केन्द्र, टांडा बिजेसी, न्यूरिया पीलीभीत मे दिनांक 08.08.2025 को कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमे कृषकों को औद्यानिक एवं कृषि फसलों में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की उपयोगिता एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंचाने हेतु ''पर ब्लॉक वन क्रॉप'' के विषय पर जनपद के कृषकों से कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील कृषकों द्वारा विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

## सिंहपुर में शिक्षकों ने चयन वेतनमान निर्गत किये जाने पर खुशी जताई

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अमेठी के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कई माह से लम्बित चयन वेतनमान निर्गत किये जाने पर शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर की है। ब्लाक संसाधन केन्द्र पर शिक्षक नेताओं के संयोजकत्व में मिठाई बांटकर खण्ड शिक्षा अधिकारी का आभार जताया है। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का श्रावण मास में चयन वेतन मान का आफलाइन आदेश निर्गत करने वाले अग्रणी जनपदों में अपने अमेठी का नाम भी सम्मिलित करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का आभार जताया है।विकास क्षेत्र सिंहपुर के उन्नीस शिक्षक,शिक्षिकाओं की पत्रावली तीव्र गति से तैयार करवाते हुये जनपद मुख्यालय पर ससमय प्रेषित करवाने के लिये खण्ड शिक्षाधिकारी हरिओम तिवारी का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सिंहपुर के अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी द्वारा मुंह मीठा कराकर आभार व्यक्त किया गया है। इस मौके पर उबैद अहमद, दिलीप शुक्ला, धर्मेन्द्र सिंह, मेहा त्रिपाठी, अनिल सिंह, मुकेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, राजेश कुमार,जय शंकर मिश्रा, गीता मिश्रा सहित अन्य तमाम शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# पुलिस ने पत्नी को मौत के घाट उतारने वाले पति को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना जामो पुलिस ने एक महिला की हत्या का खुलासा करते हुये उसके पति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से आलाकत्ल ब्लेड बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गये पति को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम फत्ते का पुरवा मजरे पूरब गौरा में बीती एक अगस्त को इलायची देवी पत्नी दादू का शव मिला था। एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस को दिशा निर्देश दिया था।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जामो पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन के दौरान मृतका के शव के पास से बरामद ब्लेड के रैपर के सम्बंध में आसपास के लोगों व दुकानदारों से पूछताछ की जा रही थी। पूंछतांछ के दौरान गौरा चौराहे के दुकानदार सुशील कुमार द्वारा बताया गया कि इस कंपनी का ब्लेड मैं पिछले हफ्ते से बेच रहा हूं। बीती इकतीस जुलाई की शाम को दादू मंगता निवासी फत्ते का पुरवा मजरे पूरब गौरा मेरी दुकान पर आया था जो पान, सुपारी, राजश्री गुटखा के साथ ब्लेड भी खरीद कर ले गया था।मृतका के पति दादू द्वारा पुलिस को बताया गया था कि वह शाम पांच बजे वारिसगंज बाजार गई थी किन्तु वापस नहीं आयी जब कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं आसपास के लोगों द्वारा दिये गये बयानों से यह स्पष्ट हो गया कि मृतका बाजार गई ही नही थी उस शाम उसने कबाड़ बेचा और उसके पैसे लेकर अपने घर आ गई थी। मृतका के पति द्वारा दिये गये बयान विरोधाभाषी एवं असत्य पाये गये।जांच के क्रम में प्रकाश में आये तथ्यों के आधार पर मृतका के पति दादू मंगता उर्फ काने पुत्र विफई मंगता निवासी ग्राम फत्ते का पुरवा मजरे पूरब गौरा थाना जामो वर्ष को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो दादू ने बताया कि वह अपनी पत्नी को बाहर से लेकर आया था जिससे बृहस्पतिवार शुक्रवार की रात में मीट धुलने व बनाने के लिये मेरा झगड़ा हो गया था जिससे नाराज होकर वह डेरे से निकल कर जाने लगी थी । जिसको मनाने के लिए मैं उसके पीछे-पीछे जाने लगा।कुछ दूर जाने के बाद मैं उसका हाथ पकड़कर वापस डेरे में चलने के लिये जिद करने लगा तो वह मुझे गाली देने लगी । इससे पहले भी वह मुझसे अक्सर विवाद करती रहती थी व मेरी इज्जत नहीं करती थी और न ही मेरा कहना मानती थी । मेरे मना करने के बावजूद भी डेरे से बाहर निकल जाती थी । जब वह मेरा हाथ छुड़ाकर जाने लगी तोमुझे लगा कि वह मुझे छोड़कर जाना चाहती है यह बात उसे अच्छी नहीं लगी तब उसने सोचा कि क्यों न इसे समाप्त कर दूं । तभी वह उसे गिराकर उसके सीने पर अपना घुटना रख दिया जिससे वह बेहोश हो गई उसके बाद उसने अपनी जेब में रखी ब्लेड को उसके गले पर चला कर गला काट दिया था तथा उसके सीने को घुटने से दबाये रखा था जिससे वह थोड़ी देर बाद हिलना डुलना बंद हो गई तब उसे विश्वास हो गया कि वह मर गई है कोई उस पर शक न करे इसलिये उसने मृतका के कपड़े इधर-उधर सरका दिया था तथा घटना स्थल से कुछ दूरी पर ब्लेड को छिपाकर रख दिया था और चुप चाप डेरे में चला गया था। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पति की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद ब्लेड घटनास्थल से कुछ दूरी पर बरामद किया गया और उसे जेल भेज दिया गया है।

# बयान से पीछे हटे एक एक कर गायब हो गए सीएचसी के जिम्मेदार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। महिला स्वास्थ्य कर्मियों पर सोशल साइट पर अभद्र टिप्पणी के मामले में जांच कमेटी बयान के लिए सीएचसी के जिम्मेदारों को बुलाती रही लेकिन वह बहाना बनाकर नहीं आए ऐसे में टीम सभी लोगों के बयान भी दर्ज नहीं कर सकी अब फिर से टीम आकर बयान दर्ज करेंगी वहीं बयान दर्ज न कराने के पीछे कहीं न कहीं जांच निष्पक्ष में सवाल खडा कर रही है। करीब 12 दिन पूर्व सीएचसी के एक ग्रुप में गभिया सहराई के लैब सहायक ने पूरनपुर क्षेत्र के एक पीएचसी में तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मियों के फोटो को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी मामला सामने आने के बाद सीएमओ ने इसमें जांच कमेटी को बनाााया था मंगलवार को जांच कमेटी पूरनपुर जांच करने के लिए आई थी। यहां पर महिला स्वास्थ्य कर्मियों के बयान के साथ ही अभद्र टिप्पणी करने वाले कर्मचारी को बयान के लिए बुलाया गया था। कर्मचारी टीम में शामिल लोगों ने देख लेने और ध्यान रखने की बात कहते हुए घूमते देखा गया था टीम ने महिलाओं के बयान दर्ज कर लिए थे। इसके अलावा सीएचसी के अन्य चिकित्सक और कर्मचारियों को बयान के लिए बुलाया गया था। यह लोग बयान दर्ज देने से कतराते दिखाई दिए कक्ष से एक-एक कर सभी बाहर आ आए थे ऐसे में ग्रुप पर अभद्र टिप्पणी करने के बाद विरोध जताने वालों के बयान दर्ज नहीं हो सके थे बताया जा रहा है कि अब टीम फिर से आकर शेष लोगों के बयान दर्ज करेंगी इधर बयान से पीछे हटने वाले कर्मियों के कारण अभद्र टिप्पणी करने वाले कर्मचारी के हौसले भी बुलंद दिखाई दे रहे हैं। चर्चा है कि कर्मचारी का सहयोग करने के लिए कोई आगे नहीं आ पा रहा है।

# खारा की पूर्व प्रधान पर लगा लाखो का घोटाला करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पूर्व प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों में व्यापक फर्जीवाड़ा की शिकायत ग्रामीण ने की है। बता दे कि विकास खन्ड धनपतगंज की ग्राम पंचायत खारा की ग्राम प्रधान उमा शुक्ला रही पूर्व प्रधान के ऊपर खारा गांव के निवासी डाक्टर शिव शंकर गुप्ता ने सरकारी धन को गवन करने का गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत की है। आरोप है कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शौचालय निर्माण में वर्ष 2015 से 2020 तक ? 22 लाख 02 हजार 927 रूपये का बड़ा घोटाला किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी विधवा माता विद्या देवी जिनका शौचालय (आई.डी. संख्या 912585536 एल.ओ.बी) के नाम पर पूर्व प्रधान उमा शुक्ला द्वारा बिना शौचालय निर्माण कराए ही 12000 रुपये निकाल कर गवन कर लिया ऐसे ही ग्राम पंचायत के लगभग 145 शौचालय की धनराशि ?17लाख 40,000 हजार रूपये का भी गवन पूर्व प्रधान द्वारा किया गया है। शिकायतकर्ता ने ग्राम पंचायत खारा में सरकार द्वारा कुल लाख ?71,58,927 की धनराशि आवंटित की गई थी, आवंटित धनराशि में से पूर्व प्रधान द्वारा 558 शौचालय के निर्माण हेतु ?66लाख 96,000 हजार रूपये की धनराशि खर्च की गई खाते में शेष धनराशि ?4 लाख 62 हजार 927 रूपये बिना शौचालय निर्माण कराए ही पैसे का बंदरवाट करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता डॉ शिवशंकर गुप्ता ने मुख्यमंत्री को शपथ पत्र युक्त शिकायती पत्र देकर पूर्व प्रधान उमा शुक्ला द्वारा किए गए काले कारनामों के खिलाफ उच्च स्तरीय, एवं न्याय संगत कार्यवाही करने की मांग की गई थी। डॉक्टर शिवशंकर गुप्ता द्वारा दिए गए शिकायतकर्ता की शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी सुल्तानपुर ने जिला पंचायती राज अधिकारी (डी.पी.आर.ओ) को टीम गठित कर ग्राम सभा में पूर्व प्रधान द्वारा किए गए घोटाले की जांच पंचायत भवन, खारा, में जांच के निर्देश दिए है। जांच होने से पूर्व प्रधान के हाथ पांव फूल गए हैं। देखना है कि जांच टीम की जांच में शिकायत सही पाई जाएगी या पूर्व प्रधान को क्लीन चिट मिलेगी।

# चन्दन शर्मा हत्या को लेकर परशुराम युवा वाहिनी में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक रजि. संगठन ने चंदन शर्मा के हत्यारों को गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिलाधिकारी से मुलाक़ात करके मुख्यमंत्री को पत्र भेजा और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की आरोपियों को जल्द से जल्द कठोर कार्यवाही करने की मांग रखी। इस मौके पर उपस्थित नगर अध्यक्ष अरविंद राय ने बताया कि एक अगस्त को जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर बंझना निवासी चंदन शर्मा की हत्या के मामले को उठाया गया है। जेसीबी चालक से विवाद के बाद कार सवार तीन लोगों ने उसकी कुचलकर हत्या कर दी। इस घटना में लगभग एक दर्जन लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस प्रशासन के द्वारा तत्काल प्रभाव से आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। इस मौके पर सौरभ मिश्रा कटका क्लब ने बताया कि आरोपी अभी भी पीड़ित परिवार को धमकी दे रहा है कि अभी एक हत्या हुई है, आगे और भी हत्या करूंगा। परिवार के अनुसार, मुख्य आरोपी कुरेभार थाने का हिस्ट्रीशीटर है और दबंग, माफिया किस्म का व्यक्ति है। पुलिस प्रशासन को तत्काल प्रभाव से आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए पीड़ित परिवार को 25 लाख का मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर नगर कोषाध्यक्ष संजय शुक्ला ने कहा है आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को 25 लाख मुआवजा यदि नहीं दिया गया तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान वेदांग एडवोकेट, संतोष मिश्रा, जय प्रकाश पाण्डेय, विपिन पाण्डेय, घनश्याम तिवारी,हरेंद्र मिश्रा, नीतिन मिश्र, शनि मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# मो0 सुनगढ़ी के वार्ड नं0 6 में सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर क्षेत्र में मोहल्ला सुनगढ़ी वार्ड नं0 06 में स्थित मदर ग्रेश पब्लिक स्कूल में सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार एवं स्थानीय सभासद श्रीमती रत्ना शुक्ला द्वारा फीता काट कर किया गया। सम्मेलन के लिये स्कूल को गुब्बारों एवं आकर्षक रंगोली द्वारा सजाया गया था। सम्मेलन में नवदम्पत्तियों, परिवार नियोजन के साधन अपनाने वाली लाभार्थियों तथा परिवार नियोजन के लक्ष्य दम्पत्तियों के साथ-साथ, क्षेत्र की सास, बेटा एवं बहूओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन के आरम्भ में सास, बेटा एवं बहू द्वारा एक दूसरे का परिचय कराया गया एवं उनकी एक विशेषता भी बतायी गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सम्मेलन में आये प्रतिभागियों का स्वागत करते हुये सास-बेटा-बहू सम्मेलन के आयोजन के उद्देश्य के विषय में जानकारी देते हुये बताया कि उक्त सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सास, बहू एवं बेटा के मध्य परस्पर समन्वय एवं संवाद को उनके पारस्परिक अनुभवों के आधार पर रूचिकर खेलों और गतिविधियों के माध्यम से बेहतर करना है जिससे वह प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति अपनी अवधारणों, व्यवहार एवं विश्वास में बदलाव ला सकें। परिवार नियोजन प्रबन्धक श्री अमित शर्मा द्वारा परिवार नियोजन का महत्व एवं बॉस्केट आफ च्वाइस के माध्यम से परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। सम्मेलन कां जिला अर्बन हैल्थ कोआर्डिनेटर कमल कुमार द्वारा पूरे कार्यक्रम का कुशल ढ़ग से प्रबन्धन करते हुये सम्मेलन में आये हुये प्रतिभागियों का धन्यवाद दिया गया एवं जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता श्री नितिन गंगावार द्वारा प्रत्येक माह की 01,09,16,24 को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस को प्रतिभागियों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। स्थानीय ए0एन0एम0 श्रीमती सन्त कुमारी द्वारा प्रतिभागियों को परिवार नियोजन के साधनों का प्रयोग कर दो बच्चों में अन्तर रखना एवं शादी के बाद 02 वर्ष का अन्तर रखने के विषय में जानकारी प्रदान की एवं छोटा परिवार होने के लाभ के विषय में प्रतिभागियों को अवगत करया। सम्मेलन में गुब्बारों की सहायता से रोचक खेल का भी आयोजन किया गया जिसके माध्यम से अधिक बच्चे होने पर परिवार में आने वाली कठिनाईयों एवं समस्याओं तथा कम बच्चे होने पर उनकी अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जरूरतों पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही छोटा परिवार सुखी परिवार का भी महत्व बताया गया।

# बीएलओ ड्यूटी का परिषदीय शिक्षकों ने किया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बल्दीराय इकाई के नेतृत्व में बुधवार को परिषदीय शिक्षकों ने बीएलओ ड्यूटी लगाए जाने का विरोध जताया। बल्दीराय तहसील में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक के बडी संख्या में शिक्षकों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार गुलाब सिंह सौंपते हुए बीएलओ ड्यूटी से शिक्षकों को मुक्त करने की मांग की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी विपिन कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों को शैक्षिक कार्यों से हटाकर गैर-शैक्षिक कार्यों में लगाने से विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों के साथ-साथ बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता भी प्रभावित होगी, अतः शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त किया जाए। विरोध प्रदर्शन में अध्यापक अवधेश तिवारी सूर्यकांत त्रिपाठी आशीष शुक्ला राहुल पांडे संदीप सिंह अखिलेश प्रताप सिंह अनुज तिवारी रजनीश कुमार राजेश कुमार धर्मेंद्र शुक्ला रविंद्र प्रताप सिंह संजीव यादव विजय क्रांति यादव मोहम्मद इलियास विपिन कुमार सिंह स्वामीनाथ प्रवीण कुमार मोहम्मद मुस्तकीम आशीष मिश्रा सूर्यकांत तिवारी राजेश कुमार रजनीश कुमार सुग्रीव शिवराम ऋषिराज अखिलेश कुमार अरविंद कुमार अंकित चौरसिया हर प्रसाद विष्णु दत्त पांडे राजकुमार योगेश प्रताप सिंह बृजनंदन आदि शिक्षक शामिल हुए।

# धराली आपदा के सबक

उत्तरकाशी की ताजा आपदा की गंभीरता को समझना हो तो 12 साल पहले की केदारनाथ त्रासदी को याद करना होगा। उत्तरकाशी जिले में कम से कम तीन जगहों पर बहुत कम अवधि में बादल फटे हैं और उनका परिणाम धराली गांव के एक बड़े हिस्से के गायब होने के रूप में सामने आया है। कितने लोगों ने अपनी जान गंवाई है, इसका अभी अनुमान लगाना संभव नहीं लेकिन, यह संख्या बड़ी होगी, यह तय है। उत्तराखंड में (पड़ोसी हिमाचल प्रदेश में भी) बादल फटना, भूस्खलन, पहाड़ दरकना-धंसना, नदियों का विकराल रूप धर लेना और अचानक ग्लेशियर फटना बेहद आम घटनाएं हो गई हैं। जो एक डरावना संकेत है। ऐसी हर एक घटना के बाद आमतौर पर प्रकृति को दोष दिया जाता है और भगवान से बचाने की गुहार लगाई जाती है, लेकिन इन दोनों से बात नहीं बनती। उत्तराखंड गठन के 25 साल में पहाड़ों में जितने व्यापक पैमाने पर निर्माण कार्य हुए हैं, हो रहे हैं और लोगों की आवाजाही बढ़ी है, वह चौंकाने वाली है। ये त्रासदियां संकेत दे रही हैं कि विकास के नाम पर प्रकृति के साथ जो खिलवाड़ हुआ है, उसकी कीमत अब लगातार चुकानी होगी। पहाड़ के आम जीवन में यह मान्यता है कि नदी अपने खोए हुए (बल्कि बिल्डरों द्वारा कब्जाए गए) रास्ते पर वापस जरूर आती है, भले ही 100 साल के अंतराल पर आए। धराली में नदी के प्रचंड वेग और उसके साथ बड़ी-बड़ी इमारतों, होटलों, घरों के बहने का दृश्य भयावह था लेकिन इसके लिए नदी बिल्कुल दोषी नहीं है। पहाड़ में प्राकृतिक आपदाएं नई नहीं हैं, ना ही इन्हें पूरी तरह रोका जा सकता है, लेकिन उनकी आवृत्ति और तीव्रता में बढ़ोतरी स्वाभाविक नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से मानवीय हस्तक्षेप का परिणाम है। अगर मोटे तौर पर देखें तो वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण भी हिमालयी क्षेत्र के मौसम में असामान्य परिवर्तन दिख रहे हैं। वर्षा का पैटर्न असंतुलित हो गया है। कभी महीनों तक सबकुछ सामान्य रहता है और फिर कुछ ही घंटों में मौसम तांडव करने लगता है। बादल फटना, जो पहले कभी कभार की घटना थी, अब हर बारिश में बार-बार सामने आ रहा है। प्रदेश में विगत दशकों में अनियंत्रित और अनियोजित विकास ने भी परेशानी बढ़ाई है। केदारनाथ आपदा, नाचनी गांव आपदा, रैनी गांव आपदा, जोशीमठ का नीचे धंसना और धराली की आपदा एक भयावह संकेत कर रही है कि कुछ दशकों बाद उत्तराखंड में कई रूपकुंड (जहां आज भी नरकंकाल बिखरे हुए हैं) होंगे। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के नाम पर जो ऑल वेदर रोड बनाई जा रही है, वह यहां के पहाड़ों के मिजाज के अनुरूप नहीं है। कच्चे पर्वतीय ढलानों को काटकर बनाई गई चौड़ी सड़कों ने पहाड़ों की आंतरिक संरचना को कमजोर किया है। इससे भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। सरकार यहां आने वाले लोगों के लिए सुविधाएं विकसित करने पर जोर दे रही है, लेकिन यह समझने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है कि उत्तराखंड और यहां का पहाड़ी इलाका बाहरी लोगों की अनियंत्रित आवाजाही के लायक नहीं है। लोग इतने बेपरवाह हैं कि वे इन दिनों भी बड़ी संख्या में चारधाम यात्रा पर आ रहे हैं। पिछले सप्ताह ही सरकार ने करीब 5 हजार लोगों को केदारनाथ के रास्ते बमुश्किल सुरक्षित निकाला है। पर्यटकों की हर साल बढ़ती संख्या यहां के बुनियादी ढांचे पर दबाव पैदा कर रही है। नदी किनारे बसाहट और अवैज्ञानिक निर्माण ने भागीरथी, मंदाकिनी, अलकनंदा जैसी बड़ी नदियों से लेकर छोटी बरसाती नदियों तक के किनारों को होटलों, होमस्टे और बाजारों से ढक दिया है। यह निर्माण आर्थिक दृष्टि से भले लाभदायक लगे, लेकिन ये आपदा प्रबंधन के मानदंडों पर खरे नहीं उतरते। बाढ़, भूस्खलन या मलबे की घटना इन्हें पूरी तरह नष्ट कर देती है, जैसा धराली में देखने को मिला। इस परिप्रेक्ष्य में बड़ा सवाल यह कि क्या सरकार, प्रशासन और लोगों ने इन संकेतों से कुछ सीखा है? हर त्रासदी के बाद राहत और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया तो आरंभ होती है, लेकिन दीर्घकालिक समाधान और नीतिगत परिवर्तन नदारद रहते हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि आपदाएं कुछ ठेकेदारों और परियोजना संचालकों के लिए लाभ का माध्यम बन जाती हैं। इन सभी घटनाओं ने यह भी स्पष्ट किया है कि उत्तराखंड की आपदा प्रबंधन प्रणाली में खामियां हैं।

# भारतीय हथकरघा: परंपरा और नवाचार दोनों की आवश्यकता

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (07 अगस्त) पर विशेष

**भारतीय हथकरघा उद्योग का स्थायित्व बनाए रखने के लिए परंपरा और नवाचार दोनों को अपनाने की आवश्यकता है। भारत कपास, रेशम, ऊन, जूट और नारियल के रेशों जैसे प्राकृतिक फाइबर से समृद्ध है, और यहाँ बाँस, केले के फाइबर, हेम्प और मिल्कवीड जैसी नई सामग्रियों की खोज तेज़ी से हो रही है। कृषि अपशिष्ट की एक बड़ी मात्रा भी अभी तक पूरी तरह से उपयोग में नहीं आ पाई है। इस प्रचुरता के बावजूद, वास्तव में टिकाऊ उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर यार्न और वस्त्र प्रसंस्करण को मजबूत करने की अभी भी आवश्यकता है। वस्त्र क्षेत्र में उद्यमों के सर्कुलर उत्पादन में तेजी आ रही है।**

हथकरघा क्षेत्र भारत में सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है, जो देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है। स्थानीय बुनकरों द्वारा नैतिक रूप से निर्मित हथकरघा और दस्तकारी वस्त्र, बड़े पैमाने पर उत्पादित फास्ट फैशन का एक सार्थक विकल्प प्रस्तुत करते हैं। ऐसा करके, ये भारत की समृद्ध विरासत को आधुनिक विश्व के लिए एक व्यापक स्थिरता की कहानी में शामिल करते हैं।

टिकाऊ वस्त्र इको-सिस्टम के निर्माण के लिए ग्रामीण हथकरघा और हस्तशिल्प क्लस्टरों को सहायता देना महत्वपूर्ण है। ये क्लस्टर भारतीय शिल्पकला की उन जीवंत परम्पराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें परिवारों और समुदायों द्वारा पीढ़ियों से कायम रखा गया है। निजी क्षेत्र और सामाजिक उद्यमों ने इस क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। उनका कार्य पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के साथ नवाचार, स्थानीय स्रोत, रि-साइक्लिंग और अप-साइक्लिंग तथा पारंपरिक प्रथाओं के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने तक फैला हुआ है। ये प्रयास सहयोग के माध्यम से कारीगर समुदायों को सशक्त बनाने, शिल्पकारों और डिजाइनरों के बीच साझेदारी बनाने, उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने और कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। जापान के ओसाका में आयोजित विश्व एक्सपो 2025 और अमेरिका के सांता फ़े में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लोक कला बाजार जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर भारतीय शिल्पकारों की हालिया भागीदारी उनकी अनुकूलनशीलता और वैश्विक अपील को दर्शाती है। भारत सरकार अनेक योजनाओं और पहलों के माध्यम से वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र (टेक्सटाइल इको-सिस्टम) का समर्थन करती है। इनमें कच्चे माल की खरीद, करघों और सहायक उपकरणों आदि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहन, कौशल विकास कार्यक्रम तथा पारंपरिक हथकरघों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मार्केटिंग प्रयास शामिल हैं। पर्यावरण-अनुकूल और सर्कुलर प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने, जैविक कच्चे माल तक पहुँच में सुधार लाने और नैतिक प्रथाओं के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने पर भी ज़ोर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों ने हथकरघा बुनकरों के लिए अवसरों का काफी विस्तार किया है। 'कौशल भारत' और 'डिजिटल भारत' जैसे अन्य कार्यक्रम कारीगरों को अपने कौशल को अपग्रेड करने और अपने कार्यस्थलों से सीधे बड़े बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बना रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास को बनाए रखने के लिए हथकरघा परंपराओं का दस्तावेजीकरण और संरक्षण भी समान रूप से आवश्यक है। वस्त्र मंत्रालय के नेतृत्व में डिजिटल संग्रह, भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष, पारंपरिक और समकालीन ज्ञान दोनों को संग्रहित करके इस उद्देश्य की पूर्ति करता है। यह मंच अनुसंधान डेटा, डिजाइनर और कारीगर प्रोफाइल, एक वर्चुअल संग्रहालय और डिजिटल प्रदर्शनियां उपलब्ध कराता है, जिससे यह विद्वानों, शिक्षार्थियों और शिल्प उत्साही लोगों के लिए एक मूल्यवान संसाधन बन जाता है। हथकरघा क्षेत्र को अधिक लक्ष्य-उन्मुख और लाभदायक बनाने के लिए व्यवसाय-केंद्रित रणनीति आवश्यक है। को-ऑप्टेक्स, बोयानिका अथवा टाटा ट्रस्ट द्वारा अन्तरान जैसे हथकरघा मार्केटिंग संगठनों की केस स्टडी से पता चलता है कि व्यवस्थित योजना, चाहे वह समितियों, सहकारी समितियों के प्रोत्साहन के माध्यम से हो अथवा गैर-लाभकारी संस्थाओं के साथ सहयोग के माध्यम से हो, हथकरघा बुनकरों की आय और आजीविका में महत्वपूर्ण सुधार ला सकती है। इसे हासिल करने के कई तरीके हैं। पारंपरिक और आधुनिक, दोनों बाज़ारों के लिए नए डिज़ाइन विकसित करने के साथ-साथ पारंपरिक डिज़ाइनों को पुनर्जीवित करना, खासकर थीम-आधारित प्रदर्शनियों के ज़रिए, ग्राहकों को शिक्षित करने और माँग बढ़ाने में मदद कर सकता है। अंगवस्त्रम, वेष्टी और मुंडू जैसे उत्पादों को भी प्रासंगिक बने रहने के लिए विचारशील डिजाइन नवाचार की आवश्यकता होती है। वर्तमान आंकड़ों से पता चलता है कि केवल 22% हथकरघा बुनकर साड़ियां बनाते हैं और 19% अंगवस्त्रम और इसी तरह के उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे 59% ऐसे बुनकर बचते हैं जिन्हें घरेलू साज-सज्जा और वस्त्र सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित और सक्रिय किया जा सकता है। आधुनिक रुचियों के अनुरूप ढलते हुए, भारतीय हथकरघा को परिभाषित करने वाले अद्वितीय क्षेत्रीय कौशल और तकनीकों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। जैविक फाइबर, प्राकृतिक रंगों और टिकाऊ सामग्रियों के उपयोग से हथकरघा उत्पादों का मूल्य और आकर्षण और अधिक बढ़ सकता है। वस्त्र मंत्रालय संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार जैसे पुरस्कारों के माध्यम से बुनकरों के योगदान को सक्रिय रूप से मान्यता प्रदान कर रहा है और उन्हें पुरस्कृत कर रहा है। हाल के वर्षों में, नई श्रेणियां शुरू की गई हैं, जैसे कि महिला बुनकरों, जनजातीय कारीगरों, दिव्यांग बुनकरों, नवोन्मेषी उत्पादक समूहों और हथकरघा के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने वाले डिजाइनरों के लिए पुरस्कार। उल्लेखनीय है कि युवाओं को युवा बुनकर



पुरस्कार भी दिया जाता है, जो 30 वर्ष से कम आयु के ऐसे कारीगरों को दिया जाता है, जिन्होंने पारंपरिक तकनीकों में निपुणता प्राप्त कर ली है तथा नवाचार अथवा उद्यमिता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हैं। ये पुरस्कार न केवल प्रतिष्ठित हैं बल्कि पारदर्शी और लोकतांत्रिक भी हैं, तथा इनके साथ नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिए जाते हैं। संत कबीर, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार विजेताओं को आजीवन 8,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाती है। इसका उद्देश्य हथकरघा के क्षेत्र में नवाचार, विशेष रूप से ऐसी तकनीकों और सौंदर्यबोध को बढ़ावा देना है, जिनकी मशीनों अथवा पावरलूमों द्वारा नकल नहीं की जा सकती है।

भारतीय हथकरघा उद्योग का स्थायित्व बनाए रखने के लिए परंपरा और नवाचार दोनों को अपनाने की आवश्यकता है। भारत कपास, रेशम, ऊन, जूट और नारियल के रेशों जैसे प्राकृतिक फाइबर से समृद्ध है, और यहाँ बाँस, केले के फाइबर, हेम्प और मिल्कवीड जैसी नई सामग्रियों की खोज तेज़ी से हो रही है। कृषि अपशिष्ट की एक बड़ी मात्रा भी अभी तक पूरी तरह से उपयोग में नहीं आ पाई है। इस प्रचुरता के बावजूद, वास्तव में टिकाऊ उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर यार्न और वस्त्र प्रसंस्करण को मजबूत करने की अभी भी आवश्यकता है। वस्त्र क्षेत्र में उद्यमों के सर्कुलर उत्पादन में तेजी आ रही है। वर्तमान समय में भारत की गहन भौतिक संस्कृति के बारे में जागरूकता बढ़ रही है, यह केवल यार्न और फैब्रिक में ही नहीं, बल्कि परिधानों के सहायक उपकरणों में भी बढ रही है, जिनका पर्यावरणीय प्रभाव के लिए मूल्यांकन किया जा रहा है। बचे हुए कपड़ों और धागों का उपयोग करके बनाए गए पुनर्चक्रित संग्रह लोकप्रिय हो रहे हैं, जो पारंपरिक, टिकाऊ प्रथाओं के पुनरुद्धार में योगदान दे रहे हैं। यह आंदोलन पर्यावरण के प्रति जागरूक फैशन की ओर एक व्यापक वैश्विक बदलाव को दर्शाता है। आज, तेज़ी से बढ़ते शहरी प्रवास और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के साथ, पारंपरिक बुनकर की अपने करघे पर भूमिका प्रतीकात्मक से कहीं ज़्यादा बढ़ गई है, अब यह हरित तकनीक और सांस्कृतिक संरक्षण का एक सशक्त उदाहरण बन गई है। भारत की हथकरघा विरासत एक ऐसा मार्ग प्रशस्त करती है जो पर्यावरण और शिल्प से जुड़े लोगों का सम्मान करती है और देश को ज़िम्मेदार एवं नैतिक फ़ैशन के क्षेत्र में अग्रणी बनाती है।

**गिरिराज सिंह, केंद्रीय वस्त्र मंत्री**

# धराली आपदा : यह हम सभी के चेत जाने का समय है

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

यह अजीब विडंबना है कि जब कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो हम सिर्फ़ मरने वालों पर शोक प्रकट करते हैं जबकि जिनके लालच, उपेक्षा और मूर्खता से वह आपदा आई, उन पर सवाल उठाने का साहस नहीं करते। एक नदी के बहाव में बहे मकानों और दुकानों को देखकर हम आंसू तो बहाते हैं, लेकिन क्या हम उस कुकर्म पर विचार करते हैं जिसने नदी की गोद में घर बनवा दिए? आज भारत के पहाड़ों से लेकर मैदानों तक, हर जगह मनुष्य का प्रलोभन ही विनाश का बीज बन चुका है। हाल की घटनाएं- उत्तरकाशी, जोशीमठ, केदारनाथ, किन्नौर या हिमाचल की तबाही- सभी हमें याद दिलाती हैं कि जब मनुष्य अपने हित में प्रकृति की रेखाएं मिटा देता है, तो नदी, पहाड़, बादल और धरती एक दिन सबकुछ वापस ले लेते हैं।

मेरे घर के पास एक छोटा-सा रेस्तरां है। उसके नल से दिन-रात पानी टपकता रहता है। मैंने कई बार कहा, लेकिन उन्हें फर्क नहीं पड़ा। एक ढीला वॉशर बदलने से समस्या हल हो सकती है, लेकिन सौ-पचास रुपये की मरम्मत उनके लिए बेमतलब है। पानी बहता है, तो बहता रहे। क्या यह एक रेस्तरां तक सीमित लापरवाही है? बिल्कुल नहीं। यह प्रतीक है उस मानसिकता का जो कहती है- ''जो हो रहा है, होने दो। हमें क्या फर्क पड़ता है?'' इस सोच के कारण हर दिन लाखों लीटर पानी व्यर्थ जाता है, गाड़ियों से निकलती धुआं-संस्कृति जारी रहती है, कचरे में दम तोड़ती गायें खड़ी रहती हैं और हिमालय की छाती पर रिसॉर्ट्स उगते रहते हैं।

भारत का हिमालय क्षेत्र न सिर्फ़ भौगोलिक, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी हमारी धरोहर है परंतु अब वह पर्यटन का बाजार बन चुका है। पहाड़ों की आत्मा शांति थी, अब वह शोर में डूब चुकी है। दो दिन की छुट्टी मिलते ही लाखों लोग सेल्फी, शराब और शोरगुल की भूख लिए हिमालय पर टूट पड़ते हैं। वे वहां शांति खोजने नहीं जाते, बल्कि वहां भी उसी बाजार को बसाना चाहते हैं जिससे भागने का दावा करते हैं। रिसॉर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, पार्किंग, रोड- हर जगह अतिक्रमण है। पहाड़ की सीमित सहन शक्ति की कोई चिंता नहीं। जिस ज़मीन को सदियों से पेड़ों ने थामा हुआ था, वहां अब कंक्रीट की मोटी परतें बिछ गई हैं। जब बरसात आती है, तो वह ज़मीन अपने भीतर पानी को नहीं समेट पाती- परिणामस्वरूप, वही जल वेग बनकर जान लेता है।

बादल फटते हैं, बाढ़ आती है और हम सोशल मीडिया पर दुख प्रकट करके आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन क्या हम पूछते हैं कि उस बाढ़ ने रास्ता क्यों बदला? क्या वह प्राकृतिक था या उसे रोका गया था? नदियाँ सदियों से बहती आई हैं, उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाया है। लेकिन जब हम घाटी में मकान बना लेते हैं, नदी के किनारे होटल ठोक देते हैं, तो वह नदी अपने रास्ते पर दोबारा लौटेगी ही। उत्तरकाशी की हालिया त्रासदी में पूरा गांव बह गया। लेकिन वह गांव पहाड़ों की गोद में नहीं था- वह नदी के पाट में बना था। यह कोई आस्था नहीं थी, यह लालच था। लालच कभी सुरक्षित नहीं रहता। कठोर शब्द हैं, लेकिन सच यही है कि हम एक संवेदनहीन समाज में तब्दील हो चुके हैं। हम आपदाओं को रोकने के बजाय उनका इंतज़ार करते हैं ताकि मीडिया को दृश्य मिलें और सरकारें मुआवज़े का तमाशा कर सकें। हमने पर्यावरण को सिर्फ़ एक 'डॉक्युमेंट' बना दिया है। नीति आयोग से लेकर नगर पंचायत तक, हर स्तर पर विकास का मतलब अतिक्रमण हो गया है। क्या यह दुखद नहीं कि पहाड़ों पर हो रही तबाही के बीच भी लोग 'डील' खोज रहे हैं- ऑफ सीजन होटल सस्ते मिल जाएंगे? क्या हमने चेतना खो दी है? दिल्ली के डीएनडी फ्लाईओवर पर एक ऑटो चालक ने मुझे बताया कि उसने किसी को यमुना में प्लास्टिक की बोतल फेंकते देखा और बहुत दुखी हुआ। एक छोटे इंसान की बड़ी भावना! लेकिन क्या उस भीड़ को कोई समझा सकता है जो हर नदी, हर घाट, हर पहाड़ को बस 'घूमने की जगह' समझती है? हमारी आंतरिक यात्रा कभी शुरू ही नहीं होती। हम गाड़ी में बैठकर पहाड़ तक तो पहुंच जाते हैं लेकिन हमारे अंदर का इंसान वहीं के वहीं मैदान में पड़ा रहता है- लालची, उपभोगी और शोरगुल में डूबा। रेस्तरां का टपकता नल भले ही प्रतीकात्मक हो लेकिन यह उसी उपेक्षा का प्रतीक है जो हमने हिमालय और पर्यावरण के साथ बरती है। हम जिस संसाधन को रोज़ टपकने देते हैं- पानी, हवा, हरियाली, मिट्टी, हिमनद- वे एक दिन सूख जाएँगे। फिर नल नहीं टपकेगा, तब शायद उसमें से हवा भी न निकले। हम गाय को कचरा खिला कर भी उससे दूध की उम्मीद रखते हैं।

## सेहत मंत्र

# हृदय और पेट से जुड़ी सभी बीमारियों को खत्म करने में मदद करता है हरा नारियल

हरे नारियल ढ़ेर सारे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। पानी वाला यह नारियल आपके सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन बॉडी में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के साथ शरीर में सभी पोषक तत्वों की कमी को पूरा करती है। हरे नारियल में मौजूद पानी और उसका अंदरूनी सफ़ेद हिस्सा, जिसे आमतौर पर मलाई कहा जाता है, ये दोनों ही आपके शरीर को प्रभावशाली पोषक तत्व और स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। नारियल पानी एक बहुत ही स्वादिष्ट और कम कैलोरी वाला प्राकृतिक पेय है। मिनरल्स से भरपूर हरा नारियल का पानी इम्यून सिस्टम मजबूत करता है और आपको कई बीमारियों से बचाता है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन, फाइबर, मैग्नीशियम, पोटैशियम, सोडियम और कार्बोहाइड्रेट भरपूर मात्रा में पाये जाते हैं जो आपके ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने, बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने, ब्लड प्रेशर ठीक रखने और दिल को स्वस्थ रखने में काफी मददगार होता है। पकने की प्रक्रिया के दौरान नारियल का बाहरी रंग धीरे-धीरे भूरा होने लगता है। नारियल के अंदर मौजूद सफ़ेद भाग धीरे-धीरे गाढ़ा होने लगता है। 6 महीने तक इसमें केवल पानी होता है। 8-10 महीने में नारियल के बाहरी हिस्से में अधिक पीले या भूरे रंग के धब्बे होते हैं। इसका पानी मीठा हो जाता है और अंदर जेली जैसा बनने लगता है, जो धीरे-धीरे गाढ़ा हो जाता है। 11-12 महीनों में नारियल भूरे रंग का होने लगता है, और इसके अंदर का भाग सफ़ेद गाढ़ा और सख्त होने लगता है। इसमें पानी की मात्रा कम हो जाती है और फैट की मात्रा बढ़ जाती है। आइए जानते हैं ये किस प्रकार आपके स्वस्थ्य के लिए लाभदायक है। हरा नारियल का पानी पीने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है। शरीर में पानी की कमी हो जाने पर या फिर शरीर में तरल पदार्थ की कमी हो जाने पर शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है और आपको दस्त, उल्टी, सिरदर्द एसिडिटी, अल्सर, कोलाइटिस और आंतों में सूजन जैसी परेशानी हो जाती है। इसे ऊर्जा का अच्छा स्त्रोत माना जाता है जिसके कारण कमजोरी, थकान, चक्कर आने जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में आपकी मदद करता है।

## धर्म मंत्र

# शिवलिंग पर चढ़ा हुआ प्रसाद नहीं खाना चाहिए

हिंदू धर्म में देवी-देवताओं को भोग लगाने का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवी-देवताओं को चढ़ा प्रसाद खाने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। हम अक्सर भगवान को भोग लगाने के बाद उस प्रसाद को ग्रहण कर लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिवलिंग पर चढ़ा प्रसाद ग्रहण नहीं करना चाहिए। कुछ धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शिव जी के मुख से चण्डेश्वर नामक गण उतपन्न हुआ था। माना जाता है कि शिवलिंग पर चढ़ा हुआ प्रसाद, चण्डेश्वर का भाग होता है। इसलिए शिवलिंग पर चढ़ा हुआ प्रसाद ग्रहण करने की मनाही होती है। हालाँकि, शिव पुराण के अनुसार सभी शिवलिंग पर चढ़ा हुआ प्रसाद चण्डेश्वर का भाग नहीं माना जाता है। शिवपुराण के अनुसार, शिव जी का प्रसाद ग्रहण करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। शिवपुराण के अनुसार, मिट्टी, साधारण पत्थर और चीनी मिट्टी से बने हुए शिवलिंग पर चढ़ा हुआ ग्रहण नहीं करना चाहिए। ऐसे प्रसाद को बहते जल में प्रवाहित कर देना चाहिए। हालाँकि, धातु से निर्मित या पारद के शिवलिंग पर चढ़ा प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं। इसके अलावा शिव जी की प्रतिमा पर चढ़ा प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं। माना जाता है कि शिवजी की प्रतिमा पर चढ़ा प्रसाद ग्रहण करने से भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शिवलिंग के साथ शालिग्राम होने पर भी सभी दोष नष्ट हो जाते हैं। शिवलिंग के साथ शालिग्राम की पूजा करने के बाद प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं। अगर आप भी सावन में भोलेनाथ की पूजा कर रहे हैं तो धातु या पारद के शिवलिंग की पूजा करें। धातु या पारद के शिवलिंग पर चढ़ा प्रसाद ग्रहण करने से कोई दोष नहीं लगता है।

## पर्यटन



# राजा राम की नगरी के रूप में प्रसिद्ध है ओरछा पुरातन सभ्यता का है जीता जागता उदाहरण

ओरछा, मध्य प्रदेश का एक ऐतिहासिक शहर है जो बेतवा नदी के तट पर स्थित है। इस शहर को प्रसिद्ध रूप से 'महलों के शहर' के रूप में जाना जाता है। ओरछा के भव्य महलों और जटिल नक्काशीदार मंदिरों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यह शहर बुंदेल शासकों के स्मरण के लिए बनाए गए भित्ति चित्रों, फ्रेस्कोस और छत्रिस (सेनोटाफ्स) के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर बुंदेला राजपूत प्रमुख द्वारा 1501 में स्थापित किया गया था। ओरछा का शाब्दिक अर्थ है 'छिपी हुई जगह।' ओरछा के महलों और मंदिरों की मध्ययुगीन वास्तुकला, यहाँ आने वाले पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करती है। राम राजा मंदिर, ओरछा में स्थित एक विशेष धार्मिक महत्व का मंदिर है। ऐसा माना जाता है कि यह भारत का एकमात्र मंदिर है जहाँ भगवान राम को राजा राम के रूप में पूजा जाता है। राजा राम मंदिर को ओरछा मंदिर के रूप में भी जाना जाता है। 16 वीं शताब्दी में निर्मित यह मंदिर, हिंदू धर्म के अनुयायियों के बीच ओरछा किले परिसर में एक लोकप्रिय स्मारक है। यह माना जाता है कि संरचना मधुकर शाह के राज्य में एक गढ़ हुआ करती थी। जब भगवान राम ने शाह को सपने में दर्शन दिए और उन्हें अपनी मूर्ति स्थापित करने के लिए कहा तो उन्होंने इसे राम मंदिर में बदल दिया । रामनवमी के शुभ अवसर पर हजारों भक्त इस मंदिर में भगवान राम की पूजा करने के लिए जाते हैं। इस मंदिर की दिलचस्प बात यह है कि न सिर्फ उन्हें यहां एक राजा के रूप में पूजा जाता है, भक्ति और सम्मान के प्रतीक के रूप में बंदूक की सलामी भी दी जाती है। ओरछा किला, ओरछा में सबसे प्रसिद्ध स्थानों में से एक है। यह ओरछा में बेतवा नदी के तट पर स्थित है। किला 16 वीं शताब्दी के वर्ष में बुंदेला रुद्र प्रताप सिंह द्वारा बनाया गया था, जिसे पूरा होने में कई साल लगे थे। इसमें कई संरचनाएं शामिल हैं जैसे कि किले, महल, ऐतिहासिक स्मारक आदि।

# विद्यार्थियों के लिए आफत बना कुर्सी-देवा मार्ग, झाड़ियों में लुप्त हुआ फुटपाथ

## लोक निर्माण विभाग बना 'धृतराष्ट्र', छात्र बने 'अभिमन्यु'



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा (बाराबंकी)। कुर्सी-देवा मार्ग पर झाड़ियों का राज है और राहगीर उसकी प्रजा। करीब 13 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर पैदल चलना किसी साहसिक अभियान से कम नहीं। बरसात ने जैसे इन झाड़ियों को टॉनिक पिला दिया हो, फुटपाथ अब सिर्फ नाम का रह गया है—बाकी तो हरियाली की गहराई में खो चुका है।

साइकिल से स्कूल जाते छात्र-छात्राएं रोज़ाना 'झाड़ीविहार' करते हुए जान हथेली पर लेकर चलने को मजबूर हैं। बड़े वाहन जब गरजते हुए पास से गुजरते हैं तो ये मासूम यात्री डर से सड़क छोड़ झाड़ियों में समा जाना ही बेहतर समझते हैं।

लोक निर्माण विभाग पहले बरसात से पहले सफाई कराता था, अब सिर्फ बरसात के बाद बयान देता है। विभाग की आंखों पर संवेदनशीलता की नहीं, बल्कि 'प्रोजेक्ट रिपोर्ट' की मोटी पट्टी बंधी है। वहीं झाड़ियों ने न सिर्फ फुटपाथ, बल्कि रास्ते के संकेत बोर्डों तक को निगल लिया है। गांवों के नाम और दिशा सूचक बोर्ड अब लुका-छिपी खेल रहे हैं।

राहगीरों का कहना है कि अफसर और जनप्रतिनिधि तो एसी गाड़ियों में चलते हैं, उन्हें झाड़ियों की चुभन क्या समझ आएगी? छात्र-छात्राओं की समस्या पर उन्हें उतनी ही चिंता है जितनी मछली को बारिश की।

इस गंभीर समस्या पर जब सहायक अभियंता प्रियांक मणि त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने पुरानी परंपरा निभाते हुए भरोसा दिया—''जल्द ही टीम लगाकर सफाई कराई जाएगी।'' यानी समस्या का समाधान शीघ्र होगा, जैसे हमेशा होता आया है।

# साकेंद्र ने जनता को सौंपा बाल विकास कार्यालय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी।विकास खंड निंदूरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बसाया में नव निर्मित बाल विकास परियोजना कार्यालय का क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

बतौर मुख्य अतिथि कुर्सी विधायक श्री वर्मा ने कहा कि यह कार्यालय क्षेत्र की महिलाओं व बच्चों के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगा।आगे श्री वर्मा कहते है कि इस बार आपरेशन सिंदूर में जो सेना ने विजय प्राप्त की है वह विजय का उत्सव है।इस विजय के उत्सव में कोई घर ऐसा न बचे जिसपर तिरंगा न फहराया गया हो।विधायक ने सभी लोगों से अपने और आस-पास लोगों के घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की। जल्द ही बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने स्थिति क्रांति पार्क में विधायक निधि से 100 फीट ऊंचा तिरंगा लगेगा। सीडीपीओ अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि बाल विकास परियोजना कार्यालय के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा व सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा, भाजपा नेता श्रीश रावत, विशाल सिंह, सुनील रावत, प्रदीप रावत ,राजेश सिंह, राजन सिंह, रमाकांत बाजपेई ,सुनील विश्वकर्मा, दीपक यादव , महामंत्री नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# खलनायक बनी खाद्य सुरक्षा टीम माफियाओं की नींद उड़ी

## रक्षाबंधन की रौनक पर, ग्रहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा, बाराबंकी। रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व को देखते हुए जब पूरा जनपद राखियों की चमक और मिठाइयों की मिठास में डूबने को तैयार था, तभी कस्बा टिकैतगंज में अचानक ऐसा कुछ हुआ कि लोगों की आंखें फटी की फटी रह गईं। न पटाखा फटा, न डीजे बजा – फिर भी दुकानों के शटर ऐसे गिरे जैसे नोटबंदी की घोषणा हो गई हो। वजह? ''फूड इंस्पेक्टर आ गए हैं!'' – बस इतना सुनना था कि हड़कंप मच गया। जिन मिठाइयों को देखकर अब तक लोग ''वाह-वाह'' कर रहे थे, उन्हीं के पीछे चल रहे कैमिकलों के खेल ने असली रंग दिखा दिया। पिछले दो हफ्तों से कस्बे की गलियों में चुपचाप चल रही मिठाई मिलावट इंडस्ट्री को अचानक जैसे लकवा मार गया हो। कहां लौकी, कहां कुम्हड़ा, कहां कौन-सा केमिकल – सब कुछ मिक्स कर के 'गुलाब जामुन' जैसा दिखाने वाले कारनामे एक-एक कर पकड़ में आने लगे। टीम जब पहुंची तो मिठाई की दुकानों से लेकर किराने की दुकानों तक ने ऐसे शटर गिराए जैसे पुलिस नहीं, ईडी आ गई हो। कई दुकानदारों को तो यह कहते सुना गया – ''अबे जल्दी बंद कर, कल ही नया एसेंस मंगाया है, कहीं पकड़ा गया तो पहचान खत्म!'' लेकिन अफसोस, आज तक जो विभाग नींद में था, वह अब जग गया – और वो भी ऐसा जागा जैसे हनुमान जी को संजीवनी दिखा दी गई हो। पर जनता का भी क्या, जब मिलावट हो रही थी तब मिठाई को चखकर वाह-वाह करते थे, और अब छापा देखकर ऐसे चौंक रहे हैं जैसे पहली बार 'खोया' नकली मिला हो। कई जगह तो आलम यह था कि शटर के नीचे से लोग मिठाइयों को वापस अंदर खींचते पकड़े गए – शायद सोच रहे थे, ''पकड़े जाने से बेहतर है खुद खा लें, कम से कम नुकसान अपना होगा।'' खास बात ये भी है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की सक्रियता देखकर ऐसा प्रतीत हुआ जैसे साल भर की नींद रक्षाबंधन से ठीक पहले ही खुलती है। सवाल ये है कि अगर ये सजगता और जागरूकता साल भर बनी रहे, तो शायद त्योहारों पर नकली मिठाई खाने से लोगों को अस्पताल की जगह घर का आंगन नसीब हो।और अंत में यही कहा जा सकता है ''मिठास की आड़ में जहर परोसा गया, खाद्य विभाग आया तो शटर गिराया गया।कसूरवार कौन? ये समझ पाना कठिन है,क्योंकि बाजार में नकली भी अब असली से महंगा बिकता है !'

# धूप,धक्का और धांधली यह है खाद वितरण नीति

## खाद नहीं, किस्मत बांटी जा रही है !




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।खाद अब उर्वरक नहीं, ''उपलब्धि'' बन चुकी है। यूरिया पाने का संघर्ष अब किसान की खेती से नहीं, किस्मत से जुड़ गया है। बुधवार को सिद्धौर ब्लॉक के छूलापाही सहकारी समिति केंद्र पर ऐसा दृश्य देखने को मिला, मानो सरकार सबको विधायक टिकट बांट रही हो।सुबह होते ही किसानों की भीड़ ऐसे उमड़ी जैसे कोई कह रहा हो, ्लपहले आओ, पहले पाओ ऽ नहीं तो काला बाजार से ही जाओ !ङ्क उमस भरी गर्मी में किसान अपनी सांसें और आशाएं दोनों थामे लाइन में लगे रहे। स्थिति इतनी ''उर्वर'' थी कि खुद पसीना भी खेतों की तरह बह रहा था।बुजुर्ग किसान, जिनकी हड्डियाँ अब खेती कम और दवाई ज्यादा मांगती हैं, वो भी लाइन में ऐसे डटे रहे जैसे हर बोरी में जवानी भरी हो। धक्का-मुक्की, छीना-झपटी, और ''भाई साहब मैं पहले आया था!'' जैसी संवाद अदायगी भी देखने को मिली – माहौल कुछ वैसा था जैसे कोई फिल्म का ऑडिशन चल रहा हो, लेकिन रोल सिर्फ 'खाद पाने वाले भाग्यशाली' को मिलना है।पुलिस भी मौके पर थी, लेकिन हालात ऐसे थे कि उन्हें भी लगा, ''हम ट्रैफिक संभालें या ट्रैक्टर?'' किसान अगर खाद के लिए ऐसी एकता दिखा दें तो शायद अगला चुनाव भी यहीं से तय हो जाए।उधर अधिकारीगण कह रहे हैं, ्लखाद की कोई कमी नहीं है, आप लोगों को भ्रम है।ङ्ककिसान बोले, ्लहां जी, और भूख भी मानसिक स्थिति होती है।ङ्ककुल मिलाकर, स्थिति ये है कि खाद के थैले अब जरूरत नहीं, सपना बन चुके हैं – जो दिन में दिखता है, रात को खो जाता है। किसान सोच रहे हैं, खेती से ज्यादा तो अब खाद की लाइन में 'पसीना उत्पादन' हो रहा है।

# श्रवण प्रदोष पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब कांवड़ यात्रा में दिखी भक्ति की अनूठी छवि




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रदोष व्रत की शुभ तिथि पर जनपद के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने जलाभिषेक, रुद्राभिषेक व विशेष पूजन-अर्चन कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

प्रदोष व्रत के पावन दिवस पर मंगलेश्वर महादेव मंदिर, सेमरावां से करीब दो दर्जन शिवभक्तों का एक कांवड़ दल ब्रह्म मुहूर्त में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ रवाना हुआ। श्रद्धालुओं ने मार्ग में भजन-कीर्तन करते हुए, कांवड़ यात्रा की परंपरा का पालन करते हुए सिद्धौर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर गंगा जल से अभिषेक किया। इस पवित्र यात्रा में श्रद्धालुजन बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से लबरेज नजर आए। भक्तों ने मंदिर में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग, पुष्प और फल आदि अर्पित करते हुए भगवान शंकर की विधिवत पूजा-अर्चना की।

मुख्य रूप से शामिल श्रद्धालुओं में राम अभिलाष शुक्ला 'रामायणी', शिवकांत, आशुतोष, ऋषभ, कीर्ति, शालिनी, सुधा, राखी, निधि, करुणा, आस्था शुक्ला, सरस्वती, श्यामा कांत शुक्ला, श्रीमती सविता रावत, श्रीमती बबीता रावत समेत कई शिवभक्त सम्मिलित रहे।पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयघोषों से गूंजता रहा, जिससे वातावरण में दिव्यता और ऊर्जा का संचार होता रहा। इस धार्मिक आयोजन ने न केवल शिवभक्तों की आस्था को सशक्त किया, बल्कि क्षेत्र में भक्ति और सामूहिक सहभागिता की मिसाल भी पेश की।

### शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी का विरोध तेज, शिक्षक संघ ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंचायत चुनाव की तैयारियों के तहत जिले में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में बेसिक शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी लगाए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मोर्चा खोल दिया है।शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर उप जिलाधिकारी सदर विपिन कुमार द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा और शिक्षकों को बीएलओ की जिम्मेदारी से तत्काल मुक्त करने की मांग की।संघ पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों का कार्य केवल शिक्षण है, लेकिन बार-बार उन्हें गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है, जिससे न केवल उन पर अतिरिक्त भार पड़ता है, बल्कि छात्रों की पढ़ाई भी बाधित होती है।ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा।प्रतिनिधिमंडल में कुड़वार, बल्दीराय, दूबेपुर व कूरेभार ब्लॉकों के शिक्षक संघ पदाधिकारी शामिल रहे। प्रमुख नामों में निजाम खान, राम बहादुर मिश्रा, अब्दुल मजीद, डॉ. रीतेश सिंह, हेमंत यादव, धीरेंद्र राव, सुहेल सिद्दीकी, मुजफ्फर कलीम खान, मुहम्मद मुजतबा, बृजेश मिश्रा, विनय पांडेय सहित कई शिक्षक नेता शामिल थे।

### सर्पदंश से किशोरी की मौत

बेलहरा -बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रसोई में झाड़ू लगा रही किशोरी को लकडी ढेर में सर्प ने डस लिया। परिजनों की ना समझी कि वेझाड फूक में उलझ गए। देर से सरकारी अस्पताल पहुंचे।सीएचसी के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है।मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोकलापुर गांव निवासी जयकरन की 17 वर्षीय बेटी सोनम पाल बुधवार भोर करीब पांच बजे घर के किचन में झाडू लगा रही थी। इसी बीच किचन में रखी लकड़ियों को हटाने लगी तभी उसमें बैठा विषैला सर्प ने उसके हाथ में काट लिया। सोनम ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने पहले तो झाड़ फूक शुरू किया लेकिन हालत काफी गंभीर होने पर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक किशोरी क्षेत्र के साईं डिग्री कॉलेज में बीए की छात्रा थी।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग के द्वारा अनुदान पर वितरित यंत्रो का ई-लाटरी के माध्यम से चयन

पीलीभीतकैनविज टाइम्स संवाददाता। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2025-26 में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्ड्यू योजना के अनुदान पर यंत्र क्रय करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से दिनॉक 08.08.2025 को पूर्वान्हः 12:00 बजे से गॉधी सभागार, कलेक्टेट, जनपद पीलीभीत में किया जायेगा।उक्त के क्रम में जनपद के समस्त किसान भाई जिन्होने योजनाओं में अनुदान पर यंत्र क्रय करने के लिए आवेदन किया है, वह दिनॉक 08.08.2025 को पूर्वान्ह 12:00 बजे गॉधी सभागार, कलेक्ट्रेट पर उपस्थित हो, जिससे कि ई-लाटरी की प्रकिया की जा सके। जो भी कृषक भाई अनुपस्थित होंगे उन्हे उपस्थित किसान भाईयों एवं समिति के द्वारा किये गए ई-लाटरी से चयन प्रक्रिया से सहमत माना जायेगा एवं उन्हे कोई आपत्ति नही है, ऐसा मानकर प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

### कच्ची दीवार के मलबे में दबकर मासूम की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना अमेठी क्षेत्र के गांव ककवा में एक मकान की कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबाकर एक बच्चे की मौत हो गई तथा एक अन्य गम्भीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के ककवा गांव में युग कुमार वर्मा उम्र तीन वर्ष और सुमित मंगलवार की रात घर में सो रहे थे। इसी बीच बारिश की वजह से जर्जर हुई मिट्टी की एक दीवार उन पर गिर गई जिसके मलबे में दबने से युग की मौत हो गयी जबकि सुमित गम्भीर रुप से घायल हो गया।घायलावस्था में सुमित को उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# सरयू उग्र, गांव डूबे,फसलें जलमग्न प्रशासनिक व्यवस्था नाकाफी, पशुओं को चारा अभाव

## वंचितों को मिले योजनाओं का लाभ : मंत्री सतीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता





रामनगर/ सिरौली गौसपुर बाराबंकी। सरयू में नेपाली पाने आते ही विनाश लीला शुरू हुई। रामनगर तहसील के ग्राम सीताराम पुरवा मजरे लहड़रा में पक्की सड़क पानी में समाई है।जिससे आवागमन बाधित हो गया।इस क्षेत्र में सैकड़ों बीघा गन्ना व धान की फसलें डूब चुकी है। बड़ी समस्या पशुओं के चारे की हुई ।बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है।केंद्रीय जल आयोग के अनुसार नदी खतरे के निशान को पार कर फ्लड लेवल पर बह रही है।कई ग्रामों का आपस में संपर्क कट गया है बिजली भी कट गई है बाढ़ पीड़ितों को मिट्टी का तेल भी नहीं मिल पाता है जिससे उन्हें अंधेरे में जहरीले सांप आदि खतरनाक जानवरों से सामना करना पड़ता है कई बार सर्पदंश से जनहानि भी हो जाती है।तमाम बाढ़ पीड़ित ग्रामों के परिवारों की कठिनाई को देखते हुए जरूरी है कि पानी से घिरे ग्रामों में लोगों को सशुल्क मिट्टी का तेल उपलब्ध कराया जाए।जिसके प्रयोग से घरों में उजाला होगा और नाली में डालने से जहरीले जीव घर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

सिरौलीगौसपुर संवाददाता ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक एवं खाद्य- रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कोठरी गौरिया, भवरीकोल, बबूरिहा, इटहुआ, करौनी, सनावा बाढ़ रहात केंद्र आदि गांवों का निरीक्षण किया।मंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। तत्पश्चात संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि वे शिविर लगाकर लोगो की समस्याओं का निस्तारण करें।मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि उन लोगों को चिन्हित किया जाए जो सरकारी योजनाओं से वंचित है उन्हें हर हाल योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

## नाओमी ओसाका का बेहतरीन प्रदर्शन, स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी**

दिल्ली । दुनिया की पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी नाओमी ओसाका पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 एलीना स्वितोलिना को हराकर कनाडियन ओपन के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ओसाका ने इस दौरान स्वितोलिना को 6-2. 6-2 से हराकर डब्ल्यू 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इस जीत के साथ ही उनकी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। अब वह डब्ल्यू रैंकिंग में 51 से ठीक 29वें स्थान पर आ गई हैं, और टाइटल जीतने पर नंबर 21 तक जा सकती है। बता दें कि, आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में डब्ल्यूटीए टूर का खिताब जीतने वाली ओसाका ने 10वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ पांच में से चार ब्रेक प्वाइंट बचाए




और क्वार्टरफाइनल मुकाबला सिर्फ एक घंटे आठ मिनट में जीत लिया। वहीं यह ओसाका की स्वितोलिना के खिलाफ आठ मुकाबलों में पांचवीं जीत थी और इस जीत के साथ 27 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर में पहली बार कैनेडियन ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंची है। वहीं अब ओसाका का सामना 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन से होगा। टॉसन ने क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को 6-1, 6-4 से हराया। इस तरह से ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा।

जापान की मूल निवासी ये खिलाड़ी अपने करियर का आठवां और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहला खिलाब जीतने की कोशिश में हैं। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको दूसरे सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी।

## नोवाक जोकोविच ने छोड़ा सिनसिनाटी ओपन

**एजेंसी**

नई दिल्ली। 24 ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता और दुनिया के छठे नंबर के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन से नाम वापस ले लिया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने इसकी पुष्टि की है। दरअसल, 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने गैर-चिकित्सीय कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट में न खेलने का फैसला किया है। इससे पहले उन्होंने पीठ की तकलीफ के कारण कैनेडियन मास्टर्स से भी अपना नाम वापस ले लिया था। ये लगातार दूसरा मौका है जब जोकोविच एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट से हटे हैं। उनके नाम इस स्तर पर 45-12 का प्रभावशाली जीत-हार रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2023 के फाइनल में कार्लोस अल्काराज को हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी सबसे यादगार जीत दर्ज की थी। वह मुकाबला तीन सेटो में खेला गया था। इस सीजन में नोवाक जोकोविच का प्रदर्शन 26 जीत और 9 हार का रहा है।



उन्होंने मई 2025 में जिनेवा में अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब जीता था। उस जीत के बाद से वह केवल दो टूर्नामेंट खेले हैं फ्रेंच ओपन और विंबडलन, जहां दोनों बार उन्हें जैनिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में हार झेलनी पड़ी। अब उनके सामने यूएस ओपन 2025 है, जो 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। वहां उनका लक्ष्य होगा अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर महिला और पुरुष सिंगल्स दोनों को मिलाकर सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी करना। वह महिला वर्ग की दिग्गज मार्गरेट कोर्ट के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं।

## राष्ट्रमंडल खेल टीम करेगी अहमदाबाद का दौरा, 2030 की मेजबानी करना है मकसद

**एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों का एक दल मंगलवार से तीन दिन के लिए अहमदाबाद का दौरा करेगा। जहां वह गुजरात सरकार के अधिकारियों से मुलाकात करेगा क्योंकि भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की संभावनाएं बढ़ रही हैं। ये दल रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा और मंगलवार को अहमदाबाद में होगा। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिला है तो अहमदाबाद प्रस्तावित मेजबान शहर है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि, हां राष्ट्रमंडल खेल की एक टीम नयी दिल्ली में है और पांच से सात



अगस्त तक अहमदाबाद का दौरा करेगी। मेहमान दल ने यहां भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारी ने कहा कि, राष्ट्रमंडल खेल का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल इस महीने के आखिर में दौरा करेगा। पिछले महीने कनाडा के बोली की दौड़ से हटने के बाद भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल करने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

## एक दिन के लिए स्थगित हो गया चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट

**एजेंसी**

चेन्नई। चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को एक दिन के लिए स्थगित किया है और अब इसका आयोजन बुधवार की बजाए गुरुवार को होगा। आयोजकों को ये फैसला इसलिए लेना पड़ा क्योंकि जिस होटल में इसे होना है वहां आग लग गई। चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में भारत और अंतर्राष्ट्रीय सहित कई दिग्गज खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। ये इस टूर्नामेंट का तीसरा सीजन है।

भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट के निदेशक श्रीनाथ नारायण ने एक्स पर लिखा कि, पिछली रात होटल में आग लग गई जहां चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स होना था। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में भेजा गया है। टूर्नामेंट एक दिन के लिए स्थगित किया जाता है। खिलाड़ियों को अंततः




होटल वापस लाया गया, लेकिन सुरक्षा जांच के बाद टूर्नामेंट एक दिन बाद शुरू होगा। चेसबेस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई के होटल हयात रीजेंसी के नौवें तल्ले पर आग गई जिस कारण पूरे होटल में धुआं छा गया और सभी को होटल से बाहर निकाला गया। इस दौरान वहां सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। टूर्नामेंट के आयोजकों ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि मैच का समय वही रहेगा। लेकिन अब कार्यक्रम से रेस्ट डे हटाया गया है। उन्होंने कहा कि, समय वही रहेगा और टूर्नामेंट 15 अगस्त को ही समाप्त होगा। बीच में एक दिन का आराम था और अब वह कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है। चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये है। इस प्रतियोगिता में भारत के नंबर एक खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी, अनुभवी विदित गुजराती और नीदरलैंड के अनीश गिरी जैसे नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी एरिगेसी अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के अवॉन्डर लियांग के खिलाफ करेंगे। पहली बार इसमें मास्टर्स और चैलेंजर्स वर्ग में क्लासिकल राउंड रॉबिन प्रारूप में 9 से ज्यादा दौरे खेले जाएंगे। इससे पहले दो सत्र में सात दौरे ही खेले जाते थे। इसमें 19 ग्रैंडमास्टर्स भाग लेंगे और फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पाने के लिए अहम होंगे।

## ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी बदल दी: पहलवान अमन सहरावत

**एजेंसी**

पेरिस। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने से अमन सहरावत के कंधों से काफी बोझ उतर गया है लेकिन इस युवा पहलवान का कहना है कि वह इस उपलब्धि को पहले ही भूल चुके हैं क्योंकि अतीत की उपलब्धियों पर बैठे रहने से वह अपने बड़े सपनों को पूरा नहीं कर पाएंगे। छोटी सी उम्र में अनाथ हो जाने के कारण बिरोहर में जन्मे इस पहलवान के लिए ज़िंदगी आसान नहीं रही। उनके चाचा ने उनका पूरा साथ दिया, लेकिन पारिवारिक ज़िम्मेदारियां अमन पर भारी पड़ती रहीं। लेकिन पिछले वर्ष पेरिस में कांस्य पदक जीतने से उन्हें पहचान और पैसा मिला, जिससे उनका जीवन आसान हो गया।

विश्व चैंपियनशिप के लिए 57 किग्रा चयन ट्रायल जीतने के बाद अमन ने पीटीआई से कहा, ''ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी 90 फीसदी बदल दी। इससे पहले मुझे कोई नहीं जानता था। पहले मेरे प्रदर्शन पर गौर नहीं किया जाता था, लेकिन




पेरिस की सफलता के बाद लोग मुझे जानने लगे, मेरा सम्मान करने लगे। मुझे लगा कि मैंने देश के लिए कुछ किया है और 10-15 साल की कड़ी मेहनत रंग लाई है।''

उन्होंने कहा, ''ओलंपिक पदक भगवान का आशीर्वाद है। मुझे जीतने की उम्मीद भी नहीं थी। महिला पहलवानों से तो उम्मीदें ज़्यादा थीं। ये तो भगवान का दिया प्रसाद ही है।'' अमन ने कहा, ''इससे मुझे भी प्रेरणा मिली। लोग अब मुझसे स्वर्ण पदक की उम्मीद कर रहे हैं। मैं अपने कांस्य पदक को पहले ही भूल चुका हूं। मैं इससे संतुष्ट होकर यह नहीं कह सकता कि मैंने काफी कुछ हासिल कर लिया है। अब मैं स्वर्ण पदक के लिए तैयारी कर रहा हूं। शीर्ष स्तर पर सफलता ने किस प्रकार उनके जीवन को बदल दिया, इस बारे में उन्होंने कहा, ''अब मैं जो चाहूं खरीद सकता हूं। पहले मुझ पर दबाव था कि भविष्य में मुझे अपनी छोटी बहन को पढ़ाना है और उसकी शादी करनी है। अब मैं निश्चिंत होकर अभ्यास कर सकता हूं। अब मुझे पैसों की चिंता करने की ज़रूरत नहीं है।''

अमन ने कहा, ''ऐसा नहीं है कि हमारा ध्यान नहीं रखा गया। मेरे चाचा ने हमेशा हमारा साथ दिया है, लेकिन एक बड़े भाई की जिम्मेदारी क्या होती है इसके बारे में तो सभी सोचते हैं।'' पेरिस ओलंपिक के बाद से अमन ने सिर्फ दो टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया है। वह सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्होंने कहा, ''ओलंपिक के बाद, मैंने सोचा था कि मैं विदेश में अभ्यास करूंगा लेकिन चीजें हमेशा वैसी नहीं होतीं जैसी आप उम्मीद करते हैं। फिर मैं चोटिल भी हो गया।'' अमन ने कहा, ''ओलंपिक पदक जीतने के बाद हारने का डर भी मुझ पर हावी हो गया था। मैंने सोचा अगर मैं हार गया तो लोग कहेंगे कि सफलता ने मुझे बिगाड़ दिया है। इसलिए, कोचों ने कहा कि आप एक अलग स्तर पर हैं और मैट पर उतरने के लिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**एजेंसी**

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान

**एजसा**

ऑस्ट्रेलिया। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान हो गया है। इस 24 सदस्यीय टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह के कंधों पर होगी। वहीं ये दौरा 15 से 21 अगस्त तक चलेगा। वहीं इस टीम में पूवन्ना सीबी बतौर नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट में जो 29 अगस्त को बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत कौर के ही पास है, जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। वहीं डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे। वहीं टीम में मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर



तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे। एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि, हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा। टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने आगे कहा कि, हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिये चुना है। भारतीय टीम आठ अगस्त को बेंगलुरू से आस्ट्रेलिया रवाना होगी जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है। टीम इस प्रकार है- गोलकीपर : कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह , पूवन्ना सीबी मिडफील्डर : राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह फॉरवर्ड : मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे।

## कल्याण से हिसार और फिर विश्व चैंपियनशिप तक, ढाबा मालिक की बेटी वैष्णवी पाटिल चयन ट्रायल में छाई

**एजेंसी**

नई दिल्ली। आगामी विश्व चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में वैष्णवी पाटिल अपनी गति और मैट पर दबदबे के साथ छाई रहीं। उन्होंने अगले महीने जगरेब में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए अपनी प्रतिद्वंद्वियों को एक-एक करके मात दी। उनकी रणनीतिक कुशलता और मजबूत डिफेंस को देखते हुए यह विश्वास करना मुश्किल है कि उन्होंने केवल चार साल ही मैट कुश्ती में बिताए हैं।

मुंबई के कल्याण में एक ढाबा मालिक की बेटी वैष्णवी ने हालांकि काफी देर से शुरुआत की लेकिन वह इससे दोगुनी तेजी से देश में शीर्ष स्तर पर पहुंच गई हैं। वैष्णवी ने ट्रायल के फाइनल में मुस्कान को 7-2 से हराने के



बाद कहा, ''मैंने 2020 के अंत में मैट कुश्ती शुरू की। उससे पहले मैं सिर्फ मिट्टी की कुश्ती ही करती थी। जब मैंने 2016 रियो में साक्षी मलिक को पदक जीतते देखा तो मैंने तय कर लिया कि मुझे क्या करना है, मैं बस इसी खेल को अपनाना चाहती हूं। ''

उन्होंने कहा, ''मेरे पिता एक ढाबा चलाते हैं और मेरी मां गृहिणी हैं। मेरे माता-पिता मेरे लिए सब कुछ संभाल रहे हैं। महाराष्ट्र में ज्यादा अच्छी अकादमियां नहीं थीं तो मैं हिसार आ गई। '' बाईस साल की वैष्णवी सुशील कुमार अखाड़े में कोच जसबीर के अधीन प्रशिक्षण ले रही हैं। वैष्णवी 2016 ओलंपिक चैंपियन, तोक्यो (2021) और पेरिस खेलों (2024) की कांस्य पदक विजेता और सात बार की विश्व पदक विजेता अमेरिकी पहलवान हेलेन मारौलिस को अपना आदर्श मानती हैं। उन्होंने कहा, ''वह एक बेहतरीन पहलवान है। मैं यूट्यूब पर उनके मुकाबले देखती हूं। मैं अपने और देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मुझे विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का पूरा भरोसा है और अंततः मैं ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं।

## सेंसेक्स, निफ्टी में शुरुआती कारोबार में गिरावट

**एजेंसी**

नई दिल्ली। अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 111.17 अंक की गिरावट के साथ 81,074.41 अंक पर और एनएसई निफ्टी 33.45 अंक फिसलकर 24,734.90 अंक पर आ गया।अ सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से सन फार्मा के शेयर में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर भी नुकसान में रहे। हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एशियन पेंट्स और मारुति के शेयर में बढ़त दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट, दक्षिण कोरिया का



कॉस्पी और जापान का निक्की 225 नुकसान में रहे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.97 प्रतिशत फिसलकर 72.53 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 5,588.91 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# गंगोत्री और धराली में सेना की दो अतिरिक्त बचाव और राहत टुकड़ियां तैनात

## ड्रोन और बचाव कुत्तों की मदद से फंसे हुए नागरिकों का पता लगाने के प्रयास तेज

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना के बाद निचले हर्षिल क्षेत्र में एक शिविर से लापता भारतीय सेना के जवानों के बारे में कोई खबर नहीं है। इसके बावजूद भारतीय सेना के जवानों ने राहत कार्य तेज कर दिया है। अब तक 70 से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है। गंगोत्री और धराली में दो अतिरिक्त बचाव और राहत टुकड़ियां तैनात की गई हैं। हर्षिल से धराली तक सड़क मार्ग खोलने के लिए मिट्टी हटाने वाले उपकरण तैनात किए गए हैं। फंसे हुए नागरिकों का पता लगाने के लिए ड्रोन और बचाव कुत्तों की मदद ली जा रही है।





भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि निचले हर्षिल क्षेत्र में एक शिविर से 8-10 भारतीय सेना के जवान लापता बताए जा रहे हैं। इस घटना में अपने ही लोगों के लापता होने के बावजूद भारतीय सेना के जवान राहत कार्यों में लगे हुए हैं। सेना ने बुधवार को एक बयान में बताया कि उत्तराखंड के धराली में भूस्खलन के बाद अब तक 70 से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है। गंगोत्री और धराली में दो अतिरिक्त बचाव और राहत टुकड़ियां तैनात की गई हैं। हर्षिल से धराली तक सड़क मार्ग खोलने के लिए मिट्टी हटाने वाले उपकरण तैनात किए गए हैं। फंसे हुए नागरिकों का पता लगाने के लिए ड्रोन और बचाव कुत्तों की मदद ली जा रही है। निकाले गए लोगों को चिकित्सा सहायता और भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

उत्तरकाशी में बादल फटने के बाद बचाव दल का नेतृत्व कर रहे 14वीं राजपूताना राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हर्षवर्धन ने बताया कि धराली के खीरगाढ़ में हुए विनाशकारी भूस्खलन के बाद 150 कर्मियों के साथ महत्वपूर्ण बचाव और राहत कार्यों में लगे हुए हैं। यूनिट के बेस के बुरी तरह प्रभावित होने और 11 जवानों के लापता होने की आशंका के बावजूद टीम अटूट दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। अब तक 20 लोगों को बचाया जा चुका है। इस बीच बचाव कार्यों में अतिरिक्त टुकड़ियां भेजी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि खोज और बचाव अभियान जारी है और हर प्रभावित व्यक्ति तक पहुंचने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारतीय सेना प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कर्नल हर्षवर्धन ने बताया कि धराली गांव में भूस्खलन के 15 मिनट के भीतर ही बचाव कार्य शुरू हो गए थे। अब तक 130 लोगों को निकाला गया है। बाढ़ और भूस्खलन के बीच 70-80 लोगों को सुरक्षित गंगोत्री पहुंचाया गया है। क्षेत्र में राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जहां भोजन, पानी, आश्रय और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मौसम अनुकूल होने पर आवश्यक आपूर्ति, चिकित्सा सहायता और फंसे हुए निवासियों को निकालने के लिए सेना और वायु सेना के हेलीकॉप्टर तैयार हैं। हर्षिल में अतिरिक्त सैन्य टुकड़ियां तैनात की गई हैं, जो ट्रैकर डॉग्स, ड्रोन और भू-संचलन उपकरणों से लैस हैं।

कर्नल हर्षवर्धन ने बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से हमारी टीम दोनों ओर से कट गई थी, फिर भी हम बचाव कार्य जारी रखने में कामयाब रहे। आज सुबह हमने संपर्क स्थापित किया और धराली और मुखवा गांव को जोड़ने वाली एक क्रॉसिंग बनाई। बचाव अभियान में ड्रोन को भी लगाया गया। ड्रोन ने एक शव का पता लगाया और उसे बरामद कर लिया गया। आगे की कार्य योजना के बारे में उन्होंने कहा कि मौसम अनुकूल होते ही बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए सेना की 2 या 3 अतिरिक्त पैदल टुकड़ियां तैनात की गई हैं, क्योंकि भूस्खलन का दायरा बहुत बड़ा है और कई रास्ते पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। हम प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए नए पहाड़ी इलाके बना रहे हैं। लापता लोगों का पता लगाने के लिए ड्रोन पहले ही तैनात कर दिए गए हैं।

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अनुसार उत्तराखंड में लगातार भारी बारिश के कारण उत्तरकाशी और गंगोत्री के बीच एनएच-34 राजमार्ग पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पापड़गाड़ में 100 मीटर का हिस्सा बह गया है और धराली के पास भारी मलबा आने से सड़क अवरुद्ध हो गई है। बीआरओ लगातार हो रही बारिश और कठिन परिस्थितियों के बावजूद क्षति की मरम्मत के लिए काम कर रहा है।

# कर्तव्य भवन में आत्मनिर्भर भारत की कहानी लिखकर विकसित भारत का सपना करेंगे साकार : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवनिर्मित कर्तव्य भवन को संविधान की मूल भावना का उद्घोष बताते हुए कहा है कि इसमें जो नीतियां और निर्णय लिए जायेंगे उनसे आत्मनिर्भर भारत की कहानी लिखने के साथ साथ विकसित भारत का सपना साकार किया जायेगा।

श्री मोदी ने बुधवार को यहां सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत केन्द्रीय सचिवालय भवनों में से एक कर्तव्य भवन-3 का दिन में उद्घाटन किये जाने के बाद शाम को एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस नये भवन से देश को गरीबी से मुक्त करने के साथ साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है।




प्रधानमंत्री ने कर्तव्य भवन को कर्मचारियों तथा पृथ्वी दोनों के अनुकूल बताते हुए कर्मचारियों से लोगों के कामों को सेवाभाव से पूरा करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को नये भवन में अपने कार्यों को यादगार बनाने तथा फाइलों को लेकर नजरिया बदलना होगा और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना होगा। श्री मोदी ने कहा कि कर्तव्य पथ, संसद भवन , रक्षा भवन,यशो भूमि, युद्ध स्मारक और कर्तव्य भवन के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि ये केवल कुछ नये भवन नहीं हैं , अमृत काल में इन्हीं भवनों में विकसित भारत की नीतियां और निर्णय लिए जायेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों में यहीं से राष्ट्र की दशा तय होगी। कर्तव्य भवन के नाम को लेकर उन्होंने कहा कि इस इमारत को बहुत मंथन के बाद कर्तव्य भवन नाम दिया गया है। उन्होंने कहा ये हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष करते हैं।ङ्क उन्होंने गीता के एक शलोक का हवाला देते हुए कहा , ल्ल हमें फल की इच्छा के बिना कर्म करना चाहिए। कर्तव्य भारतीय संस्कृति में केवल दायित्व तक सीमित नहीं है। कर्तव्य हमारे देश के कर्म प्रधान दर्शन की मूल भावना है। यह केवल इमारत का नाम भर नहीं है ये करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने की कर्मभूमि है। पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भारत के साथ आजाद हुए कितने ही देश इतनी तेजी से आगे बढ गये लेकिन भारत उनकी गति से आगे नहीं बढ पाया। उन्होंने कहा कि हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम समस्याओं को आने वाली पीढ़ियों के लिए छोड़कर नहीं जाये। श्री मोदी ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक देश की प्रशासनिक मशीनरी उन इमारतों से चलायी गयी जो ब्रिटिश काल में बनी थी। इनमें स्थिति कितनी खराब थी यहां कार्य करने वालों के लिए पर्याप्त जगह और रोशनी नहीं थी। गृह मंत्रालय सौ वर्षों से एक ही इमारत में अपर्याप्त संसाधनों से चल रहा था। विभिन्न मंत्रालय दिल्ली के 50 अलग अलग जगहों पर चल रहे थे इनमें से कुछ किराये के भवनों से चल रहे थे। इस पर काफी पैसा खर्च हो रहा था। इनके किराये पर डेढ हजार करोड़ रूपया प्रतिवर्ष जा रहा था। उन्होंने कहा कि हजारों कर्मचारियों को एक मंत्रालय से दूसरे में आना जाना पड़ता है इससे कितना समय खराब होता है और गाडियों के लिए पेट्रोल खर्च होता है। नये भवन की सुविधाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इक्कसवीं सदी के भारत को इक्कसवीं सदी की सुविधाएं भी चाहिए जो बेहतरीन हों। उन्होंने कहा, ल्ल ऐसे भवन चाहिए जहां कर्मचारी सहज हो , फैसले तेज हों और सेवाएं सुलभ हों। इसीलिए इन भवनों को निर्माण किया जा रहा है अभी अन्य भवनों का निर्माण चल रहा है। इससे कर्मचारियों को सही कामकाज का माहौल मिलेगा उनका आउटपुट बढेगा और किराये का पैसा भी बचेगा। देश की विभिन्न बड़ी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ये भारत के वैश्विक प्रतिबिंग का विजन भी है। उन्होंने कहा कि सरकार होलिस्टिक विजन के साथ देश के नव निर्माण में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर नयी संसद बनी है तो तीन हजार से ज्यादा पंचायत भवन भी बने हैं । कर्तव्य भवन बना है तो चार करोड़ नये पक्के मकान भी बनाए गये हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा कि वह कहते थे कि कर्तव्य और अधिकार आपस में जुड़े हैं कर्तव्य से ही अधिकारों को बल मिलता है। सरकार के लिए भी कर्तव्य सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि पिछला एक दशक देश में सुशासन का दशक रहा है। सरकार ने व्यापक और दूरदर्शी सुधार किये हैं। पिछले 11 वर्षों में पारदर्शी कार्य प्रणाली विकसित की गयी है। उन्होंने कहा कि देश में दस करोड़ लाभार्थी ऐसे थे जिनका कभी जन्म ही नहीं हुआ था और सरकार उनके पैसे भेज रही थी। यह पैसा फर्जी लाभार्थियों के नाम पर बिचौलियों के खाते में जा रहा था। सरकार ने अब इन सभी नामों को हटा दिया है। इससे देश के चार लाख 30 हजार करोड़ रूपये गलत हाथों में जाने से बचे हैं। यह देश के विकास के काम आ रहा है। उन्होंने कहा कि केवल भ्रष्टाचार और लीकेज ही नहीं बेवजह के कानून भी नागरिकों के लिए परेशानी का सबब है। सरकार ने 1500 कानूनों को निरस्त कर दिया है। नये भवन में हम वह काम करके दिखायेंगे जिसमें भारत को गरीबी से पूरी तरह मुक्त करना है। इन्हीं भवनों से विकसित भारत का सपना साकार करना है मिलकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है और आत्मनिर्भर भारत की कहानी लिखनी है। हमें भारत की ताकत को बढाना है जिससे दुनिया में उसकी पहचान बनें। हमें विकास और विरासत की विजन पर देश को आगे बढाना है।

# एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन जाएंगे मोदी

## गलवां घाटी संघर्ष के बाद होगा पहला दौरा

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। पीएम मोदी की 2020 में गलवां घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद पहली चीन यात्रा होगी। उन्होंने पिछली बार 2019 में चीन का दौरा किया था। चीन जाने से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान दौरा पर पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

एससीओ सदस्य देशों के साथ चर्चा में क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद और व्यापार पर चर्चा होगी। भारत-चीन संबंधों में स्थिरता और संवाद बहाल करने के प्रयास किए जाएंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अनौपचारिक मुलाकात की संभावना है। हालांकि पीएम मोदी की जापान और चीन की यात्रा के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले अक्तूबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा तनाव कम करने के प्रयासों में तेजी आई। वहीं पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि सदस्य देशों को संगठन के मूल उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतनी चाहिए। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है। उन्होंने कहा था कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धार्मिक तनाव पैदा करने के मकसद से किया गया था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी।

## अडानी के खिलाफ अमेरिका में जांच से ट्रंप की धमकियों से बच रहे हैं मोदी : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है इसलिए श्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री ट्रंप की बार-बार की धमकियों पर श्री मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करता है। उनका कहना था कि यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं। श्री गांधी सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत, कृपया समझे। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं।

## अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा के लिए राज्य सरकार चार हफ्ते में अधिसूचनाएं जारी करें : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को राज्यों को निर्देश दिया कि वे अनाथ, कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत कोटे के तहत मुफ्त शिक्षा देने की अनुमति संबंधी अधिसूचनाएं चार सप्ताह के अंदर जारी करें।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अधिवक्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की ओर से दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया।

पीठ ने कहा, ल्लदिल्ली, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात ने पहले ही अनाथ बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12(1)(सी) की परिभाषा में शामिल करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बाकी राज्य भी इस संबंध में प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर पूरी कर लें। शीर्ष अदालत ने राज्यों को उन अनाथ बच्चों का सर्वेक्षण करने का भी निर्देश दिया जिन्हें स्कूलों में प्रवेश दिया गया है और जिन्हें दाखिले से मना कर दिया गया। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि संबंधित सर्वेक्षण में दाखिले से इनकार करने का कारण दर्ज किये जाएं। सर्वेक्षण के साथ ही ऐसे (अनाथ) बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाने के प्रयास किए जाने चाहिए। याचिका में मानकीकृत शिक्षा, आरक्षण और भारत में अनाथों की आबादी की गणना के लिए एक सर्वेक्षण का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने दावा करते हुए कहा कि भारत सरकार देश में अनाथ बच्चों की गणना नहीं करती है।

# पेज एक का शेष

### वैश्विक वृद्धि में भारत...

5.75 प्रतिशत पर स्थिर रखी गयी हैं। इसके साथ ही विकास अनुमान भी 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है जबकि खुदरा मुद्रास्फीति दर का अनुमान 3.7 प्रतिशत के घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया गया है। आरबीआई इस साल फरवरी, अप्रैल और जून में तीन बार में रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। जून में उसने रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत किया था। श्री मल्होत्रा ने बताया कि इस साल अब तक की गयी कटौती का लाभ बैंक धीरे-धीरे ग्राहकों को दे रहे हैं। श्री मल्होत्रा ने बताया कि उपभोक्ता मूल्य आधारित खुदरा मुद्रास्फीति में बड़ी गिरावट देखी गयी है, लेकिन ऐसा मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक कमी आने से हुआ है। कोर मुद्रास्फीति की दर अब भी चार प्रतिशत के आसपास बनी हुई है। एमपीसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान जून के 3.7 प्रतिशत से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया है। उसने बताया कि वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति एक बार फिर चार प्रतिशत से ऊपर 4.4 प्रतिशत पर जा सकती है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीप) का विकास अनुमान 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि पहली तिमाही में विकास दर 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि दक्षिण -पश्चिम मानसून इस साल अब तक अच्छा रहा है। मुद्रास्फीति की दर कम है और क्षमता दोहन ऊंचा बना हुआ है। इन सबसे घरेलू स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बल मिल रहा है। मौद्रिक, नियामक और वित्तीय नीतियों से अर्थव्यवस्था को मदद मिल रही है। सरकार के पूंजीगत व्यय बढ़ाने से माँग में भी तेजी आयेगी। उन्होंने कहा कि हालिया आँकड़ों में सेवा क्षेत्र की रफ्तार लगातार बढ़ रही है जबकि विनिर्माण क्षेत्र में थोड़ी सुस्ती है - खासकर बिजली और खनन क्षेत्र में। वहीं, आयात शुल्क की हालिया घोषणाओं के कारण विदेशों से आने वाली माँग को लेकर अनिश्चितता जारी है जो विकास अनुमान के लिए जोखिम पैदा करता है। इन सभी कारकों को देखते हुये एमपीसी ने लगातार दूसरी बार अपना रुख निरपेक्ष बनाये रखा है। इसका मतलब है कि परिस्थितियों के हिसाब से नीतिगत दरों में कटौती या वृद्धि करने का विकल्प खुला रखा गया है। एमपीसी की अगली बैठक 29 सितंबर से 01 अक्टूबर तक होगी।।

### दुनिया को विविधता...

में रहने वाले हिन्दुओं और मुसलमानों के पूर्वज एक समान हैं। मुस्लिमों को भारत में डरने की जरूरत नहीं है। हमें मुस्लिम वर्चस्व की नहीं बल्कि भारत वर्चस्व की सोच रखनी होगी। भागवत ने आगे कहा था- हिंदू यह कोई जाति या भाषा वाचक संज्ञा नहीं है। यह हर व्यक्ति के विकास, उत्थान का मार्गदर्शन करने वाली परंपरा का नाम है। फिर चाहे वह किसी भी भाषा, पंथ, धर्म के हों, वे हिंदू हैं। इसलिए समझदार मुस्लिम नेताओं को कट्टरपंथियों के विरुद्ध मजबूती से खड़ा हो जाना चाहिए। इससे पहले 27 और 28 जुलाई को भागवत केरल के दौरे पर थे। यहां शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा कार्यक्रम के पहले दिन उन्होंने कहा था कि हमें फिर से सोने की चिड़िया नहीं बनना है, बल्कि हमको शेर बनना है। दुनिया शक्ति की ही बात समझती है और शक्ति संपन्न भारत होना चाहिए।

### रक्षाबंधन से पहले ...

उत्साह के साथ मना सकें। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पेंशन की राशि समय से पहले हस्तांतरित की गई है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि कोई भी पात्र महिला इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। ऑनलाइन आवेदन कर पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकती हैं पात्र महिलाएं निदेशक ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश की निवासी महिलाएं पपध्भ-प्फ.द्दधप.द्बद्ध वेब पोर्टल के माध्यम से आसानी से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। यह डिजिटल पहल पारदर्शिता और सुगमता को बढ़ावा देती है, जिससे पात्र महिलाएं बिना किसी बाधा के योजना का लाभ उठा सकती हैं। महिला कल्याण विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि आवेदनों की जांच त्वरित और निष्पक्ष तरीके से हो, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

### यूपी को जुलाई में...

प्रमुख विभागों से कुल 72346.08 करोड़ रुपये मिले हैं। जीएसटी से 27747.04 करोड़ मिला है, जो लक्ष्य का 60.5 प्रतिशत है।

### शीर्ष अदालत ने ...

लिस्ट दी गई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया कि कौन मरा है, कौन शिफ्ट हुआ है, या किसका नाम गलत तरीके से हटा।' कोर्ट ने चुनाव आयोग को कहा कि वह 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करे, ताकि 12-13 अगस्त को इस मामले पर पूरी सुनवाई हो सके। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने मांग की है कि 65 लाख हटाए गए नामों की पूरी सूची प्रकाशित की जाए। हर नाम के साथ यह भी बताया जाए कि उसे क्यों हटाया गया, मौत, स्थायी स्थानांतरण या कोई अन्य वजह। सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने हलफनामा देकर कहा, 'हम वोटर लिस्ट को साफ करने का काम कर रहे हैं। हमारा मकसद है कि अपात्र लोग हटें और केवल सही लोग वोटर लिस्ट में रहें। इसमें मौत की वजह से करीब 22.34 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। वहीं स्थायी रूप से दूसरी जगह चले गए करीब 36.28 लाख मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से हटाए घए हैं। वहीं जिन मतदाताओं के नाम दो जगहों पर थे उनकी संख्या करीब 7.01 लाख है। इससे पहले 29 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में नाम हटाए गए तो वह तुरंत हस्तक्षेप करेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि आधार कार्ड और वोटर आईडी को गंभीरता से मान्य दस्तावेज माना जाए और इनसे नाम हटाने की बजाय जोड़ने की प्रक्रिया पर जोर दिया जाए।

### सुरक्षा में सेंध लगाने...

को शामिल किया गया है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि इन चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाए ताकि समाज में प्रेरणा का संचार हो। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में नौकरी केवल परिवार विशेष के लिए होती थी, अब युवाओं को बिना भेदभाव के अवसर मिल रहे हैं। योगी ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश को माफिया मुक्त और भय मुक्त बनाया है। पहले हर जिले में एक माफिया नियुक्त रहता था, अब यूपी की पहचान वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट से हो रही है। डबल इंजन की सरकार विरासत को विकास के साथ जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी, हाईवे, मेट्रो, एयरपोर्ट, फ्लाईओवर से प्रदेश का आधारभूत ढांचा तेजी से बदल रहा है। बरेली को पार्श्वनाथ भगवान की पावन भूमि बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी राम, कृष्ण, बुद्ध और जैन तीर्थंकरों की जन्मभूमि और तपोभूमि है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित कर आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक नेतृत्व में अग्रणी बने। मुख्यमंत्री ने रामगंगा बाढ़ सुरक्षा, संडा पाल मार्ग चौड़ीकरण, यूनानी मेडिकल कॉलेज, नगर निगम कार्यालय, ऊर्जा विभाग भवन, गैस संरक्षण परियोजनाओं सहित 9 नई योजनाओं का लोकार्पण और कई का शिलान्यास किया। साथ ही, पर्यटन विकास के लिए रामनगर किला, अकछत्र पार्श्वनाथ दिगंबर मंदिर आदि स्थलों पर केंद्र की सहायता से योजनाओं को मंजूरी दी गई है। योगी ने डबल इंजन सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति पर जोर देते हुए कहा कि हमारी सरकार बिना भेदभाव के हर नागरिक को विकास का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने बरेली मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ प्रातःकाल हुई बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि विकास योजनाओं की प्राथमिकताएं जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर तय की जा रही हैं। ये परियोजनाएं बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं के विकास को नई उड़ान देंगी। मुख्यमंत्री ने आगामी रक्षाबंधन (8, 9 और 10 अगस्त) पर प्रदेश भर की बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा की घोषणा की और कहा कि यह व्यवस्था नगर परिवहन और परिवहन निगम की बसों में एक सहयात्री के साथ लागू होगी। उन्होंने स्वच्छता को नागरिक जिम्मेदारी बताते हुए स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी से पहले विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की। इस दौरान, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, धर्मपाल सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, अरुण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, प्रो. श्याम बिहारी लाल, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह, बहोरन लाल मौर्य, हरी सिंह ढिल्लो, कुंवर महराज सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

एफपीओ डायरेक्टर्स समिट में वैमानिका एयरोस्पेस की प्रभावशाली उपस्थिति

# स्वर्णिम मध्य प्रदेश विजन 2047 के तहत हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

भोपाल । भोपाल में 5 अगस्त 2025 को आयोजित एफपीओ डायरेक्टर्स समिट में वैमानिका एयरोस्पेस ने अपने अत्याधुनिक कृषि ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन किया। यह समिट ''स्वर्णिम मध्य प्रदेश विजन 2047'' के अंतर्गत आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से 200 से अधिक एफपीओ (FPO) डायरेक्टर्स शामिल हुए। इस महत्त्वपूर्ण आयोजन में वैमानिका एयरोस्पेस को आमंत्रण भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री साईं रेड्डी जी द्वारा दिया गया था।



ड्रोन स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र समिट के दौरान विभिन्न कंपनियों द्वारा अपने-अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, लेकिन वैमानिका एयरोस्पेस का स्टॉल सबसे ज़्यादा चर्चा में रहा। कई एफपीओ प्रतिनिधियों और डायरेक्टर्स ने स्टॉल पर आकर ड्रोन की कार्यप्रणाली, उसकी उपयोगिता, लागत में कमी, और खेती में संभावित लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्रतिनिधियों ने बताया कि तकनीक तो कई कंपनियों के पास थी, लेकिन किसानों के हितों को केंद्र में रखकर कार्य करने वाली सोच केवल वैमानिका में दिखी। यही कारण रहा कि पूरे समिट में वैमानिका के स्टॉल पर सबसे ज़्यादा संवाद और सहभागिता रही। मुख्यमंत्री मोहन यादव तक पहुंचा संदेश- कार्यक्रम के दौरान वैमानिका की टीम द्वारा अपनी बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी तक भी पहुंचाई गई। साईं रेड्डी ने स्वयं उन्हें वैमानिका के कार्यों, उद्देश्यों और किसानों के लिए इसके महत्व की जानकारी दी। मुख्यमंत्री जी ने इस पहल की सराहना करते हुए कृषि के क्षेत्र में तकनीक के योगदान को प्रोत्साहित करने की बात कही। इस अवसर पर वैमानिका की ओर से उन्हें एक स्मृति-चिन्ह भी भेंट किया गया, जिसे उन्होंने ससम्मान स्वीकार किया।

**एफपीओ डायरेक्टर्स से सकारात्मक संवाद**

वैमानिका की टीम को 200 से अधिक एफपीओ डायरेक्टर्स से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। कई एफपीओ प्रतिनिधियों ने भविष्य में वैमानिका से सहयोग करने की इच्छा जताई और अपने-अपने क्षेत्रों में ड्रोन आधारित कृषि समाधान अपनाने की बात कही। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि किसान अब तकनीक के साथ कदम मिलाने को तैयार हैं, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और सही साझेदार की आवश्यकता है।

**वैमानिका की प्रतिबद्धता ऽ हर खेत तक ड्रोन**

वैमानिका एयरोस्पेस का लक्ष्य है ऽ हर किसान के खेत तक ड्रोन तकनीक पहुंचाना, जिससे खेती हो ज्यादा स्मार्ट, सुरक्षित और मुनाफ़े वाली। Made-in-India तकनीक पर आधारित वैमानिका के कृषि ड्रोन आज देश के कई राज्यों में किसानों की मदद कर रहे हैं और यह यात्रा अब मध्य प्रदेश में भी तेज़ी से आगे बढ़ रही है।

# पश्चिम बंगाल में बारिश जारी रहने की संभावना: मौसम विभाग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पश्चिम बंगाल ।पश्चिम बंगाल में सक्रिय मानसूनी ट्रफ और उत्तर बांग्लादेश के ऊपर स्थित उच्च स्तर के चक्रवाती परिसंचरण के कारण पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में भारी बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार जैसे उप-हिमालयी जिलों में 12 अगस्त तक भारी बारिश हो सकती है। दक्षिणी पश्चिम बंगाल में उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा नदिया समेत कई जिलों में भी आठ अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।



मौसम विभाग ने बताया कि जलपाईगुड़ी जिले के गैरकाटा टी एस्टेट में पिछले 24 घंटों में सुबह साढ़े आठ बजे तक राज्य में सर्वाधिक 120 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अन्य स्थानों में भी अच्छी बारिश हुई जिनमें बक्साद्वार और डालगांव टी एस्टेट (80 मिमी), पश्चिम मेदिनीपुर जिले का मोहनपुर (70 मिमी) और दक्षिण 24 परगना जिले का डायमंड हार्बर (60 मिमी) शामिल हैं। कोलकाता में इस अवधि में 28 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# मेरठः हत्या-लूट का खुलासा मुठभेड़ में दो आरोपी घायल नकद और जेवरात बरामद



मेरठ । उत्तर प्रदेश के मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र में हुए लूट व हत्या के मामले में पुलिस ने मात्र 14 घंटे के भीतर ही बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन, 7.50 लाख रूपये नकद, सोने के जेवर, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और कत्ल में इस्तेमाल चाकू समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राकेश कुमार मिश्रा के अनुसार, मंगलवार रात को मुजफ्फरनगर निवासी महेश कुमार बंसल ने सरधना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके भांजे अंशुल उर्फ शुभम सिंघल (27) की अज्ञात बदमाशों ने लूट के बाद हत्या कर दी थी।

मृतक का शव बच्चन सिंह कॉलोनी क्षेत्र में मिला था। पुलिस ने बताया कि उसी धर पकड़ के लिये पुलिस टीमें गठित की गईं और बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गंगनहर पटरी के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों – सावन कुमार और सनोज उर्फ काला – को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन दोनों ने पुलिस से पिस्तौल छीनकर गालीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए और उन्हें उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चाकू, एक लाल रंग का बैग, तीन सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन, वनप्लस मोबाइल, पैन कार्ड समेत लूट का सारा सामान बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

# सीएम धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा, देखकर भावुक हुए पीड़ित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उत्तरकाशी । अलका त्यागी उत्तरकाशी के धराली में आपदा के बाद आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौसम की चुनौतियों के बीच ग्राउंड जीरो पर पहुंचे और प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया है। इसके साथ ही राहत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मौके पर तैनात राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे कर्मियों से भी मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री और सहायता समयबद्ध तरीके से सभी प्रभावितों तक पहुंचे।



राहत कार्यों को गति देने के उद्देश्य से दो हेलिकॉप्टरों के माध्यम से आवश्यक खाद्य सामग्री और राहत सामग्री धराली क्षेत्र में पहुंचाई गई है। इसके अतिरिक्त, भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से भारी मशीनरी भी पहुंचाई जा रही है, जिससे मार्गों की मरम्मत, मलबा हटाने और अन्य आवश्यक कार्यों को शीघ्रता से अंजाम दिया जा सके। राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति तक राहत पहुंचाना और सामान्य स्थिति बहाल करना है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी के प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया था। सीएम धामी ने कहा, भारतीय सेना, आईटीबीपी, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और स्थानीय लोगों सहित हमारी सभी एजेंसियां बचाव कार्य कर रही हैं। कल 130 लोगों को बचाया गया।

हत्या-लूट का खुलासा, मुठभेड़ में दो आरोपी घायल, नकद और जेवरात बरामद

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र में हुए लूट व हत्या के मामले में पुलिस ने मात्र 14 घंटे के भीतर ही बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन, 7.50 लाख रूपये नकद, सोने के जेवर, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और कत्ल में इस्तेमाल चाकू समेत अन्य सामान बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राकेश कुमार मिश्रा के अनुसार, मंगलवार रात को मुजफ्फरनगर निवासी महेश कुमार बंसल ने सरधना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके भांजे अंशुल उर्फ शुभम सिंघल (27) की अज्ञात बदमाशों ने लूट के बाद हत्या कर दी थी। मृतक का शव बच्चन सिंह कॉलोनी क्षेत्र में मिला था। पुलिस ने बताया कि उसी धर पकड़ के लिये पुलिस टीमें गठित की गईं और बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गंगनहर पटरी के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों –

# दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशियों को पकड़ा गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

दिल्ली । पुलिस ने जुलाई में यहां द्वारका उपनगर में आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशी नागरिकों को पकड़कर स्वदेश वापसी के लिए भेज दिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिन विदेशियों को पकड़ा गया है उनमें बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा, नाइजीरिया के आठ, आइवरी कोस्ट के तीन, लाइबेरिया के दो और सेनेगल का एक नागरिक है। वे बिना वैध वीज़ा के अवैध रूप से देश में रह रहे थे और उन्हें द्वारका के विभिन्न स्थानों से हिरासत में लिया गया। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा, ''उन्हें बिना वैध वीजा के भारत में रहते हुए पाया गया। उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनके निर्वासन का आदेश दिया। तदनुसार, उन्हें निरुद्ध केंद्र भेज दिया गया।



# मुंबई में 1.8 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, पान विक्रेता गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुंबई। मुंबई के विक्रोली इलाके में पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री के आरोप में एक पान विक्रेता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से करीब 1.84 लाख रुपये के मादक पदार्थ बरामद किये हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकरी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी मनवर जमीरुल्ला अंसारी (48) टैगोर नगर में पान की दुकान चलाता है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने उसकी दुकान के पास जाल बिछाया और पान विक्रेता को रंगेहाथ मादक पदार्थ बेचते हुए पकड़ा।



एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उसके पास से 92 ग्राम एमडी जब्त की जिसकी कीमत 1.84 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।


# 1 अक्टूबर से फिर से शुरू होगी उड़ान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। एयर इंडिया 1 अक्टूबर से अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, जो अस्थायी निलंबन के बाद सामान्य स्थिति की ओर एक बड़ा कदम है। टाटा के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन ने 12 जून को अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बाद अपनी विदेशी सेवाएँ रोक दी थीं, जिसके बाद इसके परिचालन की गहन आंतरिक समीक्षा की गई। हाल के हफ्तों में आई चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने यात्रियों को आश्वस्त किया कि एयरलाइन अपनी आंतरिक प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिए पूरी लगन से काम कर रही है। उन्होंने व्यवधानों को कम करने और भविष्य में एक सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइन की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया।



विल्सन ने कहा कि हमने 1 अगस्त, 2025 से अंतरराष्ट्रीय परिचालनों की चरणबद्ध बहाली शुरू कर दी है, और 1 अक्टूबर, 2025 तक पूर्ण रूप से पुनः आरंभ करने का लक्ष्य रखा है। यह संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि हम प्रत्येक सत्यापन को पूरी तरह से पूरा करें और पूरे विश्वास के साथ सेवा पुनः आरंभ करें। एयर इंडिया के सीईओ ने कहा कि मैं मानता हूँ कि पिछले कुछ हफ़्तों में कुछ परिचालन संबंधी चुनौतियाँ आई हैं, जिनका आपके यात्रा अनुभव पर असर पड़ा होगा। निश्चिंत रहें, हम इसे गंभीरता से लेते हैं और ऐसी परिस्थितियों में आपको होने वाली असुविधा को कम करने के लिए अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एयर इंडिया को हाल के हफ़्तों में अपने विमानों में तकनीकी खराबी के कारण कई उड़ानें रद्द और विलंबित करनी पड़ी हैं। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को प्रस्थान से ठीक पहले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद दिल्ली से मिलान जाने वाली एक निर्धारित उड़ान के रद्द होने का है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, ''5 अगस्त को दिल्ली से मिलान जाने वाली उड़ान इक्र137, प्रस्थान से पहले पहचाने गए एक रखरखाव कार्य के कारण रद्द कर दी गई है, जिसके सुधार के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता थी। दिल्ली में हमारे ग्राउंड स्टाफ इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063